राष्ट्रीय दैनिक अख़बार
दैनिक शुभ भास्कर
भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे
संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

दैनिक
शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित
• वर्ष : 1 • अंक : 172 • नई दिल्ली, शुक्रवार 29 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737

3 सरकारी जमीन पर अतिक्रमण पर प्रशासन द्वारा जेसीबी...

एनआईए का खुलासा, खालिस्तान समर्थक भावनाओं का फायदा उठा रहा पाक

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने खुलासा किया है कि खालिस्तान समर्थक भावनाओं का फायदा पाकिस्तान उठा रहा है। एनआईए ने दिल्ली की एक अदालत में दाखिल आरोपपत्र में इसका उल्लेख किया है। जानकारी के अनुसार पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरविंदर सिंह, लखबीर सिंह, अर्शदीप सहित अन्य पर दिल्ली, पंजाब और देश के अन्य हिस्सों में आतंकवादी हमलों और लक्षित हत्याओं की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने के लिए अपने आपराधिक नेटवर्क का उपयोग करने देती है। आरोपपत्र में कहा गया है कि गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा जो कि पाकिस्तान में हैं, वहीं लखबीर सिंह उर्फ लांडा तथा अर्शदीप उर्फ अर्श दल्ला जो कि कनाडा में है, वगैरह ने अपने आपराधिक नेटवर्क को आगे बढ़ाया है। बताया जा रहा है कि न केवल पंजाब में, बल्कि पड़ोसी राज्यों के बेरोजगार युवाओं को सनसनीखेज और भयावह वारदात को अंजाम देने के लिए या तो बड़ी रकम की पेशकश की जाती है या अंतिम उपयोगकर्ताओं (जल्लादों) को विदेश में बसाने का वादा किया जाता है। एनआईए द्वारा आरोप लगाया गया है कि प्रोफाइल हत्याएं 20वीं सदी के आखिरी दशकों में तत्कालीन बॉम्बे अंडरवर्ल्ड आतंकी हमलों की तरह की गईं। एजेंसी ने अपनी जांच में पाया है कि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई विदेश में रहने वाले अपने सहयोगियों के साथ न केवल जबरन वसूली गतिविधियों में लिप्त हैं, बल्कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) जैसे खालिस्तान समर्थक आतंकवादी संगठनों के इशारे पर प्रमुख सामाजिक-धार्मिक और राजनीतिक व्यक्तियों को निशाना बनाने की साजिश भी रच रहे हैं। एनआईए ने कहा कि उगाही गई धनराशि का एक हिस्सा आतंकी फंडिंग और भारत विरोधी कृत्यों को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य आतंकी कृत्यों को प्रचारित करने के लिए साइबरस्पेस और सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं। बताया ज रहा है कि वे बड़े पैमाने पर लोगों के बीच गहरा और व्यापक आतंक पैदा करने की जिम्मेदारी लेते हैं।

निज्जर की मौत से बौखलाए खालिस्तानी बना सकते हैं वर्ल्ड कप को निशाना

नई दिल्ली। आतंकी निज्जर की मौत से खालिस्तानी समर्थक बौखला गए हैं। बताया जा रहा है कि एसएफजे या सिख्स फॉर जस्टिस का सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू अब वर्ल्ड कप को निशाना बनाने की सोच रहा है। उसने हाल ही में एक वीडियो जारी किया गया है, जिसमें दिल्ली में कई दीवारों को नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। फिलहाल, पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और जांच भी शुरू कर दी है। एसएफजे ने भारत में शुरू हो रहे क्रिकेट वर्ल्ड कप को भी निशाना बनाने की बात कही है। खास बात है कि पन्नू का वीडियो ऐसे समय पर सामने आया है, जब भारत और कनाडा के बीच तनाव जारी है। एक रिपोर्ट

के मुताबिक, वीडियो में पन्नू कुछ दीवारों और सबवे की बात कर रहा है। खालिस्तानी पन्नू का कहना है कि कई दीवारों पर भारत और विरोधी और खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए हैं। इसी तरह एक वीडियो में पन्नू दावा कर रहा है कि दिल्ली के आईएसबीटी इलाके की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे हुए हैं। उत्तर दिल्ली के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि पन्नू ने पूर्वोत्तर दिल्ली से उत्तर दिल्ली को जोड़ने वाले फ्लायओवर को भी निशाना बनाया है। यहां कई भारत विरोधी नारे लिखे गए हैं। खबर है कि पन्नू का वीडियो सामने आते ही दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई थी और पार्लियामेंट हाउस के आसपास के इलाकों की तलाशी भी ली गई। हालांकि, तलाशी अभियान के दौरान कुछ भी नहीं मिला। रिपोर्ट के अनुसार, पन्नू को यह कहते हुए सुना जा सकता, दिल्ली बनेगा खालिस्तान। उसने यह भी दावा किया है कि कई खालिस्तान समर्थक कनाडा से दिल्ली पहुंचे थे और संसद को निशाना बनाने की योजना थी।

ख़ास ख़बर

पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे : लालू यादव

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने कहा है कि भाजपाई पिछड़ों का आरक्षण हजम कर रहे हैं। उन्होंने देश के 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के प्रोफेसर की संख्या महज चार प्रतिशत रहने से संबंधित रिपोर्ट को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोला। लालू प्रसाद यादव ने कहा कि पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे हैं। यादव ने गुरुवार को सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर इस संबंध में प्रकाशित रिपोर्ट की प्रति के साथ टिप्पणी की, भाजपा की गरीब, वंचित, उपेक्षित और बहुजन विरोधी विचारधारा एवं धर्म के आवरण तले तथा मोदी सरकार की एक सोची समझी रणनीति और षड्यंत्र के तहत केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में सुनियोजित ढंग से अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों को समाप्त किया जा रहा है। राजद अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में सिर्फ़ चार प्रतिशत ओबीसी प्रोफेसर हैं जबकि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे हैं।

अनियंत्रित होकर ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे लोगों को रौंदा, तीन की मौत- एक की हालत गंभीर

नवादा। नवादा में सुबह-सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने चार लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक का सदर अस्पताल बिहार में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार यह हादसा वीरवार सुबह तड़के यानी चार बजे वादा- हिसुआ पथ पर शोभिया मंदिर के समीप केवट नगर के पास हुआ है। यहां हिसुआ की तरफ से आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे सो रहे मजदूरों को रौंदते हुए निकल गया। इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ही हालत अभी गंभीर बताई जा रही है। इस हादसे में में एक पिकअप वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। सभी मजदूर नवादा सब्जी मंडी में सामान उतारने का काम करते थे। हादसे के बाद ट्रक चालक और परिचालक घटना मौके से फरार हो गए हैं।

पूर्व सांसद धनंजय सिंह से फिर होगी जिरह

वाराणसी। बहुचर्चित नदेसर गोली कांड में वादी मुकदमा पूर्व सांसद धनंजय सिंह से फिर जिरह की कार्यवाही होगी। यह आदेश विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) अवनीश गौतम की अदालत ने इस मामले में आरोपित संदीप सिंह उर्फ पप्पू की ओर से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 311 के तहत दिए गए आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया। नदेसर गोली कांड मामले में आरोपित संदीप सिंह उर्फ पप्पू ने अपने अधिवक्ता अनुज यादव व बृजपाल सिंह यादव के जरिए अदालत में दिए गए प्रार्थना पत्र में

कहा था कि उक्त घटना में उसे आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित कर दिया था। जिसका विचारण न्यायालय में चल रहा है और मुकदमे में साक्ष्य की कार्यवाही होनी है। जबकि इस मामले में अभियोजन की कमियों को छिपाने व मुकदमे को तरतीब देने के लिए उसकी ओर से अदालत में धारा 311 के तहत प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिस पर अभियोजन पक्ष की ओर मनगढ़ंत आधार पर आपत्ति की गई। जबकि जिस समय की घटना दिखाया गया है, उस समय वह उसके ऊपर हुए जानलेवा हमले के चलते अस्पताल में भर्ती था और उसका उपचार चल रहा था और उस समय विवेचक ने उसका बयान अस्पताल में जाकर लिया था। साथ ही यह भी कहा गया है इस मामले में धनंजय सिंह से जिरह किया जाना आवश्यक है। ऐसे में उसके प्रार्थना पत्र पर इस मामले के वादी और अहम गवाह धनंजय सिंह को कोर्ट में तलब कर उनसे जिरह करने की अनुमति प्रदान की जाय। अदालत ने संदीप सिंह के धारा 311 के तहत दिए गए प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए उसे मंजूर कर लिया और इस मामले में 6 अक्टूबर को पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जिरह की कार्यवाही के लिए कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

संघ पदाधिकारियों से शाह की मीटिंग कैंसिल

एजेंसी। नई दिल्ली

गृह मंत्री और भाजपा अध्यक्ष नड्डा दिल्ली रवाना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा के बाद बीजेपी ने विधानसभा चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने जयपुर के एक होटल में बुधवार देर रात तक प्रदेश के प्रमुख नेताओं के साथ बैठकें कीं। बताया जा रहा है कि नड्डा व शाह ने परिवर्तन यात्राओं में कई जगह भीड़ नहीं जुटने, नेताओं की गुटबाजी के चलते कई जगह स्थानीय नेताओं के विरोध जैसी घटनाओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने प्रदेश स्तर के नेताओं के बीच चल रही आपसी प्रतिस्पर्धा जैसे मुद्दों पर नड्डा और शाह ने नेताओं को नसीहत दी है। इसी बीच अचानक आज दोनों नेताओं की संघ पदाधिकारियों के साथ होने वाली मीटिंग व दूसरे कार्यक्रम कैंसिल हो गए हैं। दोनों नेता दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।

विधानसभा चुनाव लड़ने के सवाल को टाल गए शेखावत – देर रात हुई मीटिंग में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता

प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, गजेन्द्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, चुनाव प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश सह चुनाव प्रभारी विजया राहटकर, कुलदीप बिश्नोई, उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया और सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ मौजूद रहे। मीटिंग से निकले केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सांसदों को चुनाव लड़ाने के सवाल पर कहा कि यह पार्टी नेतृत्व को तय करना है, बैठक में इस पर चर्चा नहीं हुई है। वहीं, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई है। सांसदों को चुनाव लड़ाने का फॉर्मूला राजस्थान में लागू होता है या नहीं, केंद्रीय चुनाव समिति तय करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के किसी भी वरिष्ठ नेता को इग्नोर नहीं किया जा रहा है, सभी मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। बीजेपी के चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी ने कहा- हमने बहुत विषय पर चर्चा की है। प्रत्याशियों के चयन के आधार पर चर्चा की गई है। चुनाव की घोषणा होने तक के कार्यक्रम तय किए गए हैं। सांसदों को चुनाव लड़ाने पर आगे विचार किया जाएगा।

अचानक मीटिंग कैंसिल – गुरुवार को शेड्यूल अमित शाह और जेपी नड्डा की संघ पदाधिकारियों के साथ मीटिंग कैंसिल हो गई। दरअसल, चर्चा है कि संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रकाशचंद को आगामी चुनावों के लिए बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। इसी को लेकर दोनों नेताओं के स्थानीय संघ के पदाधिकारियों से बात करने की संभावना थी, लेकिन प्रोग्राम कैंसिल हो गया है।

नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, जवान शहीद, तीन जवान एयरलिफ्ट

रांची । झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के एक जवान के शहीद होने और कई अन्य के घायल होने की सूचना आ रही है। इनमें से गंभीर रूप से जख्मी तीन जवानों को एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए रांची लाया जा रहा है। घटना पश्चिमी सिंहभूम जिले के अति नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र के सरजमबुरू और तुंबाहाका गांव के पास के पहाड़ी के पास हुई है। पिछले 50 दिनों के भीतर इस जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए बारूदी सुरंग विस्फोट में तीन जवानों सहित चार लोगों की मौत हुई है। बताया गया कि सीआरपीएफ कोबरा के 209 नंबर बटालियन के जवान नक्सलियों के खिलाफ कॉम्बिंग ऑपरेशन पर निकले थे। इसी दौरान पहाड़ी के पास आईईडी का जोरदार ब्लास्ट हो गया। करीब आधा दर्जन जवान हवा में फुटबॉल की तरह उड़ गए। एक जवान के दोनों पांव उड़ गए हैं। घायलों में इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार और कांस्टेबल राजेश कुमार भी शामिल हैं। एक की मौत की सूचना आ रही है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार पहुंचेंगे भोपाल, बनाएंगे चुनावी रणनीति

एजेंसी। भोपाल

पार्टी की अहम बैठकों में भाग लेने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को मप्र की राजधानी भोपाल पहुंच रहे हैं। वे यहां उम्मीदवारों से फीडबैक लेंगे और मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए राज्य के नेताओं के साथ रणनीति पर चर्चा करेंगे। पार्टी के करीबी सूत्रों ने इस की जानकारी देते हुए बताया कि अमित शाह 1 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे भोपाल पहुंचने वाले हैं और लगभग तीन घंटे तक रुकेंगे। शाह पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे। गौरतलब है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले शाह का दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि बीजेपी अब तक मध्य प्रदेश में उम्मीदवारों की तीन सूचियां जारी कर चुकी है, पहली और दूसरी सूची में 39 नाम और तीसरी सूची में केवल एक नाम की घोषणा की गई है। इन तीन सूचियों में कुल 230 विधानसभा सीटों में से 79 उम्मीदवारों की घोषणा की

गई है, जबकि राज्य की शेष 151 सीटों के लिए नामों का खुलासा होना बाकी है। भाजपा ने मंगलवार को राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एक भी उम्मीदवार वाली अपनी तीसरी सूची जारी की। पार्टी ने छिंदवाड़ा जिले में अनुसूचित जनजाति (एसटी) आरक्षित अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए सूची की भी घोषणा की। इससे पहले सोमवार शाम को, भाजपा ने मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए 39 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी की, जिसमें पार्टी के चार सांसद और तीन केंद्रीय मंत्री शामिल हैं।

दिल्ली में एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट पहुंचे राहुल गांधी

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट में कांग्रेस नेता और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गाँधी पहुंचे। राहुल ने कारीगरों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके हुनर को जानने और समझने की कोशिश की। कारीगरों से मिलकर राहुल ने उनसे काफी बातें हुई, थोड़ा उनके हुनर को जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की। राहुल गाँधी ने कहा ये मेहनती होने के साथ ही कमाल के कलाकार भी हैं।बता दें कि इसके पहले राहुल गांधी ने एक रेलवे स्टेशन का दौरा कर और कुलियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं पर बात कर एक बार फिर लोगों को चौंका दिया। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता ने पिछले कुछ महीनों में आम लोगों के बीच जाकर लोगों को चौंका दिया है। राहुल गांधी ने भोजन करने के लिए बंगाली मार्केट, जामा मस्जिद इलाके का दौरा किया था और फिर यूपीएससी

उम्मीदवारों के साथ बातचीत करने के लिए मुखर्जी नगर इलाके का दौरा किया था। वह छात्रों के साथ दोपहर का भोजन करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजी पुरुष छात्रावास में भी गए थे और फिर ट्रक चालकों से उनके दर्द को समझने के लिए हरियाणा के मुरथल से अंबाला तक ट्रक में यात्रा की थी। इसके पहले राहुल गांधी ने धान की रोपाई के मौसम के दौरान कृषि भूमि का भी दौरा किया था और हरियाणा के सोनीपत में किसानों से बातचीत की थी, दिल्ली के करोल बाग इलाके में बाइक मैकेनिक की दुकानों का दौरा किया था, सब्जियों की आसमान छूती कीमतों के बीच आजादपुर मंडी का दौरा किया था।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पाकिस्तानी, मामला दर्ज

अमेठी। अमेठी में संजय गांधी अस्पताल के समर्थन में सत्याग्रह आंदोलन पर बैठे कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह द्वारा केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी को पाकिस्तानी कहने के मामले गौरीगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। जिले के बीजेपी महामंत्री केशव सिंह की रिपोर्ट पर मानहानि का केस दर्ज हुआ है। दरअसल, कांग्रेस के पूर्व एमएलसी सिंह पिछले तीन दिनों से संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस को बहाल करने और जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की मांग को लेकर संत्याग्रह आंदोलन करते हुए सीएमओ आफिस में धरने पर बैठे हुए थे। इस दौरान पूर्व एमएलसी सिंह ने अमेठी सांसद स्मृति ईरानी को कथित तौर पर पाकिस्तानी कहा था, इस लेकर बीजेपी महामंत्री सिंह ने उनके खिलाफ गौरीगंज थाने में मामला दर्ज करा दिया है। पूर्व एमएलसी के इस बयान पर बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश है।

सेना प्रमुख ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जटिलताओं, चुनौतियों को रेखांकित किया

एजेंसी। नई दिल्ली

थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल मनोज पांडे ने इंडो-पैसिफिक कार्यक्रम के दौरान कहा कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र न केवल संस्कृतियों, इतिहास, संसाधनों और अवसरों का केंद्र है, बल्कि जटिलताओं और चुनौतियों का भी केंद्र है। सेना प्रमुख सम्मेलन (आईपीएसीसी) का समापन हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम – आईपीएसीसी, इंडो-पैसिफिक आर्मीज़ मैनेजमेंट सेमिनार (आईपीएएमएस), सीनियर एनलिस्टेड लीडर्स फोरम (एसईएलएफ) – का आयोजन भारतीय सेना द्वारा सह-मेजबान के रूप में अमेरिकी सेना के साथ किया गया था। इस कार्यक्रम में 30 देशों की भागीदारी देखी गई। अमेरिकी सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज ने भूमि शक्ति की भूमिका पर प्रकाश

डाला और कहा कि यह न केवल क्षेत्र की साझा सुरक्षा में योगदान देता है बल्कि संकटों से निपटने में भी भूमि शक्ति निर्णायक शक्ति है। कम से कम 18 देशों का प्रतिनिधित्व उनकी सेनाओं के प्रमुखों द्वारा किया गया और 12 देशों का प्रतिनिधित्व प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों द्वारा किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उद्घाटन भाषण दिया जबकि समापन भाषण रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने दिया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस आयोजन ने प्रतिनिधियों को सुरक्षा और आपसी हित के अन्य समसामयिक मुद्दों पर विचारों और विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान किया, जिसमें मुख्य प्रयास भारत-प्रशांत क्षेत्र में 'शांति और स्थिरता' को बढ़ावा देना था। 13वें आईपीएसीसी के भाग के रूप में "शांति के लिए एक साथः भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखना" विषय पर एक प्रमुख गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया था। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, सभी प्रमुखों ने इस विषय को दोहराया और क्षेत्र के सभी देशों की भावनाओं को प्रतिबिंबित किया। सीओएएस ने भाग लेने वाले देशों की सेनाओं के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। 47वें आईपीएएमएस के पूर्ण सत्र में तीन विषयों पर सत्र आयोजित किये गये।

रमेश बिधूड़ी को मिली चुनाव की जिम्मेदारी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी सांसद रमेश बिधूड़ी का विवादित बयान सामने आने के बावजूद विधानसभा चुनाव तैयारी की जिम्मेदारी देने पर विपक्षी दलों के नेताओं ने सत्ताधारी पार्टी पर हमला बोल दिया है। विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कर विवादों में घिरे सांसद रमेश बिधूड़ी को राजस्थान के टोंक जिले में चुनाव संबंधी जिम्मेदारी सौंपने को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर बुधवार को निशाना साधा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने पोस्ट एक्स में लिखा कि, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' बीजेपी का बकवास है।' वहीं तृणमूल कांग्रेस की सासंद महुआ मोइत्रा ने भी बीजेपी को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम सांसद के खिलाफ टिप्पणियां करने के लिए सांसद रमेश बिधूड़ी को पुरस्कृत किया गया है।

धोखाधड़ी एक-एक लाख रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देनें पर रिहा करने का आदेश

फोटो बदलकर दूसरे की जगह पर परीक्षा देने के मामले में आरोपित को मिलीं जमानत

वाराणसी। धोखाधड़ी कर दूसरे की जगह पर बैठकर परीक्षा देनें के मामले में आरोपित कोर्ट से राहत मिल गयी। सत्र न्यायाधीश डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने वैशाली बिहार निवासी आरोपित शिवम कुमार को एक-एक लाख रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देनें पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आशिष सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव व संतोष पाल ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार, वादी सुधीर कुमार ने सारनाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि 4 सितम्बर 2021 को सारनाथ इस्टीटूट आफ टेक्नोलाजी, तिलमापुर, आशापुर पर SSC MTS परीक्षा आयोजित है यह परीक्षा (SSC MTS) 1 सितंबर 2023 से 14 सितंबर 2023 तक तीन पालियों में आयोजित है। जहां पर वादी TCS कम्पनी के द्वारा VCO (वेन्यू कमान्डिंग ऑफिसर) के पद पर कार्यरत है। परीक्षा सुबह 7: 45 AM – शाम 5:30 बजे तक तीन पालियों में होती है। जब वादी द्वारा तृतीय पाली के परीक्षार्थियों के प्रवेश के दौरान परीक्षा केन्द्र के गेट पर पहिचान पत्र प्रवेश पत्र की

जांच की जा रही थी कि उसी समय (समय लगभग 300 PM-3 : 30 PM के बीच में मोहम्मद पुर, वैशाली, बिहार निवासी मूल अभ्यर्थी राजा कुमार रोल नं० - 3013019981 का आधार कार्ड व प्रवेश पत्र व फोटो लेकर एक अभ्यर्थी आया। जब उसका आधार व प्रवेश पत्र की जांच की गई तो आधार कार्ड के फोटो को देखकर उस पर संदेह हुआ जिसके पश्चात उसकी मिलान रजिस्ट्रेशन डेस्क पर आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गए डाटा (फोटो, नाम रोल नं० DOB हस्ताक्षर) से मिलान किया गया तो यह पाया कि मूल अन्यर्थी को फोटो से उपस्थित (फेक) अभ्यर्थी का चेहरा (फोटो) से नहीं मिल रहा फिर उससे पूछताछ की गयी तो उसने स्वीकार किया कि वह आधार कार्ड पर बदलकर अपना फोटो लगाकर मूल अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया था। अपना नाम (फेक अभ्यर्थी) राजीव कुमार पता मोहम्मदपुर शाली बिहार बताया। फेक अभ्यर्थी का वास्तविक नाम शिवम कुमार पता ग्राम जमालपुर पोस्ट शुभई, थाना हाजीपुर जिला वैशाली बिहार है। जिसके पश्चात फेंक अभ्यर्थी से घोषणा पत्र लिखवाया गया व दोनों हाथों के दसो अंगुलियों के निशान लिया व अपने उच्च अधिकारियों को सूचित किया व अपने साथ थाने लेकर आया

ख़ास ख़बर

जयनगर में हजरत मुहम्मद पैगंबर साहब के जन्मोत्सव ईद-मिलाद-उन-नबी पर निकाली गई जुलूस-ए- मोहम्मदी

जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। जयनगर में हजरत मोहम्मद पैगम्बर साहब के जन्मोत्सव की धूम रही।शहर से लेकर गांव तक मुस्लिम धर्मावलंबियों ने जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाल कर खुशी का इजहार किया।जुलूस में शामिल बच्चे, बुढ़े जवान सभी उत्साहित नजर आएं।धार्मिक झंडे के साथ जुलूस निकाला गया, जो शहर के विभिन्न क्षेत्र में भ्रमण किया। यह जुलूस जयनगर प्रखंड के विभिन्न जगहों जैसे ब्लडीहा,इस्लामपुर, भेलवाटोल,शाहिद चौक,यूनियन टोल,जयनगर बस्ती,बेला,देवधा आदि इलाकों से निकाला गया।शहर के मार्गो से भ्रमण कर वापस अपने इलाके लौट कर समाप्त हुआ।इस मौके पर बेलही पश्चिमी पंचायत के सरपंच मोहम्मद जहाँगीर हाशमी ने कहा कि इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मोहम्मद साहब आज ही के दिन मक्का में पैदा हुए थे उन्होंने पूरी दुनिया में अमन व शांति का पैगाम दिया। हम सभी को अपने जीवन में पैगम्बर साहब के आदर्शों को अपनाना चाहिए। सामाजिक कुरीतियों, गैर बराबरी और नफरत से इंसानी समाज को छुटकारा दिलाने का हजरत मोहम्मद साहब का पैगाम हमारे लिए आज और भी ज्यादा प्रासंगिक हो गया है।इस्लाम कहता है कि इंसान अल्लाह की सबसे बेहतरीन मखलूक है। मतलब इंसान सर्वोपरि प्राणी है, इसलिए सभी का सम्मान करना हमारा धर्म है।इस दौरान जुलूस का विभिन्न जगहों पर स्वागत करते हुए लोगों के बीच शिरीनी का वितरण किया गया।विधि-व्यवस्था को लेकर वाटर वेज चौक, भेलवा चौक समेत विभिन्न चौक चौराहे में सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे.पुलिस बल की तैनाती की गई थी।इस मौके पर हाजी मोहम्मद अलाउद्दीन, मोहम्मद मोहम्मद अताउल रहमान, जिलानी अजाद,मोहम्मद मोजाहिद,मोहम्मद जाकिर,मोहम्मद मुन्ना, मोहम्मद सिकन्दरा मोहम्मद मुमताज, सहित कई लोग मौजूद थें।

जयनगर में धूमधाम से मनाया गया अनंत चतुदर्शी पर्व

जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। जयनगर में श्रद्धा भक्तिभाव के साथ गुरुवार को अनंत चतुर्दशी का व्रत मनाया गया। भाद्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। अनंत भगवान की पूजा के बाद चौदह गांठ वाले सूत्र को अनंत भगवान का स्वरूप मान कर पुरुष श्रद्धालुओं ने दाएं व महिलाओं श्रध्दालुओं ने बाएं बाजू पर धारण किया।ऐसी मान्यता है कि अनंत के चौदह गांठों में प्रत्येक गांठ एक-एक लोक का प्रतीक है। जिसकी रचना भगवान विष्णु ने की है। श्रध्दालुओं ने अपने अपने घरों और मंदिरों में अंत ना होने वाले श्रृष्टि कर्ता विष्णु के स्वरूप भगवान अनंत की विधि विधान साथ पूजा-अर्चना किया।वाटर वेज चौक ,महावीर चौक,शहिद चौक,बलुआटोल,बेला,परवा,सेलरा सहित अन्य मंदिर में मौजूद भक्तों ने अनंत चतुर्दशी व सत्यनारायण भगवान की कथा सूनी।दूध दही के क्षीरसागर में कुश से बने अनंत भगवान का मंथन किया।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पांडव कौरवों से जुए में अपना राजपाट हारकर जब जंगल में भटक रहे थे और कई प्रकार के कष्टों को झेल रहे थे। तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें अनंत भगवान का व्रत और पूजा करने की सलाह दी थी। पांडवों को अनंत पूजा के बाद कष्टों से छुटकारा मिल गया। जिसके बाद से भाद्र महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। यह भगवान विष्णु का दिन माना जाता है। अनंत भगवान ने सृष्टि के आरंभ में चौदह लोकों तल, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, पाताल, भू, भुवः, स्वः, जन, तप, सत्य, मह की रचना की थी। इन लोकों का पालन और रक्षा करने के लिए वह स्वयं भी चौदह रूपों में प्रकट हुए थे, जिससे वे अनंत प्रतीत होने लगे। इसलिए अनंत चतुर्दशी का व्रत भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और अनंत फल देने वाला माना गया है।

नित्यानंद झा को बनाया गया जयनगर प्रखंड के कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष

जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)। जयनगर के दुल्लीपट्टी पंचायत के निवासी नित्यानंद झा को कांग्रेस के मधुबनी जिला के अध्यक्ष मनोज मिश्र के द्वारा कांग्रेस कमिटी जयनगर को सुचारू रूप से चलाने के लिए कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नित्यानंद झा को कांग्रेस जयनगर के कार्यकारी अध्यक्ष के बनने पर कई लोगों द्वारा बधाई दी गई है।बधाई देने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. शकील अहमद,पूर्व मंत्री कृपा नाथ पाठक, विधान परिषद सदस्य प्रेम चंद्र मिश्रा,नवेंद्र झा,अनुरंजन सिंह,सुजीत यादव, मोहम्मद चांद,धनुष लाल महतो, अवधेश सिंह, मो. नेहाल शेख,रामचन्द्र साह,मीना देवी,प्रदीप पंजियार,मोहम्मद आरिफ़,शिव कुमार नायक,राम बहादुर पासवान,मुकेश सिंह,राम एकबाल पासवान,दीपक सिंह सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने बधाई दी।

बीएनएमयू : मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठयक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केन्द्र में 120 सीटों पर होगा नामांकन

कुलपति का मार्गदर्शन प्राप्त कर होगी अग्रेत्तर कार्रवाई

मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा। बीएनएमयू में पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (बिहार स्टेट बैकवर्ड क्लासेज फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन), पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र में 120 सीटों पर नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निगम द्वारा जारी विज्ञप्ति में आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2023 तक निर्धारित की गई है। स्वीकृति प्रदान की है।

इनमें प्रतिभाओं को मिलेगा अवसरः डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) राजकुमार सिंह ने बताया कि सरकार ने इसी वर्ष से केंद्र की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति में पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग की भागीदारी बढ़ाना है। इसके तहत संबंधित प्रतियोगिता परीक्षाएं यथा- एनईटी, जेआरएफ, जीएटीई, पीएटी, पीएचडी आदि की परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) दी जाती है। इससे इस क्षेत्र की प्रतिभाओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने का अवसर मिल रहा है।

कुल 120 सीटों पर होगा नामांकनः उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने कुलकचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि केन्द्र में कुल 120 छात्र -छात्राओं का दो बैच (प्रशिक्षण अवधि 06 माह) संचालित कराया जाएगा। इसमें प्रत्येक बैच के लिए कुल उपलब्ध सीटों (60) में से 40 प्रतिशत (24) पिछड़ा वर्ग तथा 60 प्रतिशत (36) अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए अनुमान्य होगा। अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं की अनुपलब्धता की स्थिति में पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं की अनुपलब्धता की स्थिति में अति पिछड़ा वर्ग के छात्र- छात्राओं का नामांकन किया जाएगा। दोनों कोटियों में छात्राओं के लिए 33 प्रतिशत छैतिज आरक्षण अनुमान्य है। उन्होंने बताया कि केंद्र में नामांकन के लिए विद्यार्थियों का चयन संबंधित परीक्षाओं के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप विषय के बहु-विकल्पीय लिखित परीक्षा या काउंसिलिंग के माध्यम से चयन किया जाएगा। विद्यार्थियों की आयु सीमा एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता संबंधित कोर्स के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम अर्हता के अनुरूप होनी चाहिए।छात्र-छात्रा एवं उनके अभिभावक की कुल वार्षिक आय तीन लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

कुलपति का मार्गदर्शन प्राप्त कर होगी अग्रेत्तर कार्रवाईः उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि इस योजना की जानकारी अधिकाधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाने हेतु हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आगे केंद्र के सुचारू संचालन हेतु कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए आग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नामांकन हेतु आवेदन पत्र निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय के स्थापना शाखा अथवा केंद्र के कार्यालय से भी निः शुल्क फार्म प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल यह केंद्र पुराने स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में प्राक् प्रशिक्षण केंद्र के साथ चलेगा। विद्यार्थी यहां स्वयं आकर भी आवेदन जमा करा सकते हैं अथवा निबंधित डाक से भी आवेदन भेज सकते हैं। पता है- निदेशक, मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र, पुरानी हिंदी विभाग, ओल्ड कैम्पस, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर मधेपुरा-852113 (बिहार)।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन- 6 की तैयारियां पूरी, भव्य उद्घाटन के लिए पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स सज धज कर तैयार

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डीएम कुंदन कुमार, अति विशिष्ट अतिथि महापौर विभा कुमारी एवं अतिथि सिनियर डिप्टी कलेक्टर व जिला खेल पदाधिकारी सुश्री डेजी रानी होंगे

पूर्णियां। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का भव्य उद्घाटन समारोह शुक्रवार को आज पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में होने जा रहा है।उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री कुंदन कुमार जिला पदाधिकारी अतिविशिष्ट अतिथि श्रीमती विभा कुमारी महापौर नगर निगम पूणिया एवं सुश्री डेजी रानी सिनियर डिप्टी कलेक्टर व जिला खेल पदाधिकारी पूणिया होंगे। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने भव्य उद्घाटन समारोह की समीक्षा की। और उन्होंने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स का आयोजन ऐसा आयोजित की जाए जो युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए यादगार हो। युवा पीढ़ी को विभिन्न खेलों से हम सभी को जोड़ना है। युवा पीढ़ी हमारे देश की शक्ति है। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का भव्य आयोजन दिनांक 29/09/2023 को अपराह्न 3:00 से पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित होने जा रहा है।रजिस्टर्ड स्कूल एवं क्लबों के खिलाड़ियों, प्राचार्य महोदय/महोदया, पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों का रेट कारपेट पर स्वागत व अभिनंदन अपराह्न 2:30 बजे।आदरणीय मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अतिथियों का आगमन :- अपराह्न 2:45 बजे।आदरणीय मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अतिथियों का बूके एवं पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतीक चिन्ह से स्वागत अपराह्न 3:00 बजे।विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गान अपराह्न 3:10 बजे।स्कॉट गाइड एवं विभिन्न खेलों से जुड़े खेल पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों के द्वारा मार्च पास्ट अपराह्न 3:20 बजे।पैनोरमा ग्रुप के प्रबंध निर्देशक श्री संजीव मिश्रा "सर "के द्वारा स्वागत संबोधन अपराह्न 3:30 बजे। आदरणीय अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं आदरणीय मुख्य अतिथि के द्वारा संबोधन अपराह्न 3:45 बजे।राष्ट्रीय गान अपराह्न 4:00 बजे।पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का विधिवत उद्घाटन आदरणीय मुख्य अतिथि माननीय विशिष्ट अतिथि एवं आदरणीय अतिथियों के कर कमलों से अपराह्न 4:25 बजे।फोटो सेशन 4:35 बजे।

विभिन्न खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ 29/09/2023

"बैडमिंटन" बालिका वर्ग मेंः- सुनिधि भारती बनाम निशी राय ।

बालक वर्गः- सुधांशु कुमार बनाम रौशन कुमार के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

"वॉलीबॉल" बालिका वर्ग मेंः- सेंट पीटर्स स्कूल बनाम विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा ।

बालक वर्ग मेंः-एस आर डी ए भी स्कूल बनाम सेंट पीटर्स स्कूल के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

"बास्केटबॉल" बालिका वर्ग में : एस आर डी ए भी स्कूल बनाम विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा

बालक वर्ग मेंः- विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा बनाम पूणिया एथलेटिक्स एकादमी के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

कुर्साकांटा में P3 बाजार प्रा. लि. मॉल का ओपनिंग आज, तैयारियां पूरी

कुर्साकांटा । पी एम कॉम्पलेक्स कुर्साकांटा में P3 बाजार प्रा. लि. मॉल का ओपनिंग शुक्रवार को है इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।पी एम कॉम्पलेक्स के ऑनर सह कार्यक्रम के अध्यक्ष ई. मनोज झा एवम डेढुआ पंचायत के लोकप्रिय मुखिया संतोष झा ने बताया कि वैदिक अनुष्ठान एवम मैथिल परंपरा के तहत मॉल का शुभारंभ सह ओपनिंग शुक्रवार को है सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि मान्यवर परमपिता परमेश्वर की असीम अनुकम्पा से P3 बाजार प्रा. लि. मॉलका 29 सितंबर दिन शुक्रवार के 02 बजे किया जायेगा । मुख्य अतिथि बिहार सरकार के कैबिनेट मिनिस्टर जनाब शाहनवाज आलम जी(आपदा प्रबंधन मंत्री, बिहार सरकार), विशिष्ट अतिथि श्री अभिषेक झा जी प्रदेश प्रवक्ता जदयु,प्रो.त्रिलोकनाथ झा जी(प्रिंसिपलके एन डिग्री कॉलेज, बखरी, कुर्साकांटा), श्री अफताब उर्फ पप्पू अजीम (अध्यक्ष जिला परिषद् अररिया),डा.शत्रुधन मंडल (प्रदेश उपाध्यक्ष, अतिपिछड़ा प्रकोष्ट राजद,सह पूर्व प्रत्याशी सिकटी राजद, किमी आनन्द जी (लोक सभा मिडिया प्रभारी भाजपा),श्री राजन तिवारी (प्रवक्ता बिजेपी)श्री मुस्ताक जी (प्रखण्ड अध्यक्ष राजद),श्रीरघु साह जी श्री मुन्ना मुस्ताक जी (नेता जदयू),श्री ललन कुमार झा प्रबंधक कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।PM कॉम्पलेक्स में अयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय समाजसेवी ई. मनोज कुमार झा जी द्वारा किया जाएगा।

अमर कथा शिल्पी फणीश्वर नाथ रेणु जी के डीह पर गए एसडीएम ग्रुप के निदेशक संजय मिश्रा

सिमराहा। एसडीएम ग्रुप के निदेशक संजय मिश्रा ने अमर कथा शिल्पी फणीश्वर नाथ रेणु के अवतरण डीह हिंगना गांव पहुंच कर उनके दरवाजे पर लगा उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने रेणु के बड़े पुत्र पूर्व विधायक पदम् पराग राय वेणु को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। श्री मिश्रा ने प्रेस वार्ता में समाज को जोड़ने की बात कही साथ ही रेणु के सम्मान में उनके रचना और कृति पर भी चर्चाएं की।

मदनपुर में दस दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का हुआ भव्य समापन

मदनपुर। मदनपुर में बीते दस दिनों से चला आ रहा श्री गणेश महोत्सव का भव्य समापन गुरुवार को पूजा अर्चना के साथ सम्पन हो गया वहीं बड़ी संख्या में भक्तों ने पूजा अर्चना की इसके अलावा हवन , आरती का आयोजन किया गया वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दस दिवसीय गणेश महोत्सव का भव्य समापन धूम धाम से हो गया इधर समापन के दौरान प्रसाद का वितरण किया गया मदनपुर में बीते दस दिनों से चला आ रहा श्री गणेश महोत्सव का भव्य समापन गुरुवार को पूजा अर्चना के साथ सम्पन हो गया वहीं बड़ी संख्या में भक्तों ने पूजा अर्चना की इसके अलावा हवन , आरती का आयोजन किया गया वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दस दिवसीय गणेश महोत्सव का भव्य समापन धूम धाम से हो गया इधर समापन के दौरान प्रसाद का वितरण किया गया।

पलासी मोमिन टोला से जश्ने ईद मिलादुनबी पर निकला जुलूस

पटेगना। अररिया प्रखंड के किस्मत खवासपुर पंचायत अंतर्गत पलासी मोमिन टोला से गुरुवार सुबह आठ बजे मदरसा सुजातिया मकसुदिया खानका के छात्र एवं छात्राओं द्वारा जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस निकाली गई। हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर हर साल जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर मदरसा सुजातिया मकसुदिया खानका के बच्चों द्वारा जुलूस निकाला जाता है। गुरुवार को मदरसा के छात्र एवं छात्राओं के अलावा गांव के नौजवानों ने भी बाईक पर सवार होकर नए कपड़े, पगड़ी,टोपी, हाथ में झंड़ा लेकर अररिया मुख्यालय के सुभाष स्टेडियम में पहुंचकर दुआ में शामिल हुए। नौजवानों ने अपने हुजूर पाक के याद में विभिन्न तरह के नारे जैसे नारे तकबीर अल्लाहू अकबर, नारे रिसालत या रसुललाह, सरकार की आमद मरहबा, दिलदार की आमद मरहबा आदि नारे लगाते हुए अररिया पहुंचे। जुलूस को सफल बनाने में मुख्य रूप से मौलाना अब्दुल माजिद नईमी, हाफिज सदरे आलम, अंसारी संगठन के जिलाध्यक्ष जाबीर अंसारी, महमूद अंसारी, हाफिज वाकिफ अंसारी, हाफिज नईम अंसारी, मौलाना दिलवर हुसैन, मौलाना नदीम, हाफिज असगर, हाफिज अब्दुल बारीक, हाफिज मोहसीन अंसारी, आरफीन अंसारी, शमशाद अंसारी, अकमल हुसैन सुरज, राजा अंसारी, लड्डू अंसारी, डाक्टर मोजाहिद, अलाउद्दीन झुमरी तलैया, ऐयूब अंसारी, मुन्ना तबारक आदि शामिल थे।

टीकाकरण | कुपोषण व विटामिन ए की कमी खसरा रोग के प्रमुख कारणों में शुमार, बचाव का एमआर का टीकाकरण एकमात्र उपाय

सामूहिक प्रयास व भागीदारी मिजिल्स-रूबेला उन्मूलन के लिये जरूरी

अररिया। मिजिल्स-रूबेला यानी खसरा रोग पांच साल तक के बच्चों की मौत का बड़ा कारण है। ये बीमारी खासतौर पर कम उम्र के बच्चों को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। एक बच्चे से दूसरे बच्चे में रोग का प्रसार आसानी से होता है। यह रोग सांस की नली, नाक व फेफड़ों को सक्रमित करता है। गौरतलब है कि एमआर टीकाकरण रोग से बचने का सबसे आसान जरिया है। वर्ष 2023 तक देश को मिजिल्स रूबेला से पूरी तरह मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। लिहाजा स्वास्थ्य विभाग शत प्रतिशत बच्चों को एमआर टीका से आच्छादित करते हुए निर्धारित लक्ष्य के प्राप्ति की दिशा में प्रयासरत है।

एक गंभीर संक्रामक बीमारी है मिजिल्स-रूबेलाः जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि संक्रामक रोगों में मिजिल्स-रूबेला एक गंभीर व घातक बीमारी है। सही समय पर उपचार नहीं होने से ये बच्चों के लिये जानलेवा भी साबित हो सकता है। आमतौर पर मिजिल्स को खसरा रोग के नाम से भी जाना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खसरा रोग संक्रमित व्यक्ति के खांसी या छींक के साथ निकलने वाली बूंदों में मौजूद वायरस हवा में फैल जाता है। जो संपर्क में आने वाले दूसरे व्यक्ति को भी प्रभावित करता है। रोग के लक्षण देर से दिखते हैं। संक्रमित मरीज को खांसी व बुखार के साथ शरीर पर खुजली वाले लाल दाने हो जाते हैं। ये दाने कानों के पीछे, गर्दन व सिर पर उभरते हैं। मरीज न्यूमोनिया व गंभीर डायरिया से पीड़ित हो जाता है। उचित उपचार नहीं होने की स्थिति में ये जानलेवा साबित होता है।

लक्षणों के आधार पर रोग की पहचान संभवः मिजिल्स रूबेला की पहचान रोग से जुड़े सामान्य लक्षणों के आधार पर आसानी से किया जा सकता है। सूखी खांसी, गले में खराश, बहती नाक, आंखों में सूजन, त्वचा पर चकते का निशान कुछ ऐसे सामान्य लक्षण हैं। जिसके आधार पर रोग की पहचान संभव है। इसमें से किसी तरह का लक्षण दिखने पर तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में मरीज का इलाज जरूरी होता है।

कुपोषण व विटामिन ए की कमी रोग की वजहः मिजिल्स-रूबेला रोग कई तरह की शारीरिक जटिलताएं खड़ी कर सकता है। ये अंधापन, मैनिन्जाइटिस, मस्तिष्क में सूजन, ब्रेन डैमेज जैसे स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बन सकता है। डीआईओ डॉ मोइज ने बताया कि विटामिन ए की कमी व कमजोर रोग प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण ये बच्चों को बड़ी आसानी से प्रभावित करता है। कुपोषित बच्चों को रोगग्रस्त होने का खतरा अधिक होता है।

बच्चों को जरूरी लगायें एमआर का टीकाः सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने कहा कि मिजिल्स रूबेला के खतरों से बचाव के लिये एमआर का टीकाकरण जरूरी है। शत प्रतिशत बच्चों के टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित टीकारकण अभियान संचालित है। इसके अलावा विशेष अभियान के माध्यम से भी शत प्रतिशत बच्चों को टीकाकृत करने का प्रयास जारी है। एमआर का पहला टीका बच्चे के नौ माह की आयु पूर्ण होने पर व दूसरा टीका सोलह से चौबीस माह के बीच लगाना जरूरी है। इसके साथ ही बच्चों को नियमित रूप से विटामिन-ए की दवा का सेवन कराना रोग से बचाव के लिहाज से जरूरी है।

दो वर्षों की मधुरिम स्मृतियों से सुगंधित हुआ विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग

विश्वविद्यालय हिंदी विभाग में आयोजित हुआ कार्यक्रम स्मृतिगंधा

मधेपुरा। बी एन एम यू मधेपुरा के हिंदी विभाग में आयोजित कार्यक्रम स्मृतिगंधा का उद्घाटन मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. (डॉ) विनय कुमार चौधरी , विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर उषा सिन्हा आई क्यू ए सी निदेशक प्रोफेसर नरेश कुमार ,डॉक्टर सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह , डॉक्टर आलोक कुमार ,डॉक्टर प्रफुल्ल कुमार ,डॉक्टर पूजा गुप्ता, डॉ रश्मि कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात सभी शिक्षकों व अतिथियों का अंगवस्त्र से छात्रों के द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद विभाग की छात्रा चांदनी,अंशु ,रूपम, गुड़िया ,स्वाती,अंजु के द्वारा स्वागत गीत "मन की वीणा से गुंजित मंगलम" की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में आई क्यू ए सी के निदेशक प्रोफेसर नरेश कुमार कहा कि कार्यक्रम स्मृतिगंधा का आयोजन कर छात्रों ने अपनी स्वर्णिम स्मृतियों को साझा करना अत्यंत सराहनीय है। डॉ कुमार ने कहा की आपको शिक्षकों ने तलाशा भी है और तराशा भी है ।आप यहां से जो सीख कर जा रहे हैं उनका सकारात्मक उपयोग अपने जीवन में करेंगे उन्होंने सोशल मीडिया का कम इस्तेमाल करने की भी सलाह दी। छात्र धीरज कुमार ने बताया स्मृतिगंधा कार्यक्रम की ई-स्मारिका भी प्रकाशित होनी है कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण विमोचन नहीं हो सका। शीघ्र ही ई स्मारिका का प्रकाशन किया जाएगा। उक्त अवसर पर गुड़िया कुमारी शंकरकुमार गुप्ता स्वाति कुमारी नेहा कुमारी अंजू कुमारी मदनमोहन कुमार विवेक कु०गुड़िया कुमारीमोना कुमारी,मेघा कुमारी रीमा कुमारीमोनिका कुमारी रेणुका कुमारी शिल्पी कुमारी रूपम कुमारी निशांत सत्यम ललन कुमार बमबम कुमार (नीतीश कुमार सुनील कुमार भारती कुमारी ,बिरेंद्र कुमार चौपाल सहित सभी छात्र मौजूद थे।

ख़ास ख़बर

पप्पू कुमार यादव को प्रखंड में जदयू के युवा प्रखंड अध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर,सुपौल। जिले के किसनपुर प्रखंड क्षेत्र में पप्पू कुमार यादव को जदयू का युवा प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने से कार्यकर्ता ने खुशी जाहिर की है। वही युवा प्रखंड अध्यक्ष ने बताया की पार्टी के द्वारा जो मुझे दायित्व दिया गया है उसको में ईमानदारी से निभाउंगा और पार्टी को और मजबूती करने का कार्य करूंगा। हर हाल में पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ निभाने का प्रयास करूंगा ।सभी को साथ लेकर चलूंगा। पार्टी ने मेरे साथ जो विश्वाश जमाया है उसके विरुद्ध हम कार्य नहीं करेंगे जब भी कोई कार्य करेंगे परिवार के हित में करूंगा। साथ ही सभी शीर्ष, नेतृत्व सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष जेडीयू के साथी मेरे शुभ चिंतक जिन्होंने मेरे युवा अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दिया है। सभी को दिल की गहराइयों से धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं। वहीं मौके पर जदयू के युवा जिला अध्यक्ष प्रियंका कुमारी,प्रखंड अध्यक्ष दिलीप यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष रमेश ठाकुर,जदयू नेता अरसद हुसैन उर्फ गोपी जी,युवा समाजसेवा सुधीर कुमार,संतोष कुमार,रमेश यादव,राजकुमार मुखिया, दीपेन कुमार एवं जदयू परिवार के सभी साथी गण ने खुशी जाहिर की है।

सरहोचिया में चावल लदा ट्रक पलटा, चालक घायल

संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल। जिले में राघोपुर थाना क्षेत्र के डुमरी पंचायत के सरहोचिया के पास एनएच 106 पर बुधवार की रात चावल लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक मामूली रूप से घायल हुआ। बताया जाता है कि चिकनापट्टी निवासी शंकर यादव (24) ट्रक चालक का काम करता है। बुधवार की रात वह सुपौल से एक ट्रक बीआर 19 ए 8715 पर पांच सौ बोरियां चावल लोड कर राघोपुर एफसीआई जा रहा था। इसी क्रम में सरहोचिया के पास ट्रक चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया। घटना के बाद ट्रक पलटने की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गया। लोगों ने घायल ट्रक चालक को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले को लेकर राघोपुर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केशरी ने बताया कि घटना को लेकर जानकारी मिली है। जांच की जा रही है। आवेदन अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

हाई स्कूल के मैदान में लगेगा मेला

अभसेक आनन्द/दैनिक शुभ भास्कर,बिरपूर, सुपौल। जिले में बीरपुर अनुमण्डल क्षेत्र के जीविका बसंतपुर के तत्त्वधान में शुक्रवार को नगर पंचायत के हाई स्कूल के स्टेडियम ग्राउंड में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया है जिसमें पुरे प्रखंड के शिक्षित बेरोजगार भाग ले सकेंगे । इसको लेकर व्यापक स्तर पर पिछले कुछ दिनों से प्रचार प्रसार किया जा रहा था। जिले के डीडीसी मुकेश कुमार इस पुरे कार्यक्रम के अतिथि होंगे। वही इस रोजगार मेला में लगभग 2000 शिक्षित बेरोजगारों के पहुँचने की सम्भावना जताई जा रही है। जानकारी देते हुए रोजगार संसाधन सेवी बसंतपुर अभिषेक आनंद ने बताया कि इससे पहले बसंतपुर में वर्ष 2018 में इस मेले का आयोजन किया गया था जिसमें 160 युवाओ का प्लेसमेंट किया गया था. उम्मीद है कि इस रोजगार सह मार्गदर्शन मेला में भी जिले के 500 से अधिक बेरोजगारो को रोजगार के अवसर प्रदान किये जा सकेंगे। मेले में जिडीए, सेल्स एंड रिटेल, सिक्योरिटी गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, होटल मैनेजमेंट व अन्य ट्रेड में युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा।

राहुल कुमार उर्फ-गोलू युवा जदयू के बिहार प्रदेश महासचिव के पद पर हुए मनोनीत

मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल। जिले में राहुल कुमार का कहना हुआ कि मुझे युवा जनता दल यूनाइटेड बिहार के प्रदेश महासचिव के रूप में दायित्व देने के लिए माननीय मंत्री श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव जी,युवा प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल जी, जदयू सुपौल ज़िला अध्यक्ष प्रो राजेंद्र प्रसाद यादव जी एवं ज़िला और प्रदेश के सभी नेता का दिल से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता हूँ! साथ ही अपने सभी युवा साथी का धन्यवाद करता हूँ! साथ पार्टी की दी गई हर जिम्मेदारी को सच्ची निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास किया हूँ और अब इस नई जिम्मेदारी के साथ और बेहतर करने का प्रयास करूंगा।हम चाहेंगे कि पार्टी के द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई उसमे किसी को कोई दिक्कत नही हो ।मैं पार्टी से लेकर सदस्य साथ जनता के हर-एक दुख -सुख में साथ निभाने का कोसिस करूँगा ।यह हमारी नेतिकता भी कहती है।

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण पर प्रशासन द्वारा जेसीबी चलाई

अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल। जिले में बीरपुर अनुमण्डल के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर पंचायत के साहेवान वार्ड 8 सरकारी जमीन पर महादलित के लोगो ने अतिक्रमण कर लिया गया था। अतिक्रमित जमीन में लोगो ने घर एवं दीनाभद्री का प्रतिमा स्थापित करके मंदिर भी बनाया था। जिसे वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार गुरुवार को सीओ बसंतपुर शशि कुमार भास्कर एवं रतनपुर थानाध्यक्ष की संयुक्त पहल पर जेसीबी से अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मिली जानकारी अनुसार उक्त जमीन पर प्राथमिक विद्यालय का निर्माण किया जाना है। बता दे कि विगत 26 अप्रैल 2023 को प्राथमिक विद्यालय के भवन निर्माण को लेकर भगवानपुर मुखिया देवेंद्र दास, बसंतपुर आरडीओ कुमार मनीष भारद्वाज, रतनपुर थानाध्यक्ष कृष्णा कुमार सिंह, सीओ शशि कुमार भास्कर एवं अन्य लोगों की मौजूदगी में भूमि पूजन भी किया गया था। भूमि पूजन के समय उक्त जमीन खाली पड़ी हुई थी। जैसे ही भूमि पूजन हुआ कि 26 अप्रैल के रातोरात महादलित बस्ती ले लोगो के द्वारा घर चढ़ा करके अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसके बाद जैसे ही भवन निर्माण कार्य को प्रगति पर लाया गया तो अतिक्रमण किये लोगो को कई बार सूचना भी दी गयी कि अतिक्रमण खाली कर ले। लेकिन लोगो ने 5 महीने तक मे भी नही मानी। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा कई बार समझाया गया लेकिन लोगो ने एक भी नही सुनी। अन्ततः अधिकारियों ने जेसीबी बुलाकर अतिक्रमण हटाया। लोगो से अधिकारियों ने कहा कि आपलोग मंदिर अपने से ही हटा लीजिए लोगो ने नही मानी। तो जेसीबी के सहारे मूर्ति को भी हटाया गया। मूर्ति के घर टूटने व मूर्ति हटाने की प्रक्रिया जब चल रही थी तो महादलित के लोगो व बच्चे ने रोना शुरू कर दिया। और अधिकारियों को अभद्र बाते भी कहने लगा। हालांकि मंदिर एवं बने घर फुस के ही थे। विगत दिनों भी महादलित के लोगो ने किया था हमला : उपस्थित अधकारियों ने बताया कि विगत दिनों जब अतिक्रमण हटाने को लेकर समझाया जा रहा था। और कहा जा रहा था कि विद्यालय बनने से आपलोगों को ही सुविधा मिलेगी। आपके बच्चे ही इस विद्यालय में पढ़ेंगे। शिक्षित होकर बुद्धिमान व सरकारी नौकरी करने योग्य होंगे। जिससे समाज को प्रतिष्ठित स्थानों में रखा जाएगा। साथ ही समाज का विकास भी होगा। लेकिन परिणाम यह निकला था कि उस समय उपस्थित लोगों पर अतिक्रमण किये लोगो के द्वारा हमला कर दिया गया था। जिसमे कई लोगो को मामूली सी चोटें भी आई थी। सीओ बसंतपुर शशि भास्कर ने बताया कि जिस समय भूमि पूजन किया गया था। उस समय जमीन पूर्णतः खाली पड़ी हुई थी। जब महादलित लोगो ने अतिक्रमण कर लिया। तो विगत लगभग पांच महीने से समझाया जा रहा था खाली करने के लिए लेकिन खाली नही किया जा रहा था। जिसकी वजह से विद्यालय भवन निर्माण करवाने में देरी भी हो रही थी। एसडीएम वीरपुर के आदेशानुसार जिला से आए पुलिस बल की मौजूदगी में जमीन खाली करवाया गया है।

नदी में नहाने के दौरान एक बालक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल। जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के रामनगर पंचायत के कोशलीपट्टी वार्ड नंबर 11 में तिलावे नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के परिजन कोशलीपट्टी वार्ड 11 निवासी अशोक यादव का आठ वर्षीय पुत्र मनखुश कुमार गुरुवार को दोपहर मोहल्ले के दो बच्चों के साथ तिलावे नदी के तरफ खेलने गया जहा बच्चों के साथ नदी में नहाने लगा नहाने के क्रम में मनखुश नदी की तेज धारा व गहरे पानी में चला गया जहां देखते ही देखते वह बीच नदी में डूब गया। अन्य बच्चे जो नदी में नहा रहे थे वे सभी भागकर टोला में लोगों की जानकारी दिए तब जाकर सेकरो की संख्या में वहां पहुंचे और नदी से बच्चे को खोजकर बाहर निकाला तब तक काफी देर हो चुकी थी और बच्चे की मौत हो गई थी। इस घटना की खबर पूरे थाना क्षेत्र में आग की तरह फैल गया बच्चे को देखने के लिए लोगों की लम्बी कतार लग गई। इधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और आस-पास के लोग जमा हो गए। मृतक मनखुश कुमार के पिता किसी अन्य राज्य में रहकर मजदूरी कर परिवार का भरन पोषण करता हैं, इस घटना की खबर मृतक के पिता को भी दे दी गई है। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था जो मध्य विद्यालय कोशलीपट्टी में वर्ग तीन का छात्र था। मृतक की माता बबीता देवी देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। इस घटना से पूरे इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना की जानकारी पिपरा थाना और सीओ रविन्द्र कुमार चौपाल को दिया गया सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंचे पुलिस मृतक मनखुश कुमार के शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

देसी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

डॉ0 बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल। जिले में निर्मली पुलिस ने नगर के वार्ड 11 स्थित तिलयुगा नदी पर बने लोहा पुल के पास से 186 बोतल नेपाली देसी शराब के साथ एक बाइक सवार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि नेपाल से बाइक में शराब लेकर मझारी चौक होते हुए महुआ के रास्ते एक बाइक सवार शराब तस्कर निर्मली की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही गस्ती पर तैनात पुलिस बल नगर के बाद 11 स्थित लोहा पुल पर नाकेबंदी कर दी। इसके बाद बाइक सवार तस्कर वहां आ पहुंचा। पुलिस को देखकर वह भागने की कोशिश करने लगा लेकिन पुलिस जवान ने तत्परता दिखाते हुए तस्कर को पकड़ लिया। इसके बाद बाइक की डिक्की व बाइक पर लदे बोरी की तलाशी ली गई तो उसे 186 बोतल देसी नेपाली शराब बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने बाइक शराब को जब्त करते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान नदी थाना क्षेत्र के मझौरा गांव निवासी रमाकांत यादव के रूप में हुई। प्रभारी थानाध्यक्ष वशिष्ट मुनि राय ने बताया की नगर के वार्ड 11 से 186 बोतल देसी नेपाली शराब के साथ एक बाइक सवार तस्कर को गिरफतार किया गया है। कहा की गिरफ्तार शराब तस्कर के खिलाफ नदी थाना क्षेत्र में कई अपराधिक मुकदमा दर्ज है। कहा की हाल ही में नदी थाना क्षेत्र में हुए लूटकांड मामले में वांछित अभियुक्त है। बताया की आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है।

दुर्गा माता के चाल पर लगाया गया मिट्टी

डॉ0विनीत शेखर /दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल। जिले में निर्मली नगर के मिथला के पावन पर्व चौठ चंद्र एवं गणेश चतुर्थी के बाद पर दशकों से चली आ रही प्रथा के अनुसार गुरुवार को विधि विधान के साथ दुर्गा पूजा समिति के सचिव जगरनाथ कामत के द्वारा मैया के चाल पर मिट्टी लगाया गया। इस दैरान मंदिर में पूजा अर्चना कर दुर्गा पूजा महोत्सव हेतु प्रतिमा निर्माण का कार्य शुभारंभ किया गया। पूजा समिति के सचिव श्री कामत ने बताया कि निर्मली में पिछले कई वर्षों से दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जाता रहा है। कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर 10 दिनों तक मंत्र उच्चारण के साथ धूमधाम से पूजा अर्चना की जाती है। खास बात यह है कि विसर्जन के दिन भव्य प्रतिमा को लोग अपने कंधे पर लेकर तकरीबन 2 किलोमीटर दूर तिलयुगा नदी में विसर्जन किया जाता है। इस मौके पर मौके पर अध्यक्ष किशोरी साह, नितीश राणा, मिथिलेश कामत, रीतेश कामत, काली प्रसाद कामत,रंजीत कामत, रुपेश कुमार, आदि उपस्थित थे।

एसएसबी सीमा चौकी सतना ने नेपाली शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल। जिले के बिरपूर अनुमंडल में एस एस बी 45वीं बटालियन की सशत्र सीमा बल सीमा चौकी सतना तथा बिहार पुलिस ने संयुक्त नाका ड्यूटि के दौरान नेपाली शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार। जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री जगदीश कुमार शर्मा द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से आसूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 202 के निकट के क्षेत्र से नेपाल से भारत की तरफ प्रतिबंधित समान की तस्करी होने वाली हैं । आसूचना की पुष्टि करने के उपरांत आसूचना को बीरपुर पुलिस थाना के साथ साझा किया गया तथा तस्कर को पकड़ने के लिए एक संयुक्त नाका दल का गठन किया गया| स. उ. नि. रमेश कुमार के नेतृत्व में अन्य 06 कार्मिक एवं बिहार पुलिस के 04 कार्मिकों का नाका दल चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुआ । निर्धारित स्थान पर नाका दल सतर्कता के साथ ड्युटी करने लगा । कुछ समय उपरांत नाका दल द्वारा देखा गया कि एक व्यक्ति पीठ पर एक बोरी लिए नेपाल प्रभाग से भारत प्रभाग की तरफ आ रहा है पूर्व प्राप्त आसूचना के आधार पर उक्त व्यक्ति को रोक कर पूछ ताछ की गई एवं समान की तलाशी ली गयी इस क्रम में नाका दल को बोरी में रखी नेपाली शराब उमंगा की 150 बोतल (300 Ml प्रत्येक) = 45 लीटर शराब प्राप्त हुई । हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान सुनील कुमार मण्डल, उम्र-24 वर्ष, पिता-गोपाल शरण शर्मा, ग्राम- मुशहरी टोला, वार्ड न. 5, पो+थाना – बीरपुर, सुपौल, बिहार के रूप में की गई । आवश्यक कागजी कार्यवाही के उपरांत जब्त की गई शराब तथा हिरासत में लिए गए व्यक्ति को थाना- बीरपुर, सुपौल बिहार के सुपुर्द किया गया ।

हरी झंडी प्रत्येक घर में जा जा कर सूखा कचरा एवं गीला कचरा का उठाव किया जाएगा

ग्राम पंचायत दुबियाही में ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का किया शुरुआत

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल। जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुबियाही में बुधवार को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रबंधन इकाई की शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। इसके अलावा प्रखंड समन्वयक मो इस्लाम, पंचायत के मुखिया रामानंद यादव,पंचायत स्वेक्षता प्रवेक्षक ललन कुमार,वार्ड सदस्य हीरालाल शर्मा के आलवे अन्य ग्रामीण मोजूद थे। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड समन्वयक ने बताया की अब इलाकों में भी वार्ड एवं पंचायत स्तरीय स्वच्छता कर्मी के द्वारा प्रत्येक घर में जा जा कर सूखा कचरा एवं गीला कचरा का उठाव किया जाएगा। जिसमें सूखा कचरा यथा प्लास्टिक को प्रखंड स्तर पर बने हुए प्लास्टिक अवशिष्ट प्रसंस्करण इकाई किशनपुर भेजा जाएगा एवं गीला कचरा को पंचायत स्तर पर ही निस्तारण किया जाएगा गीला कचरा का खाद एवं अन्य उपयोग मैं लाए जाएंगे वही पंचायत स्तरीय स्वेक्षता प्रवेक्षक ललन कुमार ने बताया की मेरे पंचायत में 13 वार्ड हे जिसमे 26 वार्ड कर्मी है। चार पंचायत स्तरीय स्वेक्षता कर्मी है। यहां के ग्रामीणों से भी मेरा निवेदन है की कचरा इधर उधर ना फेंके सभी कचरा को एक जगह इकठ्ठा करके रखें और सुबह होते ही मेरे कर्मी घर घर जाएंगे और कचरा लेने का कार्य करेंगे। क्योंकि साफ सफाई ही जीवन है एक आदमी चाहकर भी सफाई नहीं रख सकते हैं इसमें सभी व्यक्ति का मदद से ही सुंदरता में निखार आएगी। मौके ग्रामीण रामावतार यादव, अनिल कुंबले यादव, पंकज पोदार, प्रदीप यादव, खट्टर सदा, भूषण राम, मनोज यादव, रामगुलाम मुखिया, सुनील पोदार, राजेश कुमार, अर्जुन यादव, रमेश यादव, संतोष ठाकुर इत्यादि लोग मौजूद थे।

दुनिया के कई देश भारत के साथ आज करना चाह रही कदमताल

संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर राघोपुर, सुपौल। जिले में नगर पंचायत सिमराही के वार्ड 2 में घनश्याम पांडेय के निज आवास पर बुधवार को चार दिन के प्रवास और निरीक्षण के क्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की टीम पहुंची। इस दौरान सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर प्रेस वार्ता की। वहीं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बोलोक बिहारी राय ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में लगे हैं। इसका उदाहरण दिल्ली में हुए जी20 सम्मेलन है, जहां दुनिया ने भारत के नेतृत्व की सराहना की। कहा कि चीन की बुरी नजर एशिया महादेश पर है। यह जरूरतमंद देशों को कर्ज देकर अपने जाल में फंसाने और उसे हड़पने की साजिश रच रहा है। अलग-अलग देशों में अपना बाजार तेजी से विस्तार कर वहां के लोगों को चीनी सामान पर निर्भर करने की कोशिश कर रहा है। इतना ही नहीं चीन हिमालय पर कब्जा करना चाहता है। इसको लेकर वह भारत के पड़ोसी देशों को आर्थिक मदद और बहकाकर उसपर अपना शिकंजा कसने में लगा है। भारत चीन के हर चाल पर नजर रखे हुआ है। समय आने पर चीन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। दुनिया चीन के इरादे को समझ रही है। चीन से निकला कोरोना का कहर पूरी दुनिया ने झेला है। लेकिन ऐसे समय में चीन ने कोरोना से जुड़े सामानों को बेचकर अपना बाजार बढ़ाने का काम किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से भारत में निर्माण हो रहे सामग्रियों को खरीद करने की अपील की। कहा कि देश के लोगों को चीन के सामानों पर अपनी निर्भरता छोड़नी होगी। वहीं दिल्ली नगर निगम की मेयर सावित्री कटारिया ने कहा कि भारत चीन सीमा को हमलोग नहीं मानते हैं। हम तिब्बत और भारत सीमा को मानते हैं। इसको लेकर तिब्बत धर्मगुरु दलाई लामा ने कहा है कि वह भारत को गुरु और तिब्बत को चेला समझता है। कहा कि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। दुनिया भारत को मजबूत होते देख रही है। कई बड़े देश आज भारत के साथ कदमताल करना चाहती है। वहीं राष्ट्रीय सीमा जागरण मंच के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम पांडेय ने कहा कि देश के अंतर्राष्ट्रीय सीमा को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार प्रयासरत है। हर क्षेत्र में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। चंद्रयान 3 दुनिया के सामने मिसाल कायम की। देश का हर एक नागरिक योद्धा है और वह दुश्मनों के ईट का जवाब पत्थर से देने के लिए आतुर है।

ख़ास ख़बर

स्थांतरित डीएम का विदाई समारोह संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो सुनील कुमार,सासाराम (रोहतास)। जिलाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार के स्थानांतरण के फलस्वरूप उनके सम्मान में विदाई-सह-सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों की उपस्थिति में किया है। जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार रोहतास का स्थानांतरण अपर सचिव सचिवालय पटना में हुआ है। जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने रोहतास जिला के मान सम्मान को याद करते हुए सफल बताया। जबकि डीडीसी रोहतास शेखर आनंद, सिविल सर्जन सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अपने साथ किये गये पल को याद किया गया।

धूमधाम से मनाया गया अनंत चतुर्दशी का त्योहार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,दावथ (रोहतास)। प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को भगवान विष्णु को समर्पित पर्व अनंत चतुर्दशी धूमधाम से मनाया गया। महिला, पुरुष,युवक और युवतियों ने उपवास रखकर कलश पर अष्टदल कमल की तरह बने बर्तन में कुश से निर्मित अनंत की स्थापना कर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना किया। पूजा के बाद अनंत सूत्र को बाजू में बाधा । वहीं पंडित गुड्डू तिवारी ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार महाभारत काल से अनंत चतुर्दशी व्रत की शुरुआत हुई। यह भगवान विष्णु का दिन माना जाता है। अनंत भगवान ने सृष्टि के आरंभ में चौदह लोकों तल, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, पाताल, भू, भुवः, स्वः, जन, तप, सत्य, मह की रचना की थी। इन लोकों का पालन और रक्षा करने के लिए वह स्वयं भी चौदह रूपों में प्रकट हुए थे, जिससे वे अनंत प्रतीत होने लगे। इसलिए अनंत चतुर्दशी का व्रत भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और अनंत फल देने वाला माना गया है। इस व्रत को करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

'जशन-ए-ईद-ए मिलादुन्नबी' के अवसर पर जूलूस निकाला गया

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,नासरीगंज(रोहतास)। नगर के हरिहरगंज स्थित मदरसा शाहे रजा परिसर से गुरुवार को जशने-ईद-ए-मिलादुन-नबी हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जुलूस-ए-मोहम्मदी पूरे शानो शौकत से निकाला गया। उक्त जुलूस हाथ में इस्लामी झंडे व भारतीय तिरंगा एवं तख्तियों के साथ हरिहरगंज से निकलकर, छोटी बाजार,बड़ी बाजार रोड होते हुए पोस्टल रोड, मेन रोड, मंगल बाजार थाना मोड़,होते हुए हरिहरगंज स्थित बाग वाली मस्जिद पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बाग वाली मस्जिद के पेश इमाम हाफिज अखलाख,मदरसा शाहे रजा के मौलाना शाहिद अमझर शरीफ़वी व मौलाना कादिर ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोहम्मद साहब पूरी दुनिया को अमन,शांति,व प्रेम का संदेश दिया करते थे। हमें उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। मौके पर जुगनू खान,मोहम्मद कासिफ,मो.समीर,पिंटू कोरैशी, राशिद खान,मो. प्रिंस,अबु तालिब,मो.इमरान,मो.मंसूर,मो.आरफीन,आजम खान,टीपू, मो.महफूज,मो.राजू,डा.मोनू, मो.साद,व मुस्तफा,अयान समेत बड़ी संख्या लोग उपस्थित थे।

मध्यान भोजन का चावल बेचने के मामले में प्रधानाध्यापक पर अधिकारी मेहरबान

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह कुमार सिंह,बिक्रमगंज/रोहतास। रोहतास जिले का काराकाट प्रखंड काफी दिनों से अपने नए-नए कारनामों से काफी सुर्खियां बटोर रहा है। ताजा मामला काराकाट प्रखंड क्षेत्र के संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय चिकिसील का है। जहां विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुनीर आलम के द्वारा दिन में सरेआम बाइक सवार को मध्यान भोजन का चावल बेचने से संबंधित सोशल मीडिया पर काफी तेजी से चावल बेचने का वीडियो और फोटो वायरल होने लगा जिसको लेकर काफी दिनों तक संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय चिकसिल काराकाट प्रखंड ही नहीं बल्कि पूरे जिले में एक अलग अंदाज में अपना सुर्खियां बटोरता रहा। आपको बता दे की जब सोशल मीडिया पर चावल बेचने का वीडियो और फोटो तेजी से वायरल होना शुरू किया तो जिले के अधिकारियों की नींद खुली और प्रधानाध्यापक मुनीर आलम की करतूत देख उनके होश उड़ गए। शिक्षा विभाग के जिला के वरीय पदाधिकारी विभाग की प्रतिष्ठा को बचाने के उद्देश्य से चावल बेचने वाले प्रधानाध्यापक मुनीर आलम पर एक स्पष्टीकरण व एमडीएम प्रभारी के द्वारा स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए मात्र खानापूर्ति ही किया गया। जबकि चावल बेचने से संबंधित पर्याप्त साक्ष्य रहते हुए भी प्रखंड व जिले के पदाधिकारी के द्वारा आज तक ऐसे भ्रष्ट प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित नही किया गया। बल्कि जिले के वरीय पदाधिकारियों की मेहरबानी से प्रधानाध्यापक मुनीर आलम को काराकाट प्रखंड के चिकसिल से हटाते हुए दिनारा प्रखंड के मध्य विद्यालय तेनुअज का प्रधानाध्यापक भी बना दिया गया। जो लोगों के बीच काफी चर्चा का विषय बना हुआ है की ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी पर आज तक कार्रवाई क्यों नहीं किया गया। आखिर शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी कार्रवाई करने से क्यों परहेज कर रहे हैं अब किस बात का इंतजार कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने स्पष्ट रूप से जिले के वरीय पदाधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि कहीं ना कहीं इस भ्रष्ट प्रधानाध्यापक मुनीर आलम को संरक्षण देने में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कलामुद्दीन व जिला शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार का हाथ होना प्रतीत होता है। लोगों के मन मे सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि मध्य विद्यालय चिकित्सा के प्रधानाध्यापक मुनीर आलम शिक्षा विभाग के पदाधिकारी को चुनौती देते हुए दिन दहाड़े मध्यान भोजन का चावल बेच रहे थे। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो भी काफी तेजी से वायरल हुआ। तो फिर ऐसे भ्रष्ट प्रधानाध्यापक पर आज तक कार्रवाई क्यों नहीं हुआ। जिसको लेकर स्थानीय गांव के लोगों में काफी रोष व्याप्त है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कलामुद्दीन

अंसारी के मोबाइल पर लगातार संपर्क किया गया तो उन्होंने मोबाइल रिसीव करना भी मुनासिब नहीं समझा। जबकि काराकाट बीआरसी में नव पदस्थापित वीपीएम नवीन कुमार ने बताया कि जांच के क्रम में मध्य विद्यालय चिकसिल से दो शिक्षक इशरत व हीरा साह अपना उपस्थिति दर्ज कर बगैर सूचना के विद्यालय से गायब पाए गए थे जिससे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कलामुद्दीन अंसारी बेखबर है। विद्यालय के मध्यान भोजन का चावल बेचना बहुत ही बड़ा अपराध है। ऐसे भ्रष्ट प्रधानाध्यापक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होना चाहिए था जो आज तक नही हुआ। कार्रवाई नहीं होना कहीं ना कहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कलामुद्दीन अंसारी व जिले में बैठे हुए शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी की मिली भगत होने से इनकार नही किया जा सकता है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कलामुद्दीन अंसारी व जिला में बैठे हुए शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी के द्वारा आर्थिक लाभ लेकर मामले को पूर्ण रूप से से लीपा-पोती कर दिया गया है। आखिर ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी पर तत्कालीन जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार के द्वारा उचित कार्रवाई क्यों नहीं किया गया। इस पदाधिकारी का भी इस मामले में संलिप्तता होने से इंकार नही किया जा सकता है जो कहीं ना कहीं से जांच का विषय है अब यह देखना दिलचस्प होगा कि जिले में ईमानदार व स्वच्छ छवि वाले नव पदस्थापित जिलाधिकारी नवीन कुमार के द्वारा इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उचित कार्रवाई किया जाता है या फिर इनके द्वारा भी लीपापोती करने का कार्य किया जाता है।

झौवा बेलवानिया पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह,आरा । भोजपुर। जिला पदाधिकारी भोजपुर के अध्यक्षता में शाहपुर प्रखंड के झौवा बेलवानिया पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जन संवाद कार्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा आधार भूत संरचना के निर्माण शिक्षा स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं समाज सुधार के कार्यक्रमों के साथ-साथ कई लोग कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनों को ससमय एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो या सरकार की प्राथमिकता है इसके लिए यह आवश्यक है कि लोगों को सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के संबंध में जानकारी हो तथा उन योजनाओं का जिल् में समुचित तरीके से क्रियान्वयन हो। जन संवाद कार्यक्रम में शिक्षा विभाग/ श्रम विभाग/ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग /पंचायती राज विभाग /ऊर्जा विभाग/ ग्रामीण विकास विभाग / जल संसाधन विभाग एवं लघु जल संसाधन विभाग/ सहकारिता विभाग /कृषि विभाग/ ग्रामीण कार्य विभाग/ उद्योग विभाग परिवहन विभाग /पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग सहित कई विभागों मे संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी।जिले के कई वरीय पदाधिकारी के साथ-साथ प्रखंडों के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

करूप बाजार पर स्वागत किया गया आमसभा का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह,बिक्रमगंज/रोहतास। गुरुवार को बिहार सरकार सदस्य राज्य अनुसूचित जाति आयोग बिहार पटना श्याम बिहारी राम एवं ललन भूईया बिहार सरकार के अनुसूचित जाति उपाध्यक्ष का भव्य स्वागत करूप बाजार पर किया गया । इसके उपरांत जमुआ टोला पर आमसभा किया गया । जिसकी अध्यक्षता दिलीप राम (राजद अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष) ,श्याम बिहारी के द्वारा कहा गया कि अनुसूचित जाति जनजाति के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास के लिए अग्रसर है । उन्होंने कहा कि शिक्षा , स्वास्थ्य, सड़क, बिजली इत्यादि पर कार्य तेजी से हो रहा है । "ग्रामीण जनता के द्वारा करूप से जमुआ टोला पर रोड की मांग की गई , जिसपर तत्काल कार्रवाई करने का आश्वासन दिया । मौके पर नगर पंचायत काराकाट अभिभावक मुन्ना भारती , दीलीप राम(पूर्व उपप्रमुख) अभिभावक उमाशंकर पासवान(राजद नेता),सियाराम पासवान, गोरख राम,संतोष पासवान, जितेंद्र, उमेश इत्यादि जमुआ टोला के सभी महादलित लोग उपस्थित थे ।

10 लीटर देसी शराब बरामद , कारोबारी फरार , अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह,बिक्रमगंज/रोहतास। पुलिस ने 10 लीटर देसी शराब किया बरामद , कारोबारी फरार , अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज । जानकारी देते हुए प्रशिक्षु डीएसपी सह काराकाट थानाध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज अख्तर ने बताया कि थाना क्षेत्र के चिकसील बाल से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 10 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है । उन्होंने बताया कि पुलिस की भनक मिलते ही कारोबारी भागने में सफल रहा । बताया कि उक्त मामले में अज्ञात कारोबारी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है । उसे बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

कायस्थ विकास परिषद ने की चित्रगुप्त पूजा तैयारी की समीक्षा

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो,सासाराम (रोहतास)। सासाराम कायस्थ विकाश परिषद के सदस्यों ने जानकी सदन गौरक्षणी स्थित कार्यालय में चित्रगुप्त पूजा की तैयारी को लेकर सदस्यों ने भाग लिए जिसके अध्यक्षता मनोज कुमार सिन्हा ने किया। जिसमें विगत कमेटी को भंग कर 8 अक्टूबर को जानकी सदन में आम सभा कर नई कमेटी का चयन की जाएगी। उसके पश्चात शहर के अधिवक्ता मदन प्रसाद सिन्हा, हरिओम प्रकाश श्रीवास्तव की आकाश्मिक निधन पर गहरी शोक व्यक्त कर उनकी आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। धनंजय सिन्हा अंजनी कुमार अनु राकेश चंद्र सिन्हा उमेश प्रसाद श्रीवास्तव अमरेंद्र कुमार श्रीवास्तव रत्नेश्वर प्रसाद मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव सुजीत सिन्हा मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव मनोज कुमार सिंह अमित शेखर अजय कुमार सिन्हा काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

अनंत चतुर्दर्शी पूजा करने के बाद संकटों से रक्षा करने वाला अनंत सूत्र बांधे जाने की परंपरा है

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,नासरीगंज/रोहतास। स्थानीय प्रखंड के नासरीगंज शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को अनंत पूजा बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अनंत पूजा हर वर्ष भादो महीने के शुक्लपक्ष चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। अनंत चतुर्दशी पूजा को लेकर नासरीगंज प्रखण्ड के सभी मंदिरों में गुरुवार की सुबह से ही भीड़ जुटने लगी थी। पूजा को लेकर बाजार में भी काफी चहल-पहल देखी गई। इस सम्बंध में नासरीगंज प्रखण्ड के इटिम्हां शिव मंदिर में पूजा करते उपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस दिन पूजा करने के बाद संकटों से रक्षा करने वाला अनंत सूत्र बांधे जाने की परंपरा है। मान्यता है कि इस रक्षा सूत्र को बांधने के बाद भगवान उनकी रक्षा करते है और सभी दुख को दूर करते हैं। कहा जाता है कि महाभारत में जब पांडव अपना सारा राज-पाठ जुआ में हार गये थे और कष्टदायक वनवास जीवन व्यतीत कर रहे थे, तब कृष्ण भगवान ने पांडवों को अनंत चतुर्दशी का व्रत करने को कहा था। तब धर्मराज युधिष्ठिर ने अपने सभी भाइयों के साथ विधि-विधान के साथ अनंत चतुर्दशी का व्रत रखा। जिसके बाद पांडव पुत्र एवं द्रोपदी सभी संकट से मुक्त हो गए। तब से अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। इस पर्व में विष्णु भगवान की पूजा होती है। वहीं पर्व को लेकर दुकानों में रंग-बिरंगे अनंत के डोरे सजे हुए हैं। जिनको खरीदने के लिए दुकानों पर भीड़ लगी हुई है। ग्राहक अपने मन के अनुसार अनंत की डोर को खरीद रहे हैं। जिनकी कीमत पांच रुपये से लेकर 30 रुपये तक रखी गई है। वहीं फलों और मिठाई की दुकानों पर भी भारी भीड़ दिखी। मिठाई के दुकानदार विभिन्न प्रकार के मिठाई को बना कर बेचते नजर आए।

मेला | मुख्य उद्देश्य अच्छे पशुओं को पुरस्कृत कर पशुपालन को बढ़ावा देना है

दो दिवसीय राष्ट्रीय पशु मेला हुआ सम्पन्न

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह,बिक्रमगंज/रोहतास। जिला पशुपालन कार्यालय रोहतास के द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय पशु मेला काराकाट प्रखंड क्षेत्र के काराकाट पंचायत सरकार भवन परिसर में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ । मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा० दिवाकर प्रसाद, क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन केन्द्रीय क्षेत्र पटना, डा० राजेश कुमार चौबे जिला पशुपालन पदाधिकारी रोहतास सासाराम, उपेन्द्र कुमार पाल अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज एवं काराकाट मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । डा० राजेश कुमार चौबे जिला पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि मेला का मुख्य उद्देश्य उत्तम नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी लगाकर अच्छे पशुओं को पुरस्कृत कर पशुपालन को बढ़ावा देना है तथा पशुपालकों को तकनिकी ज्ञानवर्धन करना है । मेले में विभिन्न प्रखंडो से आये पशुपालक अपने पशुओं के साथ भाग लिया । मेला में तकनिकी सत्र आयोजित कर पशुपालकों को पशुओं के विभिन्न संक्रामक रोगों के बारे में जानकारी दी गयी । जिससे की पशुओं का उपचार एवं बचाव हो सकें । तकनिकी सत्र में भाग लेने वाले पशुपालको को लेखन- सामग्री प्रदान की गयी । मेले में पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया । जिसमें पशु चिकित्सकों के द्वारा पशुपालकों को मुफ्त चिकित्सा सलाह एवं दवाओं का वितरण किया गया । विभिन्न प्रखंडों से आये पशुपालकों के द्वारा लाये गये पशुओं (गौ जाति एवं भैंस जाति) का एक विशेषज्ञ दल बनाकर उनका मुल्यांकन किया गया । मुल्यांकन के आधार पर गौ जाति एवं भैंस जाति के पशुओं के पशुपालकों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया । गौ जाति में संतोष ओझा ग्राम पंचायत मोहनी खुर्द की गाय को प्रथम, श्रीदेव कुमार ग्राम पंचायत जोन्ही बिक्रमगंज की गाय को द्वितीय पुरस्कार एवं श्रीकृष्णा सिंह ग्राम पंचायत काराकाट की गाय को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया । इसी तरह लक्ष्मण सिंह ग्राम पंचायत इसरपुरा खैरा भुधर की भैंस को प्रथम पुरस्कार, सूरज सिंह ग्राम पंचायत मुंजी की द्वितीय एवं लालबाबू सिंह ग्राम पंचायत बहुआरा खैरा भुधर की भैंस को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया । मेले में विभिन्न दवा कम्पनीयों का भी स्टॉल लगाया गया था । मेले का आयोजन भव्य तरीके से किया गया । इसमें पशुपालको की सारी सुविधाओं का ध्यान रखा गया । मेले के आयोजन में रोहतास जिलान्तर्गत सभी पशु चिकित्सकों एवं सभी कर्मचारियों की सहभागिता रही । इनमें मेले के आयोजन में मेला नोडल पदाधिकारी डा० चन्द्रमोहन सिंह, डा० सुनील कुमार, सह नोडल पदाधिकारी डा० प्रदीप कुमार निराला एवं डा० आकाश दीप, डा० दीपक सुवर्ण एवं डा० श्यामदेव की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही ।

पैगम्बर मुहम्मद साहब के जन्मदिन पर निकाला गया जुलूस

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता ,दावथ (रोहतास) । प्रखंड क्षेत्र स्थित सेमरी में हज़रत पैगम्बर मुहम्मद साहब के जन्मदिन पर गुरुवार को जुलूस निकाला गया। जुलुस सेमरी गांव से निकलकर मलियाबाग नेशनल हाईवे, डुमरांव रोड स्थित सब्जी बाजार होते हुए कर्बला पहुंचा। इस दौरान सभी धार्मिक झंडा लेकर बाजा बजाते हुए जा रहे थे। दावथ थानाध्यक्ष भी जुलुस को लेकर काफी सजग दिखे। वही एएसआई तिल्ला उरांव पुलिस बल के साथ नगर भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद मिलादुन्नबी के साथ- साथ कुरान ख्वानी का आयोजन किया। जुलुसे मुहम्मदी की नेतृत्व हाफिज बबन अंसारी कर रहे थे । जिसमें विभिन्न गांवों से पहुंचे अकीदत मंदों ने हिस्सा लिया। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार तीसरे महीने यानी रबी अल अव्वल की 12 वी तारीख को 571 हिजरी मे पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। पैगम्बर हजरत और उनके द्वारा दी गई इल्म का यह दिन समर्पित किया जाता है। मौके पर मौलाना तैयाब अली,मौलाना इसराफिल साहब,सदाम हुसैन, फुरकान, सहनवाज हुसैन मौजूद थे।

ख़ास ख़बर

विकसित तकनीकी पिछड़ता ज्ञान

दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर। आज के जमाने में चिकित्सा क्षेत्र में तकनीकी के आधार पर रोगों को पहचानने की परंपरा चल पड़ी है। देश की पूरी मेडिकल साइंस आज तकनिकी पर ही पूर्ण रूप से निर्भर हो चुकी है यदि तकनीकी खराब हुई तो रोगी का जीवन भी समाप्त हो जाता है। पूर्व के समय में चिकित्सा विज्ञान पूर्ण रूप से मानव के नाडी विज्ञान और श्वसन प्रणाली पर मूल रूप से आधारित था। जिसके आधार पर रोगी को देखते ही चिकित्सक दूर से ही रोग के लक्षण और रोग को जान लेते थे और उसकी जानकारी पूर्ण रूप से देते थे। चिकित्सक जब रोगी के हाथ अपने हाथ में लेते थे या उनके स्वसन प्रणाली की धड़कनों पर जब कान लगते थे बरसों पुराने रोग और उनके खान-पान और रोग के कारणों की जानकारी स्वतह मिल जाती थी। जिसके आधार पर पूर्व काल के चिकित्सक रोगी को पूर्ण स्वस्थ कर दिया करते थे। चर्ख ऋषि ने आयुर्वेद यानी जड़ी बूटियां के आधार पर कुछ ज्ञान को विकसित किया और एक स्वास्थ्य संबंधित ग्रंथ को भी तैयार कर डाला। जिसके आधार पर महाभारत काल के दौरान कथाओं में वर्णन मिलता है कि रात को युद्ध होते थे और सुबह आयुर्वेद की दवा से जोधा पुनः युद्ध के मैदान में स्वस्थ होकर जाता था। पतंजलि ऋषि ने भी योग से कई रोगों का निदान करने की पद्धतियों को विकसित किया था जिसके बल पर प्राय लोग स्वस्थ और दीर्घायु बने रहते थे। आज के काल खंड में मेडिकल साइंस पूर्ण रूप से तकनीकी पर आधारित हो गई है जिसके कारण लंबे समय तक दवा का सेवन करने से उससे दूसरे रोगों को उत्पन्न होने की भी शंका प्रबल हो जाती है। इसलिए सरकार को चाहिए की पूर्ण रूप से आयुर्वेद की खोज कर आयुर्वेद प्रणाली को विकसित करने की जरूरत है ताकि रोगियों को कम खर्चीली व्यवस्था से इलाज मिल सके और स्वास्थ्य पर उसका दूरगामी परिणाम भी न देखने को मिले।

चैनपुर पुलिस ने मारपीट मामले से एक युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर। कैमूर जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र का सेमरा गांव पहाड़ में है जो कि आपस में मारपीट किया था चैनपुर पुलिस ने सेमरा पहुंचकर युवक को गिरफ्तार कर चैनपुर लाया है आपको बता दें कि सेमरा जाने में चैनपुर पुलिस को भगवानपुर होते हुए हनुमान घाट से होकर जाया जाता है जो कि पुलिस को काफी मशक्कत करना पड़ता है। और वहा बहुत ही रोड खराब है। जहा चैनपुर पुलिस ने गांव पहुंच कर गिरफ्तार किया युवक का नाम अशोक यादव पिता पारस यादव सेमरा कांड सख्या 30 आ6/23 में गिरफ्तार एएसआई प्रमोद कुमार ने अपने पुलिस बल के साथ सेमरा पहुंची तो पुलिस को आते देख भागने का कोशिश किया लेकिन चैनपुर के पुलिस जवानों ने दौड़कर पकड़ कर चैनपुर थाना लाकर उसको प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में मेडिकल जांच कर कर उसकी न्यायिक हिरासत में भभुआ भेज दिया गया

पुलिस वाहन आटो की टक्कर में आटो क्षतिग्रस्त सवार घायल

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर कैमूर,(कैमूर)। भभुआं परसिया पेट्रोल टंकी के पास पुलिस वाहन और आटो की जोरदार टक्कर हो गई जिससे आटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और ऑटो चालक सहित सवार घायल हो गए ऑटो चालक ने जानकारी देते हुए बताया कि वह मोहनिया से सवारी लेकर भभुआं की तरफ जा रहा था और पुलिस की गाड़ी भभुआ से मोहनिया की तरफ आ रही थी तभी आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई और ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलो को इलाज के लिए भभुआं सदर अस्पताल लाया गया है और क्षतिग्रस्त ऑटो को पुलिस ने जप्त कर भभुआं थाने लाई है।

हथियार बंद बदमाशों ने ट्रैक्टर चालक पर फायरिंग

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा। भोजपुर। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहां ओपी अंतर्गत धोबहा बाजार पर फायरिंग के दौरान एक साइकिल दुकानदार को गोली लग गई। जख्मी दुकानदार धोबहा ओपी अंतर्गत कड़रा बसंतपुर गांव निवासी स्व. छठी लाल साह के 55 वर्षीय पुत्र रामेश्वर प्रसाद साह है। वह पेशे से साइकिल दुकानदार हैं और धोबहा बाजार पर साइकिल बनाने एवं पार्ट्स बेचने का दुकान चलाते हैं। गोली बाएं हाथ में बांह पर लगी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई। उक्त बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने ट्रैक्टर चालक पर फायरिंग क्यों की इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। जख्मी साइकिल दुकानदार रामेश्वर प्रसाद साह ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह दुकान पर खड़े थे। तभी एक ट्रैक्टर वाले ने उनके दुकान के सामने ट्रैक्टर लगा दिया। उसी दौरान पीछे से एक बाइक पर सवार दो हथियारबंद बदमाश वहां आए और ट्रैक्टर चालक पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में गोली ट्रैक्टर चालक को न लगकर उन्हें बाएं हाथ में लग गई। इसके बाद दोनों हथियारबंद बदमाश बाइक से आरा की ओर भाग निकले। जख्मी दुकानदार को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि धोबहां बाजार पर एक ट्रैक्टर वाले से किसी बात को लेकर बाइक सवार दो लड़के झगड़ रहे थे और बाद में उन्होंने फायरिंग कर दी।

धार्मिक भावना आहत करने की कोशिश को पुलिस ने की नाकाम

मोहनिया कैमुर, शुभ भास्कर। ज़िले के भभुआ प्रखण्ड स्थित शिवपुर गांव में बीती रात ईद मिलादुन्नबी पर्व के अवसर पर धार्मिक भावना आहत करने की नाकाम कोशिश की गई, साथ ही गांव में वर्षों से चले आ रहे आपसी सदभाव को भी तोड़ने की कोशिश की गई,सूचना मिलते समय रहते पहुंची पुलिस ने असमाजिक तत्वों के इरादों को नाकाम कर दिया, इसकी सूचना मिलते ही एसडीपीओ भभुआ व थाना अध्यक्ष भभुआ सदर बल के साथ शिवपुर गांव पहुंच कर दोनों समुदाय के बीच मामले को समझा बुझा कर समाप्त किया। जानकारी के अनुसार भभुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर गांव में ईद मिलादुन्नबी पैगम्बर हज़रत मुहम्मद के जन्म दिवस के अवसर एक समुदाय के लोगो द्वारा गांव के विभिन्न स्थानों समेत स्थानीय कब्रिस्तान में झंडे लगा कर सजावट की गई थी।बीती रात करीब 2 बजे के बाद असमाजिक तत्वों द्वारा झंडों को उखाड़ कर आग के हवाले कर दिया गया।प्रातः जैसे ही लोगो को इस बात की सूचना मिली के लोगो का आक्रोश बढ़ गया।जिसे ले कर तेज़ी से नाना प्रकार की अफवाह फैलाने लगी।। इस संबंध में जदयू अल्पसंख्यक अध्यक्ष लियाकत अंसारी उर्फ भोला ने घटना की निंदा करते हुए बताया कि इसकी सूचना आरक्षी अधीक्षक को दी गई है।उन्होंने तत्काल कारवाई का आश्वाशन दिया है। इसकी सूचना भभुआ थाना को मिलते ही मौका पर तत्काल भभुआ एसडीपीओ शिवशंकर प्रसाद तथा थाना अध्यक्ष राम कल्याण यादव पहुंचे। तथा घटना की वास्तविकता का निरीक्षण कर दोनों समुदाय से शांति बनाए रखने की अपील की।साथ ही असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर कारवाई का आश्वासन दिया।इस संबंध में एसडीपीओ शिवशंकर कुमार ने बताया कि कही से कोई विवाद नही ,शिव पुर पहुंच कर मामले की छान बीन की है।मामला शांत है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शिवपुर गांव में असमाजिक तत्वों द्वारा समुदाय विशेष की धार्मिक भावना को आहत करने की नाकाम कोशिश की गई थी,लेकिन लोगों के सजगता से मामला शांत है।कही से किसी बात का विवाद नही है।दूसरी ओर पूर्व प्रखण्ड प्रमुख कमलेश सिंह और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जदयू अध्यक्ष लियाक़त अंसारी शिवपुर गांव पहुंचकर शांति शांति बनाए रखने की अपील की।

बेल्ट्रॉन कर्मियों ने सरकार से अपनी मांगों को लेकर किया बैठक

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर कैमूर,(कैमूर) भभुआ। गुरुवार को भभुआ शहर में राज्यव्यापी आंदोलन हेतु बिहार राज्य डाटा एंट्री ऑपरेटर के बैनर तले कैमूर जिले में पदस्थापित कार्यरत, प्रोग्रामर, डाटा एंट्री, ऑपरेटर आईटी बॉयज, गर्ल्स की बड़े पैमाने पर बैठक हुई यह बैठक कैमूर जिले के भभुआ शहर के जिला कृषि कार्यालय के समीप शिव मंदिर चबूतरे पर आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता अभिषेक पांडे और संचालन आनंद मोहन चौबे ने की बैठक में मौजूद रहे कर्मियों द्वारा सरकार से मांग किया गया की बेल्ट्रॉन के माध्यम से सरकार के विभिन्न विभाग कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों को विभागीय संविदा नियोजन करते हुए संबंधित विभाग या क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर मंडे आदि का भुगतान सुनिश्चित करें साथी कर्मियों ने मांग किया कि बेल्ट्रॉन के माध्यम से कार्यरत कर्मियों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी संवर्ग नियमावली से आच्छादित करते हुए लैटरल एंट्री के तहत विभागीय समायोजन राज्य कर्मी का दर्जा दिया जाए बैठक में हुसैन आरा, पूजा कुमारी शंभू शर्मा, सत्येंद्र कुमार सिंह, बृजेश कुमार गुप्ता, साहिल कुमार समेत काफी संख्या में बेल्ट्रॉन के कर्मी मौजूद रहे।

हाटा पैगंबर साहब के जन्मदिन में निकाला जुलूस

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर। चैनपुर के हाटा नगर में पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर सकड़ो लोग इस्लामी ध्वज लिए हुए देखो मेरे नबी की शान, बच्चा बच्चा है कुर्बान, सहित अन्य नारों से गुंज उठ हाटा नगर। रेहान खान के अध्यक्षता में निकाले गए जुलूस में सामाजिक नेता यासिर खान ने मोहम्मद साहब के शान में कई गीत बोलकर लोगों के मन को जीत लिया। जुलूस के पूर्व पूरे नगर को हरे झालरों से सजाया गया था। अहले सुबह से ही सड़कों की साफ सफाई के बाद दोनों तरफ सफेद लाइनिंग की गई थी। पूर्व प्रमुख शाहीन इकबाल खान के दरवाजे पर समापन से पूर्व लोगों ने घुड़सवारी का भी आनंद लिया। मौके पर इरफान अंसारी, शाहिद अंजुम, इमरान अंसारी, इम्तियाज सलमानी,नियाजउद्दीन अंसारी,शमशाद अंसारी सहित सैंकड़ों लोग शामिल थे। जुलूस के दौरान चैनपुर के आला अधिकारियों में अंचलाधिकारी पुरेंद्र कुमार सिंह, थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार, राजस्व अधिकारी अंशु कुमार शामिल थे। इस दौरान प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चौकस था।

'हल की मूठ पर हथेली अपनी और फसल ठाकुर की' को लेकर राजद खेमे में मचा घमासान

अररिया /डा. रूद्र किंकर। पूर्णिया आरजेडी सांसद मनोज झा ने फसल ठाकुर की । राज्यसभा में एक कविता कह कर बिहार की राजनीति में तूफान खड़ा कर दिया है। उन्होंने एक कविता के जरिए ठाकुर यानी राजपूतों को लेकर बयान दिया। इसके बाद उनकी ही पार्टी के आनंद मोहन और विधायक चेतन आनंद हत्थे से उखड़ गए। दरअसल राज्यसभा में मनोज झा ने एक कविता पढ़ी जो इस प्रकार थी। 'चूल्हा मिट्टी का मिट्टी तालाब की तालाब ठाकुर का । भूख रोटी की, रोटी बाजरे की, बाजरा खेत का, खेत ठाकुर का । बैल ठाकुर का हल ठाकुर का हल की मूठ पर हथेली अपनी और फसल ठाकुर की' कुआं ठाकुर का पानी ठाकुर का, गली मोहल्ले ठाकुर के, खेत खलिहान ठाकुर के। फिर अपना क्या, गांव, देश शहर ? में फिर से क्लियरिफाई करता है। वो ठाकुर मैं भी हूं, वो ठाकुर संसद में है। वो ठाकुर विश्वविद्यालयों में है। वो ठाकुर विधायिका को कंट्रोल करता है। इस ठाकुर को मारो, जो हमारे अंदर है । राष्ट्रीय परशुराम परिषद् के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा ने फेसबुक लाइव के माध्यम से मनोज झा व शिवानंद तिवारी पर बरसे साथ ही चेतन आनंद के बचाव में दिखे। पंडित अजय झा ने अपने भाषण में आपसी सौहार्द और एकता के महत्व को बताया है। उन्होंने चुनाव से पहले भाईचारा और सद्गुणों के महत्व को सुनिश्चित करने की आवश्यकता को उजागर किया है और साजिशों के खिलाफ चेतावनी भी दी है। पंडित झा ने कहा कि दोषी मनोज और शिवानंद है तो सजा उन्हें दीजिए लेकिन ब्राह्मण समाज को कोई मत घसीटिए। प्रो. मनोज झा को हमारा समाज ब्राह्मण नहीं मानता। वे जनेऊ संस्कार के विरुद्ध रहे हैं, उनके माता पिता जनेऊ संस्कार कराया लेकिन वे जनेऊ नहीं पहनते। ब्राह्मण समाज के लिए कोई काम किए हों तो वो बताए। ई मनोज और तिवारी अपना टी आर पी बढ़ाने और अपने आका को खुश करने के लिए अकट बकट बोलते रहता है। उनको माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने अपने वक्तव्य में आपसी समझ, समरसता, और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता को महत्वपूर्ण दिखाया और समाज के हर वर्ग के सदस्यों के बीच एक गहरा संबंध बनाने की अपील की है। पंडित अजय झा ने कहा कि क्षत्रिय समाज की एकजुटता से ब्राह्मण समाज को सीखने की जरूरत है। उन्होंने सामाजिक एकता को बढ़ावा देने में सहयोग करने का संकल्प लेना चाहिए। हमारे समाज को और भी संघटित और सामरस्यपूर्ण बनाने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा।

चांदनी चौक मोहनिया में कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर। गुरुवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बिहार प्रदेश संगठन सचिव सरोज चौबे के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डा. अखिलेश प्रसाद सिंह का कैमुर आगमन पर चांदनी चौक मोहनिया में फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। सरोज चौबे ने कहा कि बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का कैमुर पहुंचेने पर उनका स्वागत किया गया है।इस दौरान चांदनी चौक स्थित भीम राव अंबेडकर को माल्यार्पण भी किया।स्वागत करने वालों कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राधेश्याम सिंह कुशवाहा, सुदर्शन राम सहित सैकड़ों कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

दूध लाने जा रहे युवक की कुआं में गिरने से मौत

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर कैमूर, (कैमूर)। भभुआ/चैनपुर दूध लाने दूसरे गांव जा रहा साइकिल सवार किशोर की देउवां गांव के कुआं में गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के देउवां गांव निवासी रौशन अंसारी के 14 वर्षीय पुत्र मुहरम अंसारी बताया जाता है। परिजनों ने बताया कि किशोर घर से साइकिल से दूध लाने के लिए दूसरे गांव सोनबरसा जा रहा था तभी रास्ते में सड़क किनारे समतल में कुआं था अचानक साइकिल से कुएं में जा गिरा। किशोर को डूबने से मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले को लेकर जांच में जुटी हुई है। शव का पंचनामा कर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भभुआं लाई है वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

दशरथ मांझी शौर्य रथ यात्रा निकल गया

दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता भभुआ (कैमूर)। भगवानपुर प्रखंड के पवरा पहाड़ी पर मां मुंडेश्वरी दरबार के यज्ञशाला से शुरू होकर भभुआ होते हुए पटना तक जाएगी।स्वामी अंजनीसानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि बिहार के विभिन्न जिलों से होते हुए भारत का जो गौरव मई हमारा इतिहास है। जो राष्ट्र अखंड भारत की सम्राट और चाणक से लेकर के शिवाजी सांभा राव महाराणा प्रताप लक्ष्मीबाई सुभाष चंद्र बोस चंद्र शेखर आजाद रहे है। जो भारत की रक्षा के लिए जो शहीद हो गए उनका इतिहास में छुपाया गया। तथा उनकी इतिहास बच्चों को नहीं बताया गया जिसके तत्वाधान में रथ यात्रा के माध्यम से सभी को जागरूक करना तथा पूरे देश में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बिहार के मुंडेश्वरी से शुरू होकर विभिन्न जगहों से होते हुए। पटना में 8 अक्टूबर को सभा के रूप में बदल जाएगा जहां कार्यक्रम की समाप्ति होगी इस अवसर पर रथ के साथ आए हुए मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी योगेश्वर नंद जी अंजनी सानंद सरस्वती जी महाराज और त्रिलोकी नाथ बागी विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय सदस्य गौ रक्षक और नेतृत्व करता भारतीय जनता पार्टी के पूर्व खनन मंत्री बृज किशोर बिन्द व वह भाजपा के सक्रिय सदस्य मधु सिंह रविंद्र सिंह रामेश्वर तिवारी मंडल अध्यक्ष गोलू सिंह सिपाही पांडे मनमौजी मिट्ठू अग्रवाल दीपक चौरसिया साहित सैकड़ो बजरंग दल के सदस्य ने रथ भगवानपुर चौक पर पहुंचने पर रथ पर विराजमान राम लखन जानकी प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित कर आरती किया गया।

आदेश पिछले तीस वर्ष में नही हुआ है नया काम,एक कमरों में दो वर्ग की होती है एक साथ पढ़ाई

उर्दू मध्य विद्यालय बबुरा के जर्जर इमारतों को ध्वस्त करने का आदेश

कैमुर भभुआ। ज़िला मुख्यालय भभुआ से मात्र डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर भभुआ मोहनिया मुख्य पथ के ठीक किनारे पूरबी दिशा में मौजूद उर्दू मध्य विद्यालय बबुरा के छतिग्रस्त व जर्जर इमारतों को ध्वस्त करने का आदेश ज़िला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया है।बताया जाता है कि विद्यालय के जिन कमरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया गया है वह सैंकड़ो वर्ष का बताया जाता है।जो पूर्ण रूप से जर्जर हो कर किसी बड़ी घटना को आमंत्रित कर रहा है। बताया जाता है जर्जर हो चुके भवन को वर्ष पूर्व निर्माण कराया गया था जर्जर होने के कारण कमरों में लगे खिड़की व दरवाज़ा के साथ साथ लोहा व छड़ आदि पहले ही नशेड़ियों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। अब केवल खंडहर व जर्जर नुमा कमरों का अवशेष ही दिखाई देता है।उर्दू मध्य विद्यालय की बदहाली का आलम यह है कि केवल सामने से 4 कमरों की दो मंजिला भवन दिखाई देता है ,प्रांगण में प्रवेश के बाद ही स्वक्ष भारत अभियान को मुंह चिढाई देता दिखाई देने वाला इस स्कूल में नाक पर कपड़ा रख कर ही विद्यालय का अवलोकन किया जा सकता है।कुछ वर्ष पूर्व बना शौचालय व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने की सच्चाई बयान कर रहा है।गंदगी ऐसी के जैसे लगता है विद्यालय में मानव नही जानवर पढा करते है । शौचालय से निकलता दुर्गंध किसी बीमारी को दावत दे रहा है, विद्यालय के भीतर और बाहर बड़ी बड़ी घासों के साथ पेड़ो ने अपना बसेरा बना लिया है।जिसमे अक्सर विषैले जंतु विचरण करते रहते है। कुव्यवस्था को उजागर करता इस विद्यालय में वर्तमान में अष्टम वर्ग तक पढ़ाई होती है।आवश्यकता नुसार शिक्षक भी उपलब्ध है ,लेकिन कमरों का घोर अभाव है । हालात यह है कि एक एक कक्ष में दो दो वर्ग की पढ़ाई एक साथ होती है। शिक्षा समिति के अध्यक्ष फ़िरोज़ अली ने बताया कि उर्दू विद्यालय होने के कारण वर्षो से उपेक्षित है। इस विद्यालय में कमरों का घोर अभाव है। 5 से सात कमरे जर्जर हो चुके है। विधालय की घेरा बन्दी असमजिज तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया है,केवल सामने से 4 कमरे है जिसमे किसी तरह से शैक्षिक कार्यक्रम हो रहा है,उन्होंने बताया कि 20 से 30 वर्ष बीत गए आज तक कोई नया काम नही हुआ है।जो भी भवन दिखाई दे रहे है उसका सारा श्रेय सिगठी पंचायत के पूर्व मुखिया स्वर्गीय ऐनुद्दीन को जाता है।जिनके अथक प्रयास से आज यह विद्यालय है , सौ वर्ष पूर्व यहां के लोग पेड़ के नीचे पढा करते थे, लेकिन पूर्व मुखिया की नेक नियति से यहां खड़ा यह विद्यालय है।उनके स्वर्गवास होते ही यह स्कूल अपनी पहचान खो ता जा रहा है।अध्यक्ष ने बताया कि जर्जर हो चुके भवन को ध्वस्त करने के लिए कई बार समिति की बैठकों में पारित कर सम्बंधित विभाग को सूचना दी गई लेकिन अधिकरियों के कान पर जूं भी नही रेंग रही थी,ऐसे में जब शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी पटना से के के पाठक का कैमूर आगमन होने की सूचना विभाग को मिली है तो विभाग अब एक पड़े आवेदनों पर करवाई करने में लगा हुआ है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक अब्दुल मन्नान ने बताया कि जर्जर हो चुके भवनों के ध्वस्तीकरण की सूचना शिक्षा समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित होने के बाद इसकी लिखित शिकायत विभाग में की गई थी,जिसके आलोक में अधिकारी विद्यालय पहुंच कर निरीक्षण किया तथा जर्जर जो चुके 3 कमरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया है।

जन संवाद कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किए जाने से जनप्रतिनिधियों में आक्रोश

दुर्गावती कैमुर। स्थानीय प्रखंड के सावठ पंचायत में विगत 27 सितंबर को जिलाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही जन संवाद कार्यक्रम में प्रखंड बिडियो के द्वारा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किया गया था जिसे नाराज होकर जनप्रतिनिधियों ने मीडिया के समक्ष प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दिया। बता दें कि डीएम के द्वारा दुर्गावती बीडीओ ऋचा मिश्रा को सभी जनप्रतिनिधियों को जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित करने को कहा गया था। लेकिन बीडीओ के द्वारा सावठ पंचायत के दो बीडीसी एवं दुर्गावती भाग 2 के जिला परिषद सदस्य दीपक यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किया गया। इस संबंध में जिला पार्षद दीपक यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को बताया कि प्रखंड में जन संवाद का कार्यक्रम किया गया था जिसमें प्रखंड बिडियो के द्वारा हम लोगों को जन संवाद कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया था। प्रखंड बीडियो ऋचा मिश्रा के द्वारा हम लोगों का घोर अपमान किया गया है। इस शिकायत को लेकर हम लोग जिलाधिकारी कैमूर व बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री मुरारी गौतम को ज्ञापन सौंपेंगे। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सुशील गुप्ता, बीडीसी सदस्य कविता पासवान, वीरेंद्र यादव, राजेश यादव, विक्रांत कुमार गुड्डू, अनिल यादव, बसीर अहमद, श्याम प्रसाद, जयप्रकाश सुधांशु सहित सुनील यादव उपस्थित रहे।

ख़ास ख़बर

अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, जखनियां गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के आदेशानुसार अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान व अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी भुडकुडा के मार्गदर्शन में आज दिनांक 28.09.2023 को उ0नि0 रवि प्रकाश मय हमराह क्षेत्र मे मामूर थे कि जरीये मुखविर खास सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 41/23 धारा 363,376(3),120 बी,506 भा0द0वि0 व 3/4(2) पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त बृजमोहन बिन्द पुत्र रामध्यान नि0 जाठपुर ढेलवा थाना नन्दगंज गाजीपुर अभियुक्त डिहिया पिपरही मोड से कही जाने की फिराक मे यदि जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है । इस सूचना पर विश्वास करके उ0नि0 मय हमराही के मुखविर के बताये अनुसार इंगित व्यक्ति की ओर बढे तो भागना चाहा तो उसे हम पुलिस वालो द्वारा घेराबन्दी करके गिरफ्तार कर लिया गया ।

फरार पशु तस्कर के खिलाफ हुई धारा 82 की कार्यवाही , डुगडुगी पीटकर पुलिस ने कराई मुनादी

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। रामपुर मांझा थाने के पैकवली चौकी इंचार्ज ने लम्बे समय से फरार चल रहे सादात थानाक्षेत्र के दलीपराय पट्टी निवासी पशु तस्कर के घर व गांव में डुगडुगी पिटवाकर नोटिस चस्पा की। ये कार्रवाई धारा 82 के तहत की गई। चौकी इंचार्ज संजय सरोज ने बताया कि आरोपी दीपक यादव पुत्र स्व सर्वजीत यादव पर पशु तस्करी के आरोप में रामपुर मांझा थाने में मुकदमा दर्ज था, जिससे उसके खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया। फिर भी हाजिर न होने पर उसके खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई करने की नोटिस जारी की। जिसके बाद चौकी इंचार्ज ने हेड कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार रत्ना, कांस्टेबल शिवम गौतम, शिवप्रकाश यादव व महिला कांस्टेबल शांति देवी को साथ लेकर आरोपी के घर पहुंचे। वहां गांव में डुगडुगी पिटवाकर मुनादी कराई और उसके घर पर नोटिस चस्पा की। कहा कि इसके बाद भी आरोपी हाजिर नहीं हुआ तो घर की कुर्की भी की जाएगी।

जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, जखनियां गाजीपुर। बहरियाबाद स्थानीय थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में गुरुवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे से जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष की तरफ से सुशील सिंह व एक अन्य तथा दूसरे पक्ष से शोभा यादव , शिवराज यादव, आशीष यादव व एक महिला होली देवी घायल हो गई। थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

रैन बसेरा एकल का विद्यालय पर रखा गया कार्यक्रम

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, जखनियां गाजीपुर। आज रैन बसेरा अलीपुर मदरा में एकल विद्यालय का कार्यक्रम रखा गया ।जिसमें उपस्थित संच दुल्लहपुर के अध्यक्ष अजय कुमार पांडे, उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद सोनी, जखनिया के अध्यक्ष बेचन लाल गुप्ता, संच हथियाराम अध्यक्ष राम जी मिश्रा, वह तीनों संच की संच प्रमुख एकल विद्यालय के पदाधिकारी और आचार्य बहने उपस्थित रहे। जिसमें तीनों संच को पुस्तक, डस्टर, पेंसिल, कलम कॉपी के साथ सेम्पट और भारत माता सरस्वती जी का फोटो वितरण किया गया ।अध्यक्ष अजय कुमार पाण्डेय ने कहा की संच की सभी दीदी को ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चो को शिक्षा के प्रति जागरूक करे और अधिक से अधिक लोगों को जोडकर शिक्षा से जोड़े।

शादियाबाद में बिना लाइसेंस के संचालित हों रहा वन्दना डेन्टल क्लिनिक

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, गाज़ीपुर। शादियाबाद में बिना लाइसेंस लिए बेधड़क चल रहा वन्दना डेन्टल क्लिनिक जब इसके सम्बंध में क्लिनिक के डॉक्टर वी.के. सिंह से बात हुई तो उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन है। लेकिन गाज़ीपुर जिले से नहीं है। अगर देखा जाए तो ऐसे कई अस्पताल और लैब और क्लिनिक है। जो गरीबों से मोटी रकम वसूलने के चक्कर में यही वजह है की ऐसे लोग अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करवाते हैं। ना जानें स्वास्थ्य विभाग ऐसे लोगों पर क्यों मेहरबान हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि जब स्वास्थ्य विभाग जब किसी जगह पर छापा मारने जाति हैं। तो अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही सबको पता चल जाता है। और क्लिनिक, अस्पताल, लैब सब बन्द करके फरार हो जाते हैं। अब इसी से आप अंदाजा लगा सकते है। कि ज़िले की स्वास्थ्य विभाग किस तरह ऐसे लोगो पर कार्यवाई कर रही है। जिला प्रशासन ना जाने ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर कब कारवाई करेंगी।

आईएमईआई 5.0 को लेकर तहसील स्तरीय बैठक

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आगामी अक्टूबर माह में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के साथ ही आईएमआई 5.0 चलना है। जिसको लेकर सभी तहसीलों में तहसील स्तरीय बैठक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को मोहम्दाबाद तहसील की बैठक तहसीलदार मोहम्मदाबाद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। जिससे आगामी माह में संचालित होने वाले कार्यक्रम के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त किया जा सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद के अधीक्षक डॉ आशीष कुमार राय ने बताया कि आगामी 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण

अभियान जिसमें 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान भी शामिल है चलना है। इसी कार्यक्रम को लेकर आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को लक्षण युक्त व्यक्तियों को नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाकर जांच कराना सुनिश्चित उन्होंने बताया कि नगर निकाय में चुने हुए जनप्रतिनिधि के द्वारा आमजन को दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों की रोकथाम के प्रति जागरुक एवं संवेदीकरण करने के बारे में भी बताया गया। बैठक में पंचायती राज विभाग ग्राम में ग्राम्य विकास विभाग के द्वारा जनसंपर्क एवं जन जागरण के माध्यम से साफ सफाई, शौचालय की सफाई, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के साथ ही खराब इंडिया मार्का हैंड पंप की मरम्मत के बारे में भी चर्चा किया गया । इसके अलावा पशुओं के मूत्र से फैलने वाला रोग लेटोस्पा यिरोसिस अनेक जनपदों में फैल रहे हैं जिसको देखते हुए पशुपालन विभाग की भूमिका बढ़ जाती है। ऐसे में आगामी माह में पशुपालन विभाग भी अपनी भूमिका निभाएगा। साथ अगामी 9 अक्टूबर से चलने वाले आई एम आई5.0 पर चर्चा करते हुऐ हेड काउंट सर्वे तथा डियु लिस्ट निर्माण में सावधानी बरतते हुए शतप्रतिशत 0 से 5 वर्ष के बच्चों का टिकाकरण किया जाए एवं उदासीन परिवार तथा बिमार बच्चों के घरों पर अवश्य ब्लाक रिस्पॉन्स टिम भ्रमण करते हुऐ उनका सफल टीकाकरण कराऐ । साथ ही समस्त जानकरीयो को ई कवच पर समय से एएनएम द्वारा सेशन बनाते हुऐ दर्ज किया जाय। बैठक में खंड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद, खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदाबाद ,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मोहम्मदाबाद,बीपीएम संजीव कुमार, डब्ल्यूएचओ से अभिषेक द्विवेदी के अलावा अन्य लोग भी शामिल रहे।

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की छवि हुई ताकतवर- मनोज सिन्हा

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, जखनिया गाजीपुर। आज जखनिया ग्राम सचिवालय पंचायत भवन का भव्य एवं दिव्य उद्घाटन विकास पुरुष महामहिम उपराज्यपाल जम्मू कश्मीर मनोज सिन्हा के कर कमल द्वारा संपन्न हुआ। मनोज सिन्हा का जखनिया कार्यक्रम में आगमन पर उनका स्वागत पुष्प वर्षा करके ग्राम वासियों ने किया, वही ग्राम प्रधान नन्दलाल गुप्ता, कार्यक्रम आयोजक अशोक गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्वागत भारत स्तंभ स्मृति चिन्ह और साल भेंट करके किया। जनपद के सारे व्यापारियों की तरफ से भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने मनोज सिन्हा को भगवान शंकर की नटराज मूर्ति सप्रेम भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मनोज सिन्हा ने कहा कि आज का भारत नरेंद्र की मोदी के नेतृत्व में बदलता भारत है, संवरता भारत है। जी-20 का सम्मेलन इसका साक्षात प्रमाण है। मनोज सिन्हा ने कहा 2014 से देश में बहुत ही परिवर्तन हुआ है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में बहुत बड़ा बदलाव हुआ है। कश्मीर जिसके लिए पहले जाना जाता था अब पुनः वही रौनक लौट आई है। अब लोग शाम से लाल चौक पर तिरंगा भी फराते हैं और झेलम नदी के किनारे बने रिवरफ्रंट पार्कों में बैठकर आइसक्रीम भी खाते हैं। जम्मू कश्मीर में नई नीतियों के कारण रिकॉर्ड पर्यटक घूमने आये। सिन्हा ने कहा भारत की नई शिक्षा नीति देश में नया परिवर्तन लाएगी। आज अपना भारत विश्व के सबसे शक्तिशाली आर्थिक देश में शुमार है। मोदी के नेतृत्व में भारत की नई पहचान बनी है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से आग्रह किया यह भारत इसी तरह सामरिक, आर्थिक औद्योगिक रूप विकसित होता रहे, आगे बढ़ता रहे, इसके लिए आप लोगों का सहयोग बहुत जरूरी है, और इसकी शुरुआत जखनिया से होनी चाहिए। उन्होंने भावुक होकर कहा हम भले जम्मू कश्मीर में रहते हैं लेकिन हमारा दिल हमेशा गाजीपुर के लोगों के लिए धड़कता रहता है। उन्होंने कहा "देश रहे परदेस रहे लेकिन राऊरे कहिबे राऊरे कहिबे" मनोज सिन्हा जखनिया में लोगो द्वारा पाए सम्मान से बहुत अभिभूत दिखे। उनके द्वारा रामराज वनवासी सहित जखनिया के विविध पदों पर आसीन कर्मचारियों, शिक्षक, डॉक्टर, भूतपूर्व सैनिक एवं अन्य सम्मानित लोगों एवं देश के चौथे स्तंभ पत्रकार बंधुओ का भी अंगवस्त्र देकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, गाजीपुर लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय, पूर्व प्रदेश मंत्री रामतेज पांडेय, पूर्व प्रत्याशी रामराज वनवासी, सरोज कुशवाहा, विपिन सिंह, संजीव गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक मुराहू राजभर, विडियो त्रिवेणी राम, सचिव गौरव सिंह, कृषि विभाग की हेमलता, व्यापार उद्योग के अबुफकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, दयाशंकर सिंह, धर्मवीर राजभर, पीयूष सिंह, पूरेंदु त्रिपाठी, कैलाश वर्मा, धर्मेंद्र चौरसिया, सुदामा यादव, वीरेंद्र पांडेय, संतोष कुशवाहा, कमलेश यादव, लोकगीत कलाकार मुद्रीका, जितेंद्र सिंह, रामदरस कुशवाह, संतोष जायसवाल, प्रशांत सिंह, विजय गुप्ता, मुकेश गुप्ता, हीरा मौर्य, जितेंद्र यादव, मुकेश वर्मा, अजीत सिंह, लाल जी गोंड़ सहित भारी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

इस्लाम धर्म के पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म दिवस पर बारावफात का जुलूस धूमधाम से निकाला गया

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता विरबहादुर मौर्या, जमानिया। स्टेशन बाजार एवं कस्बा बाजार में गुरुवार को इस्लाम धर्म के पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म दिवस पर बारावफात का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। जुलूस के चलते सड़कों पर अधिक भीड़ देखने को मिली। बारावफात जुलूस को लेकर पुलिस अलर्ट मोड दिखी और जगह जगह पर तैनात रही। प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह ने पुलिस बल के साथ बुधवार को नगर में पैदल गश्त की। उन्होंने बताया कि शांति समितियों की बैठकों में पहले ही सभी से अपील की जा चुकी है कि कोई नहीं परंपरा नहीं शुरू करने दी जाएगी। क्षेत्र के लोगों से अपील है कि वह आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं। नगर स्थित कानूनगो मोहल्ला के मदरसा रजा–ए–हबीब के सहन से मोहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश पर जुलूस निकाली और बुद्धिपुर मोहल्ला से निकाली गई जुलूस से मिली। जिसके बाद दोनों जुलूस आपस में मिलकर साथ साथ चले। इसी प्रकार नई बाजार गांव से जुलुस बरूईन और फिर स्टेशन बाजार के जुलूस में शामिल हुई। जुलूस मुस्लिम इलाको से गुजरा इस दौरान मुस्लिम बंधुओ ने मुबारक की जियारत। हुजूर की शान में पढ़े गए नात, तथा फजीर की नमाज के बाद हुई कुरानखानी हुई, हर वर्ष की भांति इस साल में भी नगर कस्बा में निकला जुलूस। इस दौरान पैगंबर साहब के विलायद (जन्म) का बयान हुआ, खड़े होकर अकीदतमंदों नेसलातोसलाम पढ़े। हुजूर की शान में नातखानी हुई, फिर फजीर की नमाज के बाद कुरानखानी की गई। शाही जामा मस्जिद के सेकेट्री मौलाना तनवीर रजा ने तकरीर के बाद सीरत की मजलिस का अंतिम बयान पढ़ा तथा अकीदतमंदों ने अपनी मुरादें भी मांगी। इस अवसर पर मोहम्मदी जुलूस में निसार वारिश खान, शाहिद जमाल, मोहम्मद असलम, शमीम खान, दानिश मंसूरी, आरिफ खान, मोहम्मद काजू, डा, ह्यतुल्लाह अंसारी, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार के नगर अध्यक्ष इजहार खान, रेहान अहमद सिद्दीकी, मौलाना जुल्फिकार, ताबिश मंसूरी, जाहिद मंसूरी, इरफान खान, बेलाल मंसूरी, एजाज मंसूरी, हयात वारिस खान,हाजी गुलाम मोहम्मद वारसी, आरिफ मंसूरी, अकील अजहर, हाजी मोहम्मद रफीक कुरैशी, सज्जाद वारिस खान, आसिफ मंसूरी शमीम फरीदी, वसीम खान, डा, निहाल खान, निगार वारिस खान, आदि सैकड़ों मुस्लिम बन्धु मौजूद रहे।

सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में ग्राम प्रधान, आशा बहु, आंगनबाड़ी आदि की भी अहम भूमिका

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता विरबहादुर मौर्या, जमानियां। गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में ग्राम प्रधान, आशा बहु, आंगनबाड़ी आदि की भी अहम भूमिका है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग की ओर से मिशन शक्ति के तहत बृहद कार्यक्रम कराने की योजना बनाई जा रही है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने स्थल का चयन करने के लिए क्षेत्र का भ्रमण किया और स्थलीय निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिये। एसपीआरए बलवंत ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय में बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर बताए जा रहे हैं। इसी के तहत सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के संबंध में भी जागरूक किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत बृहद कार्यक्रम होने वाला है। जिसमें आशा बहु, आंगनबाडी, ग्राम प्रधानों आदि को बुलाया जाएगा और मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला सुरक्षा सहित महिलाओं से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों आदि के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा। इसी को लेकर कार्यक्रम स्थल के चयन करने के लिए विभिन्न स्थानों को देखा गया और चयनित किया गया।

सेवराई नगर पंचायत दिलदारनगर में प्रस्तावित इंटरलाकिग और नाली निर्माण कार्यों की एसडीएम ने की जांच

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मनोज कुमार जमानियां। सेवराई नगर पंचायत दिलदारनगर में उपजिलाधिकारी संजय यादव ने बताया कि जिले से दिलदारनगर पंचायत के अन्दर इंटर लॉकिंग और नाली निर्माण के प्रस्तावित किया गया है उसकी जांच की गई है रिपोर्ट बनाकर विभागीय अधिकारी के यहां भेज दिया गया है इस दौरान अधिशासी अभियंता मनोज पाण्डेय कानगोह राकेश राय के अलावा हल्का लेखपाल व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

शिवपूजन इंटरकालेज के खेल मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

वीरबहादुर मौर्या, जमनिया। मलसा स्थित श्री शिवपूजन इंटरकालेज के खेल मैदान में 73 वां जनपदीय अंडर 14 एवं अंडर 19 (माध्यमिक) दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ।जिसमें जनपद की डेढ दर्जन से अधिक टीमों ने प्रतिभाग कर रही है। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान पंकज कुमार राय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के साथ ही फीताकाटकर किया। जिसमें अंडर 14 वर्ग से एस के बी एम इंटरकालेज दिलदारनगर व बारा इंटरकालेज बारा ने अपने प्रतिद्वंद्वी टीमों को शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया।इसी तरह अंडर 19 वर्ग में मच्छटी एवं गहमर ने प्रतिद्वंद्वी टीमों को दिन में तारे दिखाते हुए फाइनल का टिकट पक्का करा लिया । उक्त टीमों के खिलाड़ियों ने अपने दमखम के जरिए कला का शानदार प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा । इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान पंकज कुमार राय ने कहा कि खेल के जरिए भी समाजिक सौहार्द कायम रखने में मदद मिलती है।कहा कि जिस तरह से खिलाड़ियों ने कला का प्रदर्शन किया वह काबिलेतारिफ है।कार्यक्रम में कमेंट्री पूर्व अध्यापक सच्चिता नंद दुबे ने किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. अरविन्द, सतीश कुमार राय, आकाश कुमार, मुहम्मद शाहजंहा , हिमांशु , अशू सिंह, सतीश सिंह, उमेश कुमार राय, मुहम्मद इब्राहिम खाँ आदि मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका मुहम्मद सेराजूद्दीन,जफर एवं शाहजंहा ने निभाई ।

हकीदत के साथ मनाई गई जश्ने ईद मिलादुन्नबी

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। तहसील जखनिया मुख्यालय सहित क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों अलीपुर मदरा, दामोदरपुर, कनुवान,गौरा खास, भुडकुडा,मुडियारी सहित क्षेत्र के तमाम कस्बे शादियाबाद, बहरियाबाद दुल्लहपुर जलालाबाद क्षेत्र में बड़े ही अकीदत तथा हर्षोल्लास के साथ हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलेही वसल्लम की शान में जुलूस के साथ-साथ ईद मिलाद उन नबी का जगह-जगह प्रोग्राम किया गया इस अवसर पर लोगों के बीच मिष्ठान वितरण किया गया तथा गरीबों को खाना खिलाया गया बताते चलें कि बारावफात या फिर जिसे मीलाद उन नबी के नाम से भी जाना जाता है, यह दिन इस्लाम मजहब का एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि इसी दिन इस्लाम धर्म के संस्थापक मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था और इसके साथ ही इसी तारीख को उनका देहांत भी हुआ था।

उद्घाटन | ऐसा भव्य डाक बंगला और सचिवालय जिले के लिए एक मिशाल है

जम्मू के युवाओं के हाथों में कलम है हथियार नही ऐसे बदलाव नौ वर्षो में हुआः मनोज सिन्हा

दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। जम्मू एंड कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा जी का आगमन आज 10:45 पर भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के अलीपुर मदरा गांव के डाक बंगला और सचिवालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ मनोज सिन्हा ने पूजन अर्चन करने के बाद डाक बंगला का सिलापट्ट खोलकर शुभारंभ किए।इस मौके पर महिला प्रधान सामराजी देवी ने बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद माता तेतरा देवी सच्चिदानंद गर्ल्स डिग्री कॉलेज में माता तेतरा देवी के प्रतिमा का विधिवत पूजन अर्चन के बाद एलजी मनोज सिन्हा ने अनावरण किया ।इस मौके पर एमएलसी केदार सिंह ,जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गिरीश यादव ने माता तेतरी देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। लोगों को संबोधित करते हुए एलजी मनोज सिन्हा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के बाद डबल इंजन की सरकार में देश में काफी परिवर्तन हुआ विकास की गंगा पूरे देश में बहाई गई। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जी-20 के सम्मेलन

में जिस कूटनीतिक का परिचय पीएम ने दिया आज पूरा भारत देख रहा।भारत वह नही विश्व के किसी भी देश के समस्या में भारत अहम भूमिका निभाने का कार्य करता है।करोना काल में पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को बचाया साथ ही विश्व को दवा देकर महामारी रोकने का काम किया ।यही नही भारत के वैज्ञानिक चंद्रयान के उस स्थान पर पहुंचने वाला पहला देश है ।अब सुरज पर पहुंचने का भी संकल्प लिया है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतोंके माध्यम से हर योजना की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध होगी।देश में नौ वर्षो में डेढ़ सौ करोड़ आवास,शौचालय,सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया। 29करोड़ जनता गरीबी के जीवन से ऊपर हुआ।देश अर्थ व्यवस्था में पांचवें नंबर पर है। उन्होंने कहा कि प्रधान प्रतिनिधि सर्वानंद सिंह ने डाक बंगला का जो निर्माण कराया इसकी जितनी चर्चा किया जाए कम है।साथ ही अटल सिंह ने मातृशक्ति का ध्यान रखते हुए विद्यालय में अपनी पूजनीय माता तेतरा देवी का प्रतिमा का अनावरण किया जो गौरव की विषय। इस मौके पर मुख्य अतिथि मनोज सिन्हा को ओम जी ग्रुप के प्रबंधक मनोज सिंह ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान की अष्टधातु की भव्य प्रतिमा को भेंट किया तथा आयोजन प्रधान प्रतिनिधि सर्वानंद सिंह ,अटल सिंह ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर स्वागत किया ।साथ ही आए हुए विशिष्ट अतिथियों का भी मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस मौके पर स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गिरीश यादव ,पूर्व एमएलसी केदार नाथ सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक सुरेंद्र सिंह सत्यानंद यति ,बेसिक शिक्षा अधिकारी , पीड़ी राजेश सिंह, अखिलानंद सिंह, दीपक चौरसिया ,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र प्रताप सिंह, प्रशांत सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के आदेशों की अवहेलना बिजली विभाग को किसानों नें दी चेतावनी

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर-गाजीपुर। गाजीपुर जनपद के दुल्लहपुर पॉवर हाऊस विद्युत उप केन्द्र से जुड़े क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत ऑनलाइन व आफ लाइन दोनों तरीके से दर्ज कराने के वावजूद 15 दिन के बाद भी नहीं बदला गया ट्रांसफॉर्मर किसान हुवे उग्र प्राप्त जानकारी के अनुसार जर्जर तार व गर्मी के चलते क्षेत्र में कब ट्रांसफॉर्मर जल जाये, कब तार टूट कर गिर जाए इसकी कोई गारण्टी नहीं रहती है क्योंकि दिन में यदि लगातार सप्लाई हुई तो मेन सप्लाई भी फाल्ट कर जाती है जिससे मजबूरन वीजली व्यवस्था के जरूरत मंद लोगों को सोलर पैनल,व जनरेटर का सहारा लेना पड़ रहा है क्योकि सरकार के लाख प्रयास व आदेश निर्देश के बावजूद दुल्लहपुर पॉवर हाउस से जुड़ी समस्या सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं वहीं कुच्छ किसानों का यह भी कहना है कि यदि कोई किसान या समाजसेवी आवाज भी उठाता है

तो विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ता है चाहे फसल जले या ट्रांसफॉर्मर कोई सुनवाई नहीं जिसका जीता जागता उदाहरण हरदासपुर खुर्द में लगे लगभग दर्जनों ट्यूबवेल से सैकड़ों विगहा की सूखती फसल व लगभग तीन गाँवो को रोशन करने वाला जला हुआ ट्रांसफॉर्मर हैं जो 15 सितम्बर का जला है,5 दिन लग गया विद्युत विभाग के कर्मचारियों को ट्रांसफॉर्मर को जला हुआ चेक करने में फिर 20 सितम्बर को पुष्टि हुई है कि जला हुआ है 20 को ही शिकायत टोल फ्री नम्बर 1912 पर शिकायत दर्ज कराई गई दुल्लहपुर पॉवर हाऊस के विद्युत अभियंता को नोट कराया गया जहाँ से वर्कशॉप के अधिकारी महोदय का नम्बर मिला कि इसपर बात कर लीजियेगा की ट्रांसफॉर्मर कब आएगा जिनका मोबाईल नम्बर किसानों द्वारा कई दिन लगातार डायल किया गया उनके द्वारा ना ही उठाया गया ना ही कोई संतोषजनक जबाब दिया गया फिर अवर अधिशासी अभियंता महोदय गाजीपुर को सूचना दर्ज कराया गया जिनके द्वारा भी कोई संतोषजनक जबाब नहीं दिया गया,फिर जिलाधिकारी महोदय के मोबाईल नम्बर पर कॉल कर अवगत कराया गया फिर भी आज तक जला हुआ ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला जा सका जिस पूरी प्रक्रिया से नाराज किसानों ने यह निर्णय लिया है कि अब यदि आज और कल में ट्रांसफॉर्मर नहीं लगा तो धरना प्रदर्शन,घेराव,व जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय तक जाना पड़ा तो सैकड़ों की संख्या में किसान जाने के लिए बाध्य होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग व शासन प्रशासन की होगी क्योकि माननीय मुख्यमंत्री जी का सख्त आदेश है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड उत्तर प्रदेश द्वारा शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे के अंदर खराब ट्रांसफार्मर बदल दिए जाएं देरी की शिकायत की आई तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें फिर भी हरदासपुर खुर्द सहित क्षेत्र के कई जले हुवे ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला गया इस लिए धरना करना हमारी अन्तिम मजबूरी हैं ।

ख़ास ख़बर

किसानों के साथ बैठक की गई

नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा। विकास खंड के ग्राम पंचायत बहादुरा तथा टिकरी में फसल अवशेष न जलाए जाने को लेकर किसानों के साथ बैठक की गई। जिसमें किसानों को फसलों अवशेष प्रबंधन एवं पराली को खेतों में जलाने को लेकर चर्चा की गई तथा फसल प्रबंधन को लेकर जागरूक किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजकीय बीज भण्डार के प्रभारी प्रवीण कुमार ने किया। इस मौके पर किसानों से फसलों के अवशेष को खेतों में न जलाने के लिए कहा गया तथा फसलों के अवशेष को खेतों में जलाने से होने वाले नुक़सान के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में किसानों से कहा गया कि पराली जलाने से प्रदूषण फैलता है जो तमाम बीमारियों को जन्म देता है। वहीं जमीन की उर्वरा शक्ति में भी कमी आती है। बैठक में किसानों को डींकपोजर मशीन के बुवाई की तकनीक पर विशेष बल दिया गया, जिससे किसान अधिक से अधिक संख्या लाभान्वित हो सके।इस मौके पर वीरेंद्र यादव,दीपक सिंह सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

महिला के विरूद्ध हरिजन एक्ट का मुकदमा दर्ज

नवाबगंज (गोंडा)शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा। थाना क्षेत्र के परसापुर गांव के गडरियन पुरवा मजरा निवासी शिवनरायन पुत्र रामफेर ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बीते बुधवार को दिन में 11 बजे गांव की ही विपक्षी जमवंती पत्नी शंकर यादव रास्ते में पानी फेंक कर गंदगी कर रही थी जब मेरी पत्नी गीता देवी ने मना किया तो विपक्षी ने अपशब्दों का प्रयोग कर डंडे से मारने लगी और जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर हरिजन एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं से घटित अपराधों में वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दुष्कर्म करने के वांछित अभियुक्त नन्द कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना को0नगर क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता के पिता द्वारा थाना को0नगर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

पुलिस ने 02 अदद चोरी की मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या। थाना मवई पुलिस ने कुशहरी जंगल के पास एक अभियुक्त को चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मवई पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चला रही थी तभी उपनिरीक्षक गुलाम रसूल,का0 सन्तोष सरोज,विशाल यादव देवराज सिंह,जोगेंद्र यादव के साथ मौके पर पहुँच अभियुक्त राकेश कुमार यादव उर्फ कल्लू पुत्र छंगा प्रसाद यादव निवासी लोनियन का पुरवा मजरे सिठौली पटरंगा को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया। घटना मे शामिल अन्य अभियुक्त शैलेन्द्र मिश्रा पुत्र राम प्रकाश मिश्रा निवासी कटघरा मजरे जखौली थाना पटरंगा जनपद अयोध्या को पूर्व मे ही जिला कारागार भेजा जा चुका है।

जुलूस ए मोहम्मदी सकुशल सम्पन्न

संवाददाता मो0 अबूबकर, रूदौली अयोध्या। तहसील रुदौली क्षेत्र के रुदौली नगर में मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर जुलूस ए मोहम्मदी विभिन्न अंजुमन के लोगों ने जुलूस निकाला।जुलूस ए मोहम्मदी रूदौली के विभिन्न स्थानों से निकल कर शेख हज़रत मखदूम अब्दुल हक़ रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह होते हुए मखदूम जादा, मुहल्ला सालार,कजियाना,नवाब बाजार,कटरा,सब्जी मंडी होते हुए अपने अपने स्थान पर वापस हो सकुशल सम्पन्न हो गया। प्रत्येक जगह जुलूस के स्वागत एवम खाने पीने के इंतेजाम किए गए हैं।वहीं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम कर रखे हैं।बारावफात की पूर्व संध्या पर रूदौली नगर को दुल्हन की तरह सजावट की जाती है जिसमें हर मोहल्ले में लोगों विभिन्न आकार के नमूने बना रखते है,जिसको देखने के लिए दूर दराज से लोग आते रहते हैं।वही दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र के कोपेपुर गाँव से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया जो कोटरा,खण्ड पिपरा, दशरथ मऊ,हसनामऊ हयातनगर, हलीम नगर नईसराय रहीम गंज होते हुए शुजागंज बाजार से होकर अपने स्थान पर जा सम्पन्न हो गया।

डीएम ने किया नगर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा। मेरा गोण्डा, मेरी शान के मंत्र पर काम कर रहीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के सौंदर्यीकरण, बाजारों व ट्रैफिक की व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ सैकड़ों युवाओं के लिए रोजगार सृजन की दिशा में अहम कदम उठाया है। उनकी पहल और दूरदर्शिता का नतीजा है अब जनपद को पहला वेंडिंग जोन मिलने जा रहा है। गुरुवार को औचक निरीक्षण पर निकली जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस पहले वेंडिंग जोन के लिए जमीन भी चिन्हित कर ली है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोण्डा को लोहिया धर्मशाला के पास मिल के सामने खाली पड़ स्थान को साफ कराकर यहां वेंडिंग जोन स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। यहां बिना किसी रोक-टोक और ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावित किए बिना वेंडर अपना कारोबार कर सकेंगे। वेंडिंग जोन के साथ-साथ डीएम की पहल पर जनपद का पहला फूड जोन भी स्थापित किया जा रहा है। यहां पर शहरवासी खाने के नए नए जायकों का लुफ्त उठा सकेंगे। वहीं, सैकड़ों लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गुरुवार सुबह 7.30 बजे गोण्डा नगर की साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधान डाकघर गोंडा के आसपास, लोहिया धर्मशाला के पास, सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के पास, शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज (टामसन) के पास तथा सिंचाई भाग की कॉलोनी, जय नारायण चौराहा बड़गांव आदि के आस-पास साफ सफाई व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोंडा संजय कुमार मिश्र, सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ओपन यूरिनेशन फ्री जोन घोषित : जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निरीक्षण की शुरुआत प्रधान डाकघर के रघुकुल विद्यालय की ओर जानी वाली सड़क के निरीक्षण से की। नगर पालिका द्वारा इस क्षेत्र की साफ सफाई कराई गई थी। डीएम ने इस क्षेत्र को ओपन यूरिनेशन फ्री जोन घोषित किया। साथ ही, अधिशासी अधिकारी को क्षेत्र में स्वच्छता बनाने के साथ ही पौधारोपण के माध्यम से सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए।

ऐसा होगा पहला वेंडिंग जोन : जिला अस्पताल के पास गंदगी की शिकायतों को देखते हुए जिलाधिकारी मौके पर निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान लोहिया धर्मशाला के पास मिल के सामने खाली स्थान को साफ कराकर वेंडिंग जोन के रूप में विकसित करने के संबंध में अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने साफ किया कि जो भी लोग यहां दुकानें लगाते हैं उन्हें इस वेंडिंग जोन में प्राथमिकता दी जाए। यहां सभी के पास एक जैसा ठेला होगा। हजरतगंज की तर्ज पर विकसित होगा बाजार लखनऊ के हजरतगंज की दर्ज पर जनपद के बाजारों के सौंदर्यीकरण के साथ एकरूपता के संबंध में भी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इसके लिए यूनिफार्म कलर कोड की भी व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के पास पहुंची डीएम ने बताया कि शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज तथा सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में बनी दुकानों का रंग रोगन किया जाएगा।

रामनगरी अयोध्या में लाखों दिए जलने के बाद भी नहीं दिख रहा है बुजुर्ग का दर्द

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के गेट के सामने आंखों में आंसू लिए बैठा यह बुजुर्ग जवानी में राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या पुस्तकालय में किताबों का बोझ उठाने के बाद अब बुढ़ापे में, बुढ़ापे और गरीबी का बोझ लिए, टकटकी लगाए विश्वविद्यालय में जाने वाले सभी जिम्मेदारों की तरफ आशा भरी नजर से देख रहा है यह वृद्ध अरुण प्रताप सिंह है जो इस वक्त सेवानिवृत हो चुके हैं यह राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या में पुस्तकालय में लैंडिंग सहायक के पद पर काम कर रहे थे।30 जनवरी 2021 को अरुण प्रताप सिंह रिटायर हुए 30 जनवरी 2021 से लेकर अब तक यह सिर्फ विश्वविद्यालय के दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं विश्वविद्यालय में जाने वाले बच्चे भी अजीब नजर से इस वृद्ध को देख रहे हैं बुजुर्ग विश्वविद्यालय के कुलपति से लेकर प्रशासनिक स्तर पर हर दफ्तर में भाग दौड़ करके थक चुका है, बुढ़ापे में पैरों में जवाब दिया तो यह बुजुर्ग विश्वविद्यालय के गेट पर धरने पर बैठ गया रामनगरी अयोध्या में लाखों दीपक जलने के बाद भी इस बुजुर्ग का दर्द,और गरीबी किसी को दिखाई नहीं दे रही है 22 सितंबर 2022 को अरुण प्रताप सिंह को कुल सचिव के द्वारा एक पत्र प्राप्त हुआ जिसमें यह कहा गया कि विश्वविद्यालय द्वारा बहुत ही गंभीरता एवं सहानभूत से विचार किया जा रहा है अति शीघ्र आपकी समस्या का निस्तारण किया जाएगा अतः आप विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन पर किए जा रहे आमरण अनशन को समाप्त करने का कष्ट करें।

पूर्व मंत्री ने किया जुलूस-ए-मोहम्मदी का स्वागत

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। चौक में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन व समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम ने महानगर कमेटी के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी का स्वागत किया, पूर्व मंत्री ने टाटशाह मस्जिद के इमाम शमशुल कमर, गुलाम सिद्दीकी, मौलाना फैसल, सहित सभी कमेटी के लोगो को शाल व माला पहनाकर स्वागत किया, इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा की पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के संदेश हमेशा समाज को सच्चाई और नेकी के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे, महानगर अध्यक्ष ने कहा कि आज हम सभी को मुहम्मद साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है, आज हमारा आपसी भाईचारा ही है सभी धर्मों के लोग मिलजुलकर इसे श्रद्धा से मनाते हैं। महानगर प्रतियोगिता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष मंसूर इलाही एडवोकेट, महानगर उपाध्यक्ष राकेश पांडे, रियाज अहमद टेनी, महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, आकिब खान, ईशा कुरैशी, अक्षत श्रीवास्तव, रजत गुप्ता, कामिल हसनैन, शाहबाज लकी, फरीद कुरैशी, शहनवाज खान शेखू, इश्तियाक खान, इत्यादि लोग मौजूद थे।

झलक से जिनकी फलक़ है रौशन,वो देखो मुस्तफा आ रहे हैं

ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा, वजीरगंज (गोण्डा)। अंधेरे में दिल की चरागे मोहब्बत, ये किसने जलाया सबेरे सबेरे। लिया जब भी मैने, ये नाम-ए-मोहम्मद, बड़ा लुत्फ आया सबेरे सबेरे मरहबा मरहबा सरकार की आमद मरहबा चारों ओर गूंजती आवाजों के बीच आशिक-ए-रसूल की टोली हाथ में लिए शहर से लेकर गांव कस्बों तक बस इस्लाम का परचम ही नज़र आता रहा। मौका था जश्न-ए-ईदमिलादुन्नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.) की यौम-ए-पैदाइश का। घरों में जहां इबादत होती रही तो वहीं सड़कों पर नबी की शान में अकीदतमंदों ने जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला। पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.) की यौम-ए-पैदाइश को लेकर गुरुवार को जिले में जश्न का माहौल रहा। हर तरफ बस आशिक-ए-रसूल की टोली नबी की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा के नाते कलाम पर झूमती रही। जश्न ईदमिलादुन्नबी के मौके पर निकले जुलूस में अकीदतमंद लोग नात पाक पढ़ते हुए पूरे शहर में निकले। जुलूस-ए-मोहम्मदी गांव -, समेत 25 जगह से जलूस निकाला गया वजीरगंज क्षेत्र में रौजा शरीफ दरगाह अचलपुर भषमपुर सीरपुरवा जमालपुर बड़ा दरवाजा चंदापुर के विभिन्न हिस्सों से होता हुआ देर शाम को खत्म हुआ। इस अवसर पर एसो वजीरगंज अभय सिंह अपने टीम के साथ उपस्थित रहे।

शोभायात्रा नगरवासियों की सुरक्षा को लेकर यात्रा में भारी पुलिस फोर्स रही तैनात

मिल्कीपुर में निकली गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा,बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। हवा में उड़ रहे रंग बिरंगे गुलाल से नगर वासी सराबोर हुई। डीजे की धुन पर सभी थिरक रहे थे। शोभायात्रा में शामिल झांकियों का आकर्षण नगरवासियों को लुभा रहा था। छतों से महिलाएं और बच्चे पुष्पवर्षा कर रहे थे। घंटा, घड़ियाल बजाते हुए पुरोहित भगवान गणेश प्रतिमा के साथ चल रहे थे। गांव से लेकर नगर तक की सड़कों पर भक्तों का उल्लास देखते ही बन रहा था। कई दिनों से चल रही गणेश पूजा में गुरुवार को गजानन को दी जा रही विदाई का नजारा कुछ अलग ही बयां कर रहा था। कुछ लोग मूर्तियां लेकर आदि गंगा गोमती नदी में प्रवाहित कर रहे थे तो किनारों पर मौजूद भक्त आवाज लगा रहे थे- गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस फिर जल्दी आना। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के इनायत नगर, कुचेरा, बारुन, मंजनाई समेत अन्य प्रमुख बाजारों गांव में पंडालों में सजी भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन करने के लिए शोभायात्रा गुरुवार को निकल गई। सुबह पूजा अर्चना के बाद मुहूर्त के अनुसार मूर्तियों को लेकर भक्त आदि गंगा गोमती व त्रेता युग कालीन तमसा नदी की ओर चल पड़े। पुरुषों के साथ ही महिलाओं की जबर्दस्त भीड़ इस शोभायात्रा का हिस्सा रहीं। शोभायात्रा में शामिल भक्त अबीर गुलाल से शराबोर थे। गजानन के साथ ही भगवान राम का दरबार सहित देवी देवताओं की झांकियां की रौनक देखते ही बन रही थी। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उप जिला अधिकारी राजीव रत्न सिंह, क्षेत्राधिकारी आशीष निगम समेत मिल्कीपुर सर्किल के सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष अपने-अपने थाना क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के लिए मुस्तादी से लगे रहे, ताकि कहीं पर किसी प्रकार की कोई समस्या मूर्ति विसर्जन के दौरान न होने पाए। कड़ी सुरक्षा के बीच में मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हो गया।

अखिल भारतीय चाणक्य परिषद महिला प्रकोष्ठ महामंत्री का प्रदेशाध्यक्ष टीम द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर किया गया स्वागत

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। उत्तर प्रदेश राजधानी से चलकर अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की प्रदेश महामंत्री विनीत मिश्रा अयोध्या पहुंची अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष पंडित सत्य देव मिश्र द्वारा प्रदेश महामंत्री विनीत मिश्रा को दर्शन पूजन के बाद शहर के देवकली रोड निकट शक्ति नगर कॉलोनी स्थित अखिल भारतीय चाणक्य परिषद केंद्रीय कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष पंडित दिलीप राम त्रिपाठी द्वारा अंग वस्त्र,माला बुके भेंट कर स्वागत किया गया इस अवसर पर पंडित जयप्रकाश तिवारी सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, डॉ जय गुरुदेव शुक्ल प्रदेश उपाध्यक्ष, मुकेश तिवारी, आलोक कुमार पांडेय राम प्रकाश पांडेय, घनश्याम मिश्रा दुर्गेश पांडेय, धीरेंद्र पांडेय, रमाकांत मिश्र, विपिन शंकर तिवारी पंचमुखी हनुमान मंदिर के संरक्षक ,अखिलेश चतुर्वेदी, अतुल तिवारी, राधा रमण त्रिपाठी, अमरेश शुक्ला एवं अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

दत्तनगर में नाव पलटने के बाद भी, नाव का संचालन है जारी

नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा। क्षेत्र के दत्तनगर स्थित ढेमवा पुल के पास बुधवार को नाव पलटने से 3 मोटर साईकिले पानी में डूब गयीं थी. वहीँ नाव पर सवार आधा दर्जन लोग पानी कम होने के चलते बाल बाल बच गए थे. इस घटना के बाद भी ब्रस्पतिवार को सरयू नदी में नाव का संचालन जारी रहा.इस संबंध में ज़ब चौकी प्रभारी से जानकारी ली गयीं तो उन्होंने बताया की नाव संचालन पर रोक है. नाव न चले इसके लिए मौके पर एक आरक्षी की डीयूटी भी लगाई गयीं है. अब तज्जुब की बात यह है कि यदि आरक्षी मौजूद है तो नाव कैसे संचालित हो रही है. दुर्घटना के बाद ना तो प्रशाशन हरकत में आया ना ही स्थानीय चौकी जिसपर मिली भगत कर नाव चलाने कि चर्चा है वह ही कार्यशैली में सुधार कर सकी. नाम न छापने कि शर्त पर स्थानीय व्यक्ति द्वारा बताया गया कि शादी वर्दी में चौकी का एक आरक्षी आया और चलती हुई नाव को देखकर भी चला गया. नाव पर कोई रोक नहीं लगाई गयीं है.नाव संचालन के लिए चौकी द्वारा प्रतिदिन वसूली कि जाती है.

अवैध मिट्टी खनन करने पर मुकदमा दर्ज

नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा। थाना क्षेत्र के लौव्वाबीरपुर गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा अवैध मिट्टी खनन करने पर मुकदमा दर्ज हुआ है। स्थानीय लेखपाल स्वतंत्र कुमार शुक्ला ने बताया कि स्थलीय एवं अभिलेखित जांच में पाया गया कि गाटा संख्या 774/0.255 में राजकरन, हरिप्रसाद, गयाप्रसाद, सत्यनाथ, जगदंबा, राम गोपाल, सिंगार देवी आदि दर्ज कागजात हैं। आपसी बंटवारे के कारण उक्त गाटा संख्या में हरि प्रसाद पुत्र रामनरेश द्वारा बिना अनुमति के लगभग 100 ट्राली मिट्टी का अवैध रूप से खनन किया गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि स्थानीय लेखपाल की सूचना पर सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम और खान एवं खनिज अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

शानो शौकत से निकाला गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व जुलूस -ए-मोहम्मदी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। जामा मस्जिद के पेश इमाम हज़रत मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम कादरी साहब की सरपरस्ती में जुलूस -ए- मोहम्मदी का जुलूस मदरसा अरबिया शम - उल- उलूम कनकपुर मया बाजार से बड़ी ही शानों - शौकत के साथ गुलिस्ता साल की तरह इस साल भी निकाला गया । जुलूस जामा मस्जिद मया बाजार से निकलने के बाद द्वापर स्कूल से होते हुये मया भीखी गाँव को घुमाकर पुनः जामा मस्जिद मया बाजार में आकर खत्म हुआ। और उसके बाद सलातों सलाम पढ़ने के बाद फातिहा हुआ और उसके बाद दुआ में मुल्क में अमन - चैन कायम रहने वा मुल्क की सलामती के लिये दुआ माँगी गई। और जामा मस्जिद के पेश इमाम हज़रत मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम कादरी साहब ने बताया कि ईदों की ईद ईद मिलादुन्नबी सरवर -ए-कायनात नबी -ए-पाक हज़रत मोहम्मद मुस्तफा (स.) की यौमे -ए- पैदाइश 12 रबीउल अव्वल को सुबह सादिक के वक़्त हुआ था।इसलिये उनके यौमे -ए- पैदाइश के आमद की ख़ुशी में जश्ने ईदमिलादुन्नबी का पर्व मनाया जाता हैं।इस अवसर पर मास्टर मुबारक़ अली इदरीशी , गुलाम मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद कैफ इदरीशी,वारिस अली, मोहम्मद नईम, अज़मत अली , हसमत अली , शमसुद्दीन,मोहर्रम अली, मोहम्मद अन्सार, चांद बाबू,मोहम्मद अबरार, मोहम्मद मेराज, शोएब अंसारी ,मोहम्मद अली उर्फ लोदर सहित बड़ी संख्या में लोगों ने जुलूस - ए- मोहम्मदी की जिम्मेदारी सँभाली।

बाढ़ नियंत्रण कछ में अवर अभियंताओं की ड्यूटी लगाई गई

सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे। उत्तर प्रदेश बलरामपुर जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी दैवीय आपदा प्रदीप कुमार ने बताया की बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुये खण्डवार अवर अभियन्ताओं की ड्यूटी तीन पालियों में (8x3 घण्टा) जिला आपदा प्रबन्धन केन्द्र, बलरामपुर / ई०ओ०सी० कलेक्ट्रेट में स्थापित जिला बाढ नियंत्रण कक्ष में अग्रिम आदेश तक लगाई गई है। उन्होंने सभी सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि समय से अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहकर बाढ़ नियंत्रण कार्यो का निष्पादन करेगें। बाढ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अपर उप जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट, बलरामपुर होगें, जो ड्यूटी पर लगाये गए कर्मचारियों की उपस्थिति का नियंत्रण करेगें यदि कोई कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थिति रहता है अथवा समय से नहीं आता या उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर बनाकर ड्यूटी कक्ष से अनुपस्थित हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल देगें तथा उक्त कर्मचारी के विरूद्ध आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 में विहित प्राविधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। बाढ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नं०-05263-236250, 9170277336, 8960010336 एवं टोल फ्री नं0-1077 पर अवर अभियंताओं द्वारा दिनांक 30 सितंबर से 19 अक्टूबर , 2023 तक तीन पालियों में प्रातः 6:00 से 2:00 तक तथा अपराहन 2:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक तथा रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है जिनके द्वारा बाढ़ कंट्रोल रूम में बाढ़ खंड, सिंचाई विभाग, ड्रेनेज खंड व अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे तथा प्राप्त शिकायतों का शिकायत पंजिका में शिकायतकर्ता के संपूर्ण विवरण व निस्तारण का अंकन अनिवार्य रूप से करेंगे, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए

84 कोसी परिक्रमा पथ को विकसित करने की कवायद तेज

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। राममंदिर निर्माण के साथ ही पर्यटन व रोजगार की संभावना बढ़ाने के लिए आसपास के जिलों से रामनगरी का जुड़ाव हो सके, इसी के मद्देनजर पांच जिलों से होकर गुजरने वाले 84 कोसी परिक्रमा पथ को विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए दो हजार करोड़ का टेंडर भी हो चुका है। 275 किमी. लंबे परिक्रमा मार्ग को चमकाने में कुल 3350 करोड़ खर्च होंगे। 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण के लिए दो तिहाई हिस्से का टेंडर जारी कर दिया गया है। इस हिस्से को 18 से 24 माह में पूरा करने की मियाद तय की गई है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग 227 बी घोषित किया है। पूरे परिक्रमा मार्ग को 45 मीटर चौड़ा किया जाएगा, टू लेन सड़क बनाई जाएगी। वैसे तो पारंपरिक परिक्रमा मार्ग की लंबाई 253.6 किमी. है लेकिन एनएचएआई 275 किमी. सड़क का निर्माण कराएगा। संपर्क मार्ग और अन्य चुनिंदा स्थलों पर 60 मीटर तक चौड़ी सड़क का निर्माण होना है। इसके लिए परिक्रमा के शुरूआती स्थल बस्ती के मखौड़ा से जिले के सारपुर, सारपुर से गोसाईगंज, गोसाईगंज से बीकापुर और बीकापुर से पटरंगा के बीच बनने वाले परिक्रमा मार्ग का टेंडर जारी कर दिया गया है। परिक्रमा पथ पर भारी वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए थोड़ी-थोड़ी दूरी पर स्ट्रीट लाइट बैरियर लगाया जाएगा। 84 कोसी परिक्रमा पांच जिलों बस्ती, गोंडा, अयोध्या, बाराबंकी और अंबेडकरनगर से होकर गुजरती है। परिक्रमा पथ एनएच 28, एनएच 27, एनएच 135 ए, एनएच 330 व बीक़पुर, इनायतनगर से जुड़ता है। राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से पांच जिलों के 107 गांवों का भी पर्यटन विकास हो सकेगा। परिक्रमा पथ के निर्माण कार्य को कुल छह फेज में बांटा गया है।

ईद ए मिलाद उन नबीः बारावफात और अनंत चतुर्दशी को लेकर वाराणसी में पुलिस अलर्ट, रूट डायवर्जन लागू

वाराणसी। ईद ए मिलाद उन नबी यानी बारावफात और अनंत चतुर्दशी आज है। इसे लेकर वाराणसी कमिश्नरेट की पुलिस हाई अलर्ट पर है। बुधवार को अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) एस चनप्पा ने फोर्स के साथ शहर के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पैदल गश्त की। उन्होंने बताया कि शांति समितियों की बैठकों में पहले ही सभी से अपील की जा चुकी है कि कोई नहीं परंपरा नहीं शुरू करने दी जाएगी। जिले के लोगों से अपील है कि वह आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं। सोशल मीडिया की निरंतर निगरानी की जा रही है। शांति और कानून व्यवस्था में बाधक बनने का प्रयास करने वालों के साथ पुलिस बेहद सख्ती से पेश आएगी। बारावफात पर नगर क्षेत्र में जुलूस निकालने के साथ ही अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कमिश्नरेट के अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि जुलूसों और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों को देखते हुए सुगम यातायात के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाएगी।

मधुपुर में अकीदत व एतराम के साथ मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी

दैनिक शुभ भास्कर, मोहम्मद असलम, मधुपुर/ देवघर। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अकीकत और एहतराम के साथ मनाया गया 12 रबी उल अव्वल, जश्ने ईद मिलादुन्नबी शहर के पनाह कोला 'लखना मोहल्ला' लालगढ़' चांदमारी मोहल्ला 'बेलपाडा' नबी बक्स रोड' खलासी मोहल्ला 'मदीना मोहल्ला' बाजार मोहल्ला' 52बीघा, कमरमंजिल, पटवाबाद, हरलातांड़, नेबुआ बाद 'भेड़वा, लालगढ़, कानो, इत्यादि मोहल्ले से निकाले गए जुलूस-ए मोहम्मदी शहर के विभिन्न रास्तों से नाते रसूल गुनगुनाते हुए गुजरते हुए 11:00 बजे सभी जुलुसे मोहम्मदी शहर के डाक बंगला मैदान में पहुंचे। जहां अशरफी वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में -जिक्रे नबी और मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां शहर के उल्लमा ऐकराम ने हजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के शख्सियत पर संबोधित किया गया। इसके बाद मुल्क व मिल्लत की तरक्की' अमन शांति 'भाईचारगी के लिए संयुक्त रूप से दुआएं की गई। इस मौके पर खास तौर पर झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण 'खेलकूद कला संस्कृति मंत्री ' सह क्षेत्रीय विधायक हफीजुल हसन उपस्थित थे। इस मौके पर हजरत मौलाना मुफ्ती परवेज आलम मिस्बाही ,मौलाना उज्जैर अहमद अशरफी, ने कहा यह वह महीना है जिसमें हमारे हबीब नबी ए करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम इस दुनिया में जलवायऐ अफरोज हुए। आज इन्हीं शख्सियत की आने की खुशी में पूरी दुनिया में जश्न ईद मिलाद उन नबी मनाया जाता है। उन्होंने कहा हमारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम इस वक्त दुनिया में तशरीफ़ लाए,जब अरब की सर जमीन में खुदा का नाम लेने से इनकार किया जा रहा था।दम तोड़ती हुई इंसानियत को सहारा देने वाला कोई नहीं था, खुदा की वहानियत की प्रचार करने वाला कोई नहीं था, खुदा के दिन को फैलाने वाला कोई ताकत दिखाई नहीं दे रही थी, खुदाए अजल की इबादत के बजाय खुद बेजान बुतों की इबादत की जा रही थी। सारी बुराइयों का तकिया कलाम बने हुए थे। इस वक्त दुनिया को जरूरत थी एक ऐसे इंसान की जो नबूवत और रिसालत का संगम हो ,आंखों का सुरूर, दिल की ठंडक ,बेसहारों का सहारा, बेकसो या यतीमौ की बहते हुए आंसू को पूछने वाला हो। जरूरत थी ऐसी रसूल की जो गुमराह इंसानों को खुदा से मिला दे। हर रूह के दिलों से ऐसी आवाज़ निकल रही थी। इस वक्त खुदा को जोश आता है और यकायक नसीमें शहर का एक झोंका आया और आमना की आंगन में गुल खिला। इस गुल का नाम मोहम्मद का लकब दिया गया। जो हमारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम है। आज ही के दिन माह 12 रबी उल अव्वल 571 हिजरी को इस दुनिया में हमारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पैदा हुए।जब हमारे नबी पैदा हुए तो इस्लाम की डूबती हुई कश्ती को सहारा मिल गया, बेवाओं, यतीमौ, बेसहारों को आसरा मिला, अंधेरों को रोशनी मिला ,इंसानों को इल्म की रोशनी मिली और पूरी दुनिया बुराइयों की रास्ते से हटकर खुदा की इबादत करने लगे। पूरी दुनिया नबी ए करीम के आने के बाद सवर गए। उन्हीं की खुशी में पुरी दुनिया में जश्न मनाया जाता है।

दो मोटरसाइकिल चोर पुलिस गिरफ्त में, चोरी का मोटरसाईकिल बरामद

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। गुरुवार सुबह को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि विजेन्द्र टुडू, उम्र करीब 31 वर्ष पिता लबेश्वर टुडू, ग्राम-कालीपाथर, थाना-नाला, जिला - जामताड़ा के द्वारा चोरी का मोटरसाईकिल को चोरी कर खरीद-बिक्री का काम करते है और इस वक्त एक चोरी का मोटरसाईकिल इनके घर पर रखा हुआ है। इस सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक महोदय, जामताड़ा के निर्देशानुसार थाना प्रभारी नाला थाना के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर विजेन्द्र टुडू उम्र करीब 31 वर्ष पिता लबेश्वर दुडू, ग्राम- कालीपाथर,थाना-नाला, जिला- जामताड़ा के घर छापामारी व तलाशी की गयी। जहाँ से एक हिरो एच ई डिलक्स जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर - WB38Q 7071 ईंजन नम्बर - HATTENHHL09144, चेचिस नम्बर-MBLHAR2 30HHL07421 बरामद किया गया, जिसके संबंध में बिजेन्द्र टुडू से उक्त मोटरसाईकिल का कागजात का मांग किया गया तो उनके द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नही किया गया । पुछताछ के क्रम में बिजेन्द्र टुडु द्वारा बताया गया कि उक्त मोटरसाईकिल प्रसन्नजीत रूईदास उम्र करीब 32 वर्ष पिता गणेश रुईदास, सा०-अलीपुर, थाना-बाराबनी, जिला-पश्चिम बर्द्धमान से 5000 रूपये में खरीदे है। प्रसन्नजीत रूईदास के बारे में पूछताछ करने पर बताये कि प्रसन्नजीत रूईदास नाला थाना क्षेत्र में मोटरसाईकिलल चोरी करने आया हुआ है। पुछताछ में प्रसन्नजीत रूईदास उम्र करीब 32 वर्ष पिता गणेश रूईदास, सा०-अलीपुर, थाना- बाराबनी, जिला-पश्चिम बर्द्धमान ने स्वीकार किये कि करीब 05-06 माह पहले यह मोटरसाईकिल गोराण्डी में हटिया के पास से 1. नसीम अंसारी उम्र 30 वर्ष पिता जैनुल अंसारी, सा०-गिरमिट 10 नम्बर, थाना- जामुड़िया, जिला-पश्चिम बर्द्धमान एवं नौशाद उर्फ चुमुन पिता सिराज अंसारी, सा० - सराफतपुर बरारी थाना जोड़ापोखर, जिला-धनबाद के साथ मिलकर चोरी किये है तथा इस मोटरसाईकिल को बिजेन्द्र टुडू को बेचे है।

नाला में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मना

दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नाला प्रखंड क्षेत्र के खैरा सहित विभिन्न जगहों में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस पूरे हर्षोल्लास तथा उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खैरा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा (जुलूस) पूरे गांव का भ्रमण करते हुए जलसा मंडप में समापन हुआ ।मालूम हो कि इस अवसर पर देश में अमन शांति और भाईचारा के लिए दुआ किया गया। जुलूस का नेतृत्व कमेटी के अध्यक्ष सह झामुमो युवा नेता सफीक अंसारी ने किया ।इस दौरान मौलाना सफीउल्ला ने जुलूस के दौरान नाथ शरीफ का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि आज बहुत ही खुशी का दिन है, आज हमें पैगंबर मोहम्मद से सीख लेते हुए भाईचारा और शांति का पैगाम सबको पहुंचना होगा। इस जश्न-ए- ईद मिलादुन्नबी के त्योहार के दौरान मस्जिद ,मदरसा व मोहल्ले को इस्लामी झंडे से सजाया गया। चारों तरफ खुशियों का माहौल रहा। सभी आयु वर्ग के लोग जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के इस शोभा यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में मोहम्मद शराफत अंसारी ,शब्बीर अंसारी, सिकंदर अंसारी, जैनुल आवेदीन, असगर अली, मुख्तार अंसारी, हुसैन आलम, शमीम अंसारी ,साजिद अख्तर, शोएब अख्तर ,अब्दुल अंसारी, अब्दुल रज्जाक अंसारी। आदि की सक्रिय भूमिका रही। इस अवसर पर हाजी किस्मत अली तथा हाजी जमशेद आलम ने कहा कि हमें एक दूसरे से मिलकर भाईचारा का संदेश देना है। यह पर्व हमें एक दूसरे से भाईचारा के साथ मिलजुल कर रहने तथा देश की अमन शांति का पैगाम का संदेश देती है।

मधुपुर कॉलेज में शानदार व भव्य रूप से हुई सेमेस्टर 6 की विदाई

दैनिक शुभ भास्कर, मोहम्मद असलम, मधुपुर /देवघर। कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने हॉल नंबर 8 में आयोजित एक विशाल समारोह में अपने सेमेस्टर 6 के छात्रों को विदाई दी। प्रभारी प्राचार्य डॉ. रत्नाकर भारती की कृपापूर्ण स्वीकृति के साथ, विभागाध्यक्षा प्रोफेसर अनीता गुआ हेंब्रम और प्रोफेसर होरेन हाँसदाः के मार्गदर्शन में विदाई का आयोजन सावधानीपूर्वक किया गया। इस यादगार मौके के लिए कॉलेज समुदाय ने एक साथ आकर एकता और साथीभाव की भावना को प्रदर्शित किया। सेमेस्टर 3, 2, और 1 के छात्रों ने इस विदाई समारोह की सफलता की सुनिश्चित करने के लिए अपना समय और प्रयास समर्पित किया। सेमेस्टर 3 से कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यरत महताब अंसारी ने आयोजन के वित्त प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेमेस्टर 3 के मंच संचालक, कोमल कुमारी, ऋचा आर्य, और सोनाली कुमारी, ने कार्यक्रम को सुंदरता और पेशेवरता के साथ सजीव किया। आयोजन की साज-सज्जा की जिम्मेदारी संभाल रहे राहुल कुमार और सहयोगी प्रबंधक थे अंकित कुमार गुप्ता, जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय दिया। सेमेस्टर 2 के कुंदन कुमार ने फोटोग्राफी के माध्यम से यादों को कैद करने की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम ने सेमेस्टर 1 के प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए एक सुरीले स्वागत गाने के साथ प्रारंभ हुआ। इससे एक भावनात्मक और उत्सवपूर्ण विदा का माहौल बना। प्रोफेसर अनीता गुआ हेमब्रम और प्रोफेसर होरेन हाँसदाः ने सुंदर संदेश दिए, जिनमें शैक्षणिक यात्रा के महत्व और स्नातक छात्रों की प्रतीक्षा कर रहे उज्ज्वल भविष्य पर जोर देते हुए सुंदर संदेश दिए। सेमेस्टर 3 से यशमीन परवीन ने अपने भावनाओं को एक दिलचस्प विदाई भाषण के माध्यम से व्यक्त किया, जबकि मोहम्मद महताब अंसारी ने हिंदी में अपने भावनाएं व्यक्त की। सेमेस्टर 6 की खुशी शर्मा ने आभार और पुरानी यादों को व्यक्त करते हुए विदाई भाषण दिया। अनुराधा कुमारी यादव ने अपने गिटार वादन के साथ एक भावपूर्ण गीत के साथ एक संगीतमय स्पर्श जोड़ा आधिकारिक फोटोग्राफी सत्र 6 के सहभागी छात्रों के साथ दिन के खुशी भरे पलों को कैप्चर करती रही, जिसमें भाग लेने वाले सीनियर्स शामिल थे।छात्राएंः खुशी शर्मा, वैष्णवी चौधरी, कृति, शगुफ्ता, कहकशा, निधि, मनीषा, अनुराधा कुमारी यादव, निशा, नेहा, नंदिनी, प्रियंका कुमारी, नूरी, स्नेहा छात्रः प्रतीक चटर्जी, अभय कुमार, फैजान, सोमनाथ, असफी बदर, प्रतीक राज, मधुकंट झा, जयंत, अंकित पाठक, सुरज कुमार, आलोक कुमार, अभिषेक कार्यक्रम को समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। समारोह समाप्त होते ही, यह सभी मौजूद लोगों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ गया, जिससे एक शैक्षिक अध्याय का समापन हुआ और सेमेस्टर 6 के स्नातकों के लिए नए प्रवास की शुरुआत हुई।

ख़ास ख़बर

सरयू में ई बोट संचालन के लिए दो घाटों पर बनेगा चार्जिंग पॉइंट

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। श्रीराम की नगरी अयोध्या में योगी सरकार की विकास यात्रा जारी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य रूप में अस्तित्व में आने से पहले ही यहां विकास की तमाम योजनाओं को मूर्त रूप देने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस क्रम में केरल के सीएसएल कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और आइडब्ल्यूएआइ इनलैंड वाटरवेज अथारिटी आफ इंडिया की संयुक्त टीम ने गुप्तारघाट से लेकर अयोध्या तक घाटों का निरीक्षण किया। टीम ने इलेक्ट्रिक बोट के चार्जिंग प्वाइंटों के लिए दो जगहों को चिह्नित किया है। इनमें अयोध्या का कच्चा घाट और गुप्तारघाट के पास स्थित महाराणाप्रताप पार्क के बगल का स्थान शामिल है। इन्हीं दोनों जगहों पर जेटी की भी स्थापना की जाएगी, जिससे यात्री व पर्यटक इलेक्ट्रिक बोट पर चढ़ सकेंगे। आइडब्ल्यूएआइ के उप निदेशक अमित कुमार ने निरीक्षण के बाद मंडलायुक्त गौरव दयाल से चिह्नित स्थलों की जानकारी साझा की। उप निदेशक ने चार्जिंग प्वाइंट की स्थापना को लेकर पड़ने वाली आवश्यकताओं का पत्र मंडलायुक्त को सौंपा। टीम में आइडब्ल्यूएआइ के तकनीकी सहायक अभिनव सिंह, सर्वेयर नितीश कुमार, पायलट मनोज कुमार, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के विशेषज्ञ शामिल रहे। चार्जिंग प्वाइंट वहीं स्थापित किया जा सकता है, जहां पानी के साथ बिजली की सुविधा उपलब्ध हो।

विद्युत संविदा कर्मी से मारपीट मुकदमा दर्ज

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। बीकापुर के 33/11 के वी विद्युत स्टेशन मंगारी पर तैनात राजेश कुमार टी जी 2 के साथ में संविदा लाइन मैन अमरनाथ शाम को कोछा फीडर पर फाल्ट आ जाने पर फाल्ट को ठीक करने के लिए जा रहे थे तभी रास्ते में अवस्थीपुर निवासी त्रिभुवन उर्फ लालू और त्रिलोकनाथ जिनकी विद्युत लाइन एक दिन पूर्व में 25377 रुपए के बकाए पर काट दी गई थी ने गाड़ी रुकवा कर मारपीट किया और जान से मारने की धमकी देने लगे ।विद्युतकर्मियों के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बचाया। 33/11 मंगारी स्टेशन अवर अभियंता सुनील कुमार जायसवाल ने लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्यवाही में 3 भैंसा गाड़ी और अवैध लकड़ी जब्त

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा अनिमेष नैथानी को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को कुण्डहित थाना अन्तर्गत ग्राम- बाड़ागोविन्दपुर में थाना प्रभारी, कुण्डहित एवं वन विभाग के संयुक्त टीम के द्वारा छापामारी किया गया। जिसमें तीन भैंसा गाड़ी के साथ अवैध तरीके से परिवहन किया जा रहे शीसम एवं चुटरा के लकड़ी को बरामद किया गया। वन विभाग द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में रामचन्द पासवान, नाला वन प्रक्षेत्र, रेंज ऑफिसर, पु०अ०नि० पंकज कुमार, थाना प्रभारी, फतेहपुर थाना, स०अ०नि० रामेश्वर ठाकुर, कुण्डहित थाना,कुण्डहित वन आरक्षी जाफर मियाँ,कुण्डहित थाना के सशस्त्र बल एवं कर्मी शामिल थे।

मोटरसाइकिल के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा। नाला पुलिस ने कालीपाथर गांव से विजेंद्र टुडू (31) को एक चोरी का मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। वहीं अन्नपूर्णा पेट्रोल पंप के सामने से पश्चिम बंगाल गोरांडी अलीपुर निवासी प्रसेन्नजित रुईदास (30) को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। कालीपाथर गांव से एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत जामताड़ा भेजा गया। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी महेश मुंडा के साथ पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार मोदी, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक शंभु नाथ दत्ता, एवं सशस्त्र बल मौजूद थे।

ब्राउन शुगर के साथ अपराधी गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा अनिमेष नैथानी को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर 27 सितंबर को करमाटांड थाना पुलिस के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जामताड़ा की उपस्थिति में करमाटाड़ बाजार में एन्टी क्राईम चेकिंग की गई।इस दौरान सलामत अंसारी, उम्र करीब 29 वर्ष, पिता नवाब अलीम थाना करमाटांड़, जिला जामताड़ा को ब्राउन शुगर के छोटे बड़े कुल 11 पुडिया (कुल वजन करीब 10 ग्राम) के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सलामत अंसारी के द्वारा बताया गया कि वह ब्राउन शुगर अलाउद्दीन, पिता मिठु मियाँ, ग्राम हेठ भीठरा, थाना करमाटांड़ से खरीद कर तथा छोटा छोटा पुड़िया बनाकर पाँच सौ रुपये प्रति पुड़िया बेचता है। विदित हो कि अलाउद्दीन अंसारी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस के द्वारा छापामारी की जा रही है। इस संबंध में करमाटांड़ थाना कांड स० 98/23, दिनांक 27.09.2023 योग 21/22/271) 28/29 NDPS ACT अंकित कर गिरफ्तार अपराधी सलामत असारी को न्यायिक हिरासत में अग्रसारित किया गया है। विदित हो कि अपराधियों के पास से ब्राउन शुगर के छोटे बड़े कुल 11 पुडिया (कुल वजन करीब 8.10 ग्राम),बजाज प्लेटिना मोटर साईकिल नं0 JH21B 5518, और एक मोबाईल सेट जिसमें जियो मोबाईल सीम 7857874028 नम्बर लगा हुआ बरामद किया। छापामारी दल में शामिल पुलिस पदा0/कर्मी-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जामताड़ा,पु०अ०नि० बिरजु कुमार साव, थाना प्रभारी, करमाटांड़ थाना,पु०अ०नि० अनिल कुमार,पु०अ०नि० शशिकांत पासवान,हव0 रामचन्द्र रवानी,आरक्षी बोनीफास तिर्की, आरक्षी गौतम राउत शामिल थे।

कवियों ने श्रोताओं का मन मोहा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। तहसील प्रांगण में पूर्व आयोजित बार एसोसिएशन के हाल मे अनुपम स्मृति काव्य संध्या के आयोजन पर अंतरराष्ट्रीय कवि जमुना प्रसाद उपाध्याय की उपस्थिति पर हिंदी पखवाड़े में अपनी उपस्थिति दर्ज करके सम्मेलन में चार चांद लगाने की बात चर्चा में है मुख्य रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ गंगाराम तिवारी संचालन बहराइच के संतोष सिंह तथा कार्यक्रम का आयोजन पंडित ऋषि पांडे द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ राजेश तिवारी पुलिस क्षेत्राधिकार बीकापुर द्वारा कवि अनुपम तिवारी एवं भयंकर सिंह के चित्र पर दीप जलाकर एवं पुष्पमाला अर्पित किया जिससे इसके बाद काव्य गोष्ठी में अशोक टाटम्बरी बीकापुर बसपा से विधानसभा प्रत्याशी रहे सुनील पाठक कवित्री आभा पाठक अर्चना द्विवेदी अर्श दुबे भोला शंकर शुक्ला राकेश मिश्रा आदि लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया जिसमें बसपा से प्रत्याशी रहे सुनील पाठक ने कवियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे कवि जिन जगहों तक सारे लोगों की निगाहें नहीं पहुंच सकती है।

धूमधाम से निकाला जुलूस-ए-मोहम्मदी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। इलाही शाहिद के मैदान से निकाला जुलूस अंसार नगर होते हुए रामगंज क्रॉसिंग से मुख्य मार्ग पर आया जहां पर हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस में शिरकत की जुलूस की क़यादत शहर इमाम हाजी अब्दुल हक बरकाती ने किया। पूरे नगर में दर्जनों जगह लोगों ने शरबत मिठाई आदि बांट कर जुलूस में शामिल नन्हे मुन्ने बच्चों की झांकियों का मनोबल बढ़ाया। जुलूस में प्रमुख रूप से गोसाईगंज विधायक अभय सिंह,मोहम्मद वैस अंसारी, रमजान अली राईन, मुनव्वर कादरी, नूर सादिक, फिरदौस अंसारी, तनवीर अरशद राजू, सहित काफी लोग मौजूद रहे इस दौरान पुलिस प्रशासन प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह, आरक्षी अनुराग ठाकुर ,महेंद्र कुमार गोरी मुस्तादी से जुलूस को सकुशल संपन्न कराया।

मैजिक की टक्कर से अधेड़ महिला की मौत

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। बुधवार की देर शाम स्कूली बच्चों को ढो रही मैजिक वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। घटना हैदरगंज थाना अंतर्गत दोस्तग्रामपुर गांव की है। पीड़ित श्यामलाल कनौजिया शिकायती पत्र में कहा है कि 27 सितंबर शाम 6:30 बजे के करीब पत्नी 54 वर्षीय कमला देवी घर के सहन पर गोबर उठा रही थी। आरोप है कि ग्रामषि एकेडमी स्कूल की मैजिक वाहन संख्या यूपी 42 टी 9885 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीड़ित की पत्नी को टक्कर मार दी। जिनको गंभीर चोटें आई। उसके बाद इलाज के लिए सीएचसी तारुन ले गए। मौजूद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। एसओ मो0 अरशद ने बताया पीड़ित की तहरीर पर मैजिक वाहन संख्या नामजद व चालक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

प्रदेश सरकार ने समाज में एकरूपता लाने का संकल्प लिया

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। अनुसूचित बस्ती प्रवास कार्यक्रम के तहत भाजपा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड पूरा बाजार अंतर्गत ग्राम खानपुर के मुजरे पनुहत में आयोजित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि समाज में एकरूपता कायम की जाएगी आपसी भेदभाव को दूर कर प्रदेश का तेजी से विकास किया जाएगा और सरकार का यह संकल्प फलीभूत भी हो रहा है विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उसके निदान के लिए उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अंदर उनकी समस्याएं दूर की जाए तथा फसलों का नुकसान ना हो इसलिए छुट्टा जानवरों को पकड़ कर गौशाला में भेजा जाए।विशिष्ट महानगर अध्यक्ष कमलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि समाज की भ्रांतियां को मिटाकर समाज में एक रुपता कायम करना ही प्रदेश सरकार का उद्देश्य है जिससे देश व प्रदेश तेजी से प्रगति कर सके और ऐसा हो भी रहा है ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने कर्मचारियों से कहा कि जल निकासी एवं रास्ते का प्रबंध तत्काल किया जाए इसके लिए वे पूर्ण सहयोग करेंगे।

गंगा जमुनी तहजीब को हिंदुस्तान के लिए मिसाल

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र में बृहस्पतिवार को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जुलूस ए मोहम्मदी हर्षोल्लास के माहौल के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अंजुमनों द्वारा बड़े पैमाने पर जश्न की तैयारी की गई थी। वहीं दूसरी ओर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने भी चौकसी में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। सुबह से ही मस्जिदों के आसपास सजावट के साथ जुलूस का आगाज हुआ। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बीकापुर, खजुरहट, कोछा बाजार, मौरावा, सोनखरी, दराबगंज, चौरे बाजार, काजी सराय सहित विभिन्न स्थानों पर जुलूस में आपसी भाईचारा और सौहार्द देखने को मिला। कई जगह पर तिरंगे झंडे के साथ जुलूस निकाला गया।

दलित बस्तियों में जनसम्पर्क अभियान

पटरंगा-रुदौली। गंदगी से बीमारियां फैलती हैं साफ सफाई हमारे जीवन का अभिन्न अंग है यह बातें आज गंजकरी मजरे मखदूमपुर में दलित बस्तियों में जनसम्पर्क अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कही श्री यादव नें उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की प्रतिज्ञा दिलाई कि हम सभी न गंदगी करेंगे न करने देंगे कार्यक्रम में मेहनती रावत, रामजी यादव, उपा. निर्मल शर्मा, सभापति राजेश कुमार शर्मा, अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष किशोरी लाल, अखिलेश रावत, राम नरेश रावत, बब्बन शुक्ला, जगदीश कुमार, पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ रुदौली राम प्रेस यादव, कैलाश शुक्ला, धर्मेन्द्र वर्मा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

मोहम्मद साहब ने हमेशा इंसानियत व भाई चारे का दिया संदेश

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। जश्न ईद मिलादुन्नबी के मौके पर नगर पंचायत खिरौनी/सुचित्तागंज स्थित सोहावल नहर पुल के पास जूलूस-ए-मोहम्मदी जुलुस निकाला गया। भारी तादात में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए बीकापुर विधान सभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर ने कहा कि मोहम्मद साहब ने हमेशा इंसानियत और भाई चारा का संदेश दिया है। हम सबको उनके अनुयाई के रूप में हमेशा इंसानियत का कार्य करते रहना चाहिए। इस दौरान जुलूस में शामिल चेयर मैन प्रतिनिधि डा.राम सुमेर भारती ने कहा कि सभी धार्मिक पर्व आपसी प्रेम और भाईचारा को कायम रखने की सीख देता है। हिंदू -मुस्लिम सहित सर्व समाज के लोगों को एक दूसरे के त्योहारों को मिल जुलकर मनाना चाहिए।

कूड़ा घर निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग की शिकायत

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में लाखों की लागत से कराए जा रहे विकास कार्यों में पलीता लगाने को लेकर ग्राम प्रधान कोई कोताही नहीं बरत रहे हैं। अब मानक के विपरीत और निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के प्रयोग को लेकर ग्रामीण भी मुखर होकर बगावत पर उतर आए हैं। ग्राम पंचायत सोखावां निवासी राहुल चौरसिया पुत्र राजेश चौरसिया ने डीएम नीतीश कुमार और एसडीएम सोहावल मनोज कुमार श्रीवास्तव को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत सोखावां के मजरे लाला का पुरवा में ग्राम प्रधान द्वारा कूड़ा घर आदि बनवाया जा रहा है। जिसमें घटिया किस्म के मटेरियल प्रयोग किया जा रहा है। आरोप है कि कचरा निस्तारण केंद्र निर्माण कार्य में रद्दी ईट और बालू - सीमेंट जो लगाई जा रही।

परमेन्द्र बने अयोध्या मंडल ओलंपिक संघ के संयोजक

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। जिला ओलंपिक संघ के सचिव परमेन्द्र सिंह को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के राज्य कार्यकारिणी ने अयोध्या मंडल ओलंपिक संघ का संयोजक नियुक्त कर एक और जिम्मेदारी प्रदान की है। इसकी जानकारी उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉक्टर आनंदेश्वर पांडेय ने पत्र के माध्यम से प्रेषित की। महासचिव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने अपेक्षा की है कि आपके निर्देशन में अयोध्या मंडल में खेल और खिलाड़ियों के हित एवं उनको प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे उन्होंने बताया कि वाराणसी में 16 नवंबर से आयोजित हो रहे राज्य जूनियर मिनी बालिका ओलंपिक गेम्स के लिए अयोध्या मंडल की टीमों को प्रतिभाग करने का दायित्व भी श्री सिंह को सौंपा गया है।

जुलूस | जश्ने ईद मिलादुन्नबी जामताड़ा सहित संपूर्ण जिला में धूमधाम से मनाया गया

जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर संपूर्ण जिला जश्न में डूबा

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म दिवस जश्ने ईद मिलादुन्नबी जामताड़ा सहित संपूर्ण जिला में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर तथा ग्रामीण इलाकों से विशाल जुलूस निकाला गया। मुस्लिम समाज के लोग पैगंबर हजरत मोहम्मद के आमद पर खुशी का इजहार करते नजर आए और ईद मिलादुन्नबी मनाया। इस दौरान हुजूर की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा की आवाज फिजा गूंजती रही। कदम कदम पर या रसूल अल्लाह के नारे लगाए जा रहे थे। क्या बच्चे, क्या बूढ़े, क्या जवान, सभी के चेहरे पर खुशी दिख रही थी। जुलूस में नौजवानों ने हाथों में झंडा थामे हुए हुजूर की आमद में जश्न मनाया। डीजे की धुन पर झंडा लहराते हुए पूरे शहर का भ्रमण किया गया। जामताड़ा के मदरसा निजामीया गरीब नवाज पकडीह व सरखेलडीह, मियाडीह, बुधुडीह, नाराडीह, मोहड़ा, राजबाड़ी, श्यामपुर, दुलाडीह, धांधड़ा, पोसोई, शहरपुरा सहित विभिन्न इलाकों की जुलूस एक साथ निकाली गई। मदरसा निजामिया गरीब नवाज पाकडीह का जुलूस निकलकर मियांडीह होते हुए सहना रेलवे पुल पहुंची जहां मोहड़ा, बुधुडीह, मियांडीह, नाराडीह, राजबाड़ी की जुलूस एक साथ शामिल हो गए और ब्लॉक रोड होते हुए सुभाष चौक पहुंचे। वहां से जुलूस निकलकर स्टेशन रोड होते हुए इंदिरा चौक तक गया। वहां से पूरे शहर के भ्रमण करने के बाद वापस मदरसा पहुंचा। जहां सलातो सलाम पढ़े गए और देश की तरक्की के लिए दुआ की गई। इस दौरान तकरीर में आए मौलाना ने सभी को पैगंबर साहब के जन्मदिन पर मुबारकबाद देते हुए सभी मोमिनों को अपने अंदर की बुराइयों को खत्म कर अपने नबी आका सल्लल्लाहो सल्लम के नक्शे कदम पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज, सीओ अबिश्वर मुर्मू, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा एएसआई रजनीश आनंद दलबल के साथ मौजूद रहे। जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्र कमेटी के सदस्य अशोक मंडल, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव तरूण गुप्ता भी जुलूस में मौजूद रहे। जुलूस के दौरान शामिल हुए विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं, पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारी को कमेटी के लोगों ने हर पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि अल्लाह ने पैग़म्बर हजरत मोहम्मद साहब को मुहसिने इंसानियत बनाकर इस दुनिया में भेजा था। मोहम्मद साहब ने दुनिया वालों को अमन और शांति का संदेश दिया और एक दूसरे के साथ प्यार और मोहब्बत के साथ रहने की सीख दी। विधायक ने कहा कि पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब की तालीम मानव समाज के फलाह, तरक्की और खुशनुदी के लिए थी।

मधुपुर स्टेशन परिसर में स्काउट गाइड के बच्चों के द्वारा पब्लिक फ्लैश मॉब का हुआ

दैनिक शुभ भास्कर, मोहम्मद असलम, मधुपुर/देवघर। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मधुपुर स्टेशन परिसर में महाप्रबंधक कोलकाता अमर प्रकाश द्विवेदी एवं मंडल रेल प्रबंधक आसनसोल चेतनानंद सिंह के साथ मुख्यालय एवं आसनसोल मंडल के अधिकारी गण के समक्ष पब्लिक फ्लैश मॉब का सफल आयोजन किया गया। ताकि स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंच सके इस कार्यक्रम का सफल आयोजन शीर्षेदु सेनगुप्ता सीआईटीजी अनिल कुमार लीडर स्काउट एंड गाइड एवं रंजीत कुमार वरिष्ठ तकनीशियन (समाडि) के देखरेख में स्काउट एंड गाइड के बच्चों एवं टीटीसी ट्रेनिंग स्कूल के प्रशिक्षु द्वारा सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य संचालक कुमार अविनाश वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ईएनएचएम) आसनसोल एवं मोहम्मद आजम वरिष्ठ अनुभव अभियंता समाडि के देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।वहीं महाप्रबंधक द्वारा स्वच्छता पर आयोजित पब्लिक फ्लैश मॉब कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के उपलक्ष में पूरे देश में स्वच्छता ही सेवा की अभियान की शुरुआत की गई है। प्रधानमंत्री का यह संदेश हमारी और आपकी भागीदारी के बिना स्वच्छता अभियान सफल नहीं हो सकता इस अभियान को सफल बनाने के लिए एक अक्टूबर को प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे एक घंटा देश के समस्त नागरिक एवं भारतीय रेल से जुड़े सभी लोगों इस अभियान में शामिल होकर स्वच्छ भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण श्रमदान देकर देश को स्वच्छ वातावरण बनाने में सहयोग करें।

ख़ास ख़बर

फर्जी अध्यापक को मो0 शिवनगर तिराहा थाना रावतपुर जनपद कानपुर नगर से गिरफ्तार किया गया

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर श्री बृजनन्दन राय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना को0 नगर श्री विमलेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 28.09.2023 को मु0अ0सं0 85/21 धारा 419/420/467/468/471 भादवि थाना को0 नगर जनपद बलरामपुर से संबंधित अभियुक्त सतनाम सिंह पुत्र सन्तराम नि0 मकान सं. 655/2 मो0 शिव नगर थाना कल्यानपुर नया थाना रावतपुर जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

शिकायतों के निस्तारण हेतु बाढ़ नियंत्रण कछ में अवर अभियंताओं की ड्यूटी तीन पालियों में लगाई गई

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी दैवीय आपदा श्री प्रदीप कुमार ने बताया की बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुये खण्डवार अवर अभियन्ताओं की ड्यूटी तीन पालियों में (8x3 घण्टा) जिला आपदा प्रबन्धन केन्द्र, बलरामपुर / ई०ओ०सी० कलेक्ट्रेट में स्थापित जिला बाढ नियंत्रण कक्ष में अग्रिम आदेश तक लगाई गई है। उन्होंने सभी सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि समय से अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहकर बाढ़ नियंत्रण कार्यो का निष्पादन करेगें। बाढ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अपर उप जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट, बलरामपुर होगें, जो ड्यूटी पर लगाये गए कर्मचारियों की उपस्थिति का नियंत्रण करेगें यदि कोई कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थिति रहता है अथवा समय से नहीं आता या उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर बनाकर ड्यूटी कक्ष से अनुपस्थित हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल देगें तथा उक्त कर्मचारी के विरूद्ध आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 में विहित प्राविधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। बाढ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नं०-05263-236250, 9170277336, 8960010336 एवं टोल फ्री नं0-1077 पर अवर अभियंताओं द्वारा दिनांक 30 सितंबर से 19 अक्टूबर , 2023 तक तीन पालियों में प्रातः 6:00 से 2:00 तक तथा अपराहन 2:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक तथा रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है जिनके द्वारा बाढ़ कंट्रोल रूम में बाढ़ खंड, सिंचाई विभाग, ड्रेनेज खंड व अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे तथा प्राप्त शिकायतों का शिकायत पंजिका में शिकायतकर्ता के संपूर्ण विवरण व निस्तारण का अंकन अनिवार्य रूप से करेंगे, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए।

पेंशनर के मृत्यु हो जाने के उपरांत परिवार के सदस्य संबंधित कोषागार को जानकारी अवश्य दें- वरिष्ठ कोषाधिकारी

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि ऐसे प्रकरण कोषागारों के संज्ञान में आते रहे है , जिनमें पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरान्त उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना संबंधित कोषागार को नहीं दी जाती है जिसके फलस्वरूप कोषागार द्वारा पेंशन / पारिवारिक पेंशन का भुगतान जारी रखा जाता है। बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान की वसूली की कार्यवाही करनी पड़ती है। उन्होंने इस सम्बन्ध में समस्त सम्बन्धितों को सूचित करते हुए कहा कि यथास्थिति पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरान्त इसकी सूचना सम्बन्धित कोषागार को तत्काल उपलब्ध करायी जाये। यह पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर की परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है । यह भी ध्यान रहे कि ऐसे किसी भी प्रकरण में अनियमित भुगतान की धनराशि अनाधिकृत है। जिसकी वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूली किये जाने की कार्यवाही की जायेगी ।

पेंशनर के मृत्यु हो जाने के उपरांत परिवार के सदस्य कोषागार को जानकारी अवश्य दें

संवाददाता सौरभ पांडेय, बलरामपुर। उत्तर प्रदेश बलरामपुर वरिष्ठ कोषाधिकारी ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि ऐसे प्रकरण कोषागारों के संज्ञान में आते रहे है , जिनमें पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरान्त उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना संबंधित कोषागार को नहीं दी जाती है जिसके फलस्वरूप कोषागार द्वारा पेंशन / पारिवारिक पेंशन का भुगतान जारी रखा जाता है। बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान की वसूली की कार्यवाही करनी पड़ती है। उन्होंने इस सम्बन्ध में समस्त सम्बन्धितों को सूचित करते हुए कहा कि यथास्थिति पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरान्त इसकी सूचना सम्बन्धित कोषागार को तत्काल उपलब्ध करायी जाये। यह पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर की परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है । यह भी ध्यान रहे कि ऐसे किसी भी प्रकरण में अनियमित भुगतान की धनराशि अनाधिकृत है। जिसकी वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूली किये जाने की कार्यवाही की जायेगी ।

अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत चोरी की घटना में शामिल शातिर गिरफ्तार

वाराणसी। श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन महोदय व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के कुशल नेतृत्व में धाना सिगरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0148/2023 पारा 457/380/427/4117413 भादवि0 थाना सिगरा व मु०सं०] 0051/2023 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना दशाश्वमेध कमि) वाराणसी से सम्बन्धित वांछित शातिर अभियुक्त अंकित उर्फ कोमल सोनकर उर्फ ओमकार पुत्र महादेव सोनकर उर्फ डिंगुर प्रसाद निवासी सेमरा नई मस्जिद पोस्ट कटेसर मुगलसराय जनपद चन्दौली उम्र करीब 20 वर्ष को मण्डुवाडीह रेलवे स्टेशन के सामने टैक्सी स्टैण्ड के पास थाना भेलूपुर से समय करीब 10.30 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 21/06/2023 को आवेदक श्री दिलीप कुमार शेवारामानी पुत्र स्व0 श्री नारायण दास शेवारामानी निवासी मन D 54/158 K-1 सन्त नगर लक्सा जनपद वाराणसी द्वारा सूचित किया गया कि मेरी साड़ी कि दुकान सुविधा साड़ी इण्डिया प्रालि जो कि सिगरा स्टेडियम के सामने स्थित है, जहां दिनांक 20.06.2023 कि रात करीब 03.00 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकान के पीछे कि दिवार को तोड़कर लिफ्ट के गेट शीशे को तोड़ कर लिफ्ट तार के सहारे नीचे उतर कर दरवाजे का तार काटकर . दुकान के भूतल में प्रवेश कर कैश काउन्टर को तोड़कर लगभग 5,00,000/-रू0 कैश चोरी करने और चादी का सिक्का, सोने कि गिन्नी एवं करीबन रू0 50,000/- का समान और शिशा, म्यूजिक सिस्टम क्षतिग्रस्त किये जाने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग दर्ज कराया गया है।

अनावरण का विवरणः- अभियोग दर्ज होने के उपरान्त थाना सिगरा पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुँच कर दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया तो फुटेज में एक व्यक्ति दुकान के पीछे कि दिवार को लोहे के सरिया के से तोड़कर लिफ्ट के गेट शीशे को तोड़ कर लिफ्ट तार के सहारे नीचे ऊतर कर दरवाजे का तार काटकर दुकान के भूतल में प्रवेश कर कैश काउन्टर को तोड़ कर चोरी करना व वहाँ पर मौजूद वस्तुओं को तोडफोड करते हुए दिखाई दे रहा है, जिसका रंगीन फोटो बनवाकर पतारसी सुरागरसी करते हुए सिगरा पुलिस द्वारा लगातार सक्रिय रहते हुए त्रिनेत्र कैमरों व लोकल क्षेत्र में लगे कैमरो की सहायता से अज्ञात अभियुक्त का पीछा करते हुए अभियुक्त के पते को तस्दीक किया गया। तथा आस- पास के लोगों को फुटेज को दिखाकर अभियुक्त की पहचान सुनिश्चित किया गया । अभियुक्त घटना के उपरान्त घर से फरार चल रहा था जिसकी लगातार दबिश के माध्यम से पतारसी सुरागरसी व सर्विलांस की मदद लेकर आज दिनांक 28.09.2023 को अभियुक्त को मण्डुवाडीह के रेलवे स्टेशन के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार घटना का सफल अनावरण किया गया।

जिलाधिकारी ने नये पेराई सत्र की तैयारियों की समीक्षा में दिये निर्देश

संवाददाता बलरामपुर। उत्तर प्रदेश बलरामपुर जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने बकाया गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर सख्त रूख अपनाया है। उन्होंने पेराई सत्र 2022-23 में बकाया गना मूल्य का भुगतान जल्द से जल्द करने के लिए चीनी मिलों के महाप्रबंधकों को सख्त निर्देश दिये हैं साथ ही गन्ना से सम्बन्धित सभी सड़कों की मरम्मत पेराई सत्र चालू होने से पहले कराकर अवगत कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में गन्ना मूल्य भुगतान एवं नये पेराई सत्र की तैयारियों की समीक्षा की जिसमें ज्ञात हुआ कि पेराई सत्र 2022-23 में जनपद की चीनी मिल बलरामपुर व तुलसीपुर द्वारा गन्ना किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है परन्तु चीनी मिल इटईमैदा द्वारा मात्र 38.36 प्रतिशत ही भुगतान किया गया है। इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने चीनी मिल महाप्रबंधक संजीव शर्मा को सख्त निर्देश दिये कि बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान जल्द से जल्द करायें अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। चीनी युनिट हेड द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पेराई सत्र 2022-23 में उत्पादित चीनी, शीरा एवं अन्य सह उत्पादों की बिक्री से निर्धारित टैगिंग के अनुसार गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा रहा है। सीसीएल स्वीकृत कराये जाने की समीक्षा में चीनी मिल बलरामपुर एवं तुलसीपुर के यूनिट हेड द्वारा अवगत कराया गया कि पेराई सत्र 2023-24 के लिए क्रमशः अंकन 270 करोड़ व 160 करोड़ रूपए के सीसीएल का आवेदन किया गया है जबकि इटईमेदा चीनी मिल द्वारा सीसीएल के लिए आवेदन नहीं किया गया है। चीनी मिलों की रिपेयरिंग एवं मेन्टीमेन्स में ज्ञात हुआ कि चीनी मिल बलरामपुर 75 प्रतिशत, तुलसीपुर में 71.75 प्रतिशत तथा इटईमैदा में 65 प्रतिशत रिपेयर एवं मेन्टीनेन्स का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी सभी चीनी मिलों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि रिपेयर एवं मेन्टीनेन्स का कार्य समय से पूर्ण कराकर चीनी मिलों का संचालन ससमय कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर उपजिलाधिकारी संतोष ओझा, जिला गन्ना अधिकारी रणजीत कुशवाहा सहित चीनी मिलों के महाप्रबंधक उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न

बलरामपुर। बलरामपुर प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग नितिन अग्रवाल की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी अरविंद सिंह,विधायक बलरामपुर सदर पलटूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला,विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा उपस्थित रहे।विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने नगर पालिका में साफ सफाई की व्यवस्था, किसान सम्मान निधि, मोटे अनाज के प्रति जागरूकता अभियान, विद्युत आपूर्ति, गड्ढा मुक्ति, आयुष्मान भारत, जिला मुख्यालय को 02 लाइन से 04 लेन पर जोड़ जाना, आयुष्मान भारत, दवाओ की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपलब्धता, निराश्रित गोवंश, आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, मनरेगा, एनआरएलएम,प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पर्यटन विकास की संभावनाओं की तलाश, मिशन कायाकल्प, सामूहिक विवाह, कन्या सुमंगला योजना,कर करेत्तर, ग्राम चौपाल आदि की समीक्षा की गई। उन्होंने पराली लाओ खाद ले जाओ की योजना का व्यापक प्रचार प्रसार विकासखंड स्तर पर किए जाने का निर्देश दिया।उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाए जाने,निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल का नियमित निरीक्षण किए जाने का निर्देश दिया।विकास खंडो में ग्राम आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में माननीय जन प्रतिनिधि गण को आमंत्रित किए जाने तथा विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। मंत्री जी ने कहा कि सभी अधिकारी गण सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए उनको धरातल पर उतरे एवं आम जनमानस को योजनाओं का लाभ दें।निष्ठा, ईमानदारी से शासन की योजनाओं को संचालित करें एवं मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में बेहद रचनात्मक एवं सकारात्मक ढंग से बैठक संपन्न हुई है। सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करेंगे तथा योजनाओं का लाभ आम जनमानस को मिले यह सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, प्रभागीय वनधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव वह अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बलरामपुर से 1 वारण्टी गिरफ्तार

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा वांछित/ वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में *अपर पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर श्री राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्र0नि0 महोदय थाना तुलसीपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 27.09.23 को उ0नि0 कृष्णानन्द पाण्डेय, हे0का0 शिवकांत तिवारी द्वारा ACJM/FTC महोदय द्वारा जारी NBW आदेश के क्रम में **मा0सं0 3209/23/88 धारा 323/504/506 भादवि0 थाना तुलसीपुर से संबंधित वारन्टी अवधराम पुत्र प्रसादे नि0 पिपरहवा विशुनपुर थाना तुलसीपुर बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

रसड़ा पुलिस टीम द्वारा 1 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 1 अवैध तमंचा व 1 जिन्दा कारतूस बरामद

बलिया। पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द के आदेश के अनुपालन मे अपराध नियत्रंण, संदिग्ध व वांछित अपराधियो के गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी रसड़ा मो0 फहीम कुरैशी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रसड़ा प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना रसड़ा पुलिस टीम के उ.नि.बांक बहादुर सिंह मय फोर्स द्वारा कार्यवाही करते हुये दिनांक 27.09.2023 को मुखबिरी सूचना के आधार पर अभियुक्त मोहन पाण्डेय पुत्र अजय पाण्डेय उर्फ जई पाण्डेय निवासी रसूलपुर थाना रसड़ा जनपद बलिया को 1 अवैध तमंचा .315 बोर व 1 जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ मन्दा रेलवे क्रासिंग के पास बसवार से शाम समय करीब 5 बजे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त की बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुये मा. न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

शांति भंग में 1 गिरफ्तार

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। आज दिनांक 27/09/2023 को थाना सादुल्लाह नगर बलरामपुर में शांति भंग के मामले में 01 व्यक्ति , 04 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा- 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर मा0 न्यायालय उतरौला भेजा गया। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

जरवा पुलिस द्वारा कुल 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थ विक्रेताओं के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर श्री राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष को0 जरवा श्री अखिलेश कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व मे- आज दिनाक 27.09.2023 को थाना को0 जरवा पुलिस द्वारा अवैध रूप से किये जा रहे शराब बिक्री व निर्माण के अंतर्गत रोकथाम जुर्म जरायम के दौरान हे0का0 सुरेंद्र कुमार यादव व का0 अमित कुमार द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त मंगरे पुत्र जगेशर नि0 लौकी पिपरी थाना को0 जरवा जनपद बलरामपुर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया तथा थाना स्थानीय पर मु०अ०सं० 91/23 धारा 60(1) Ex. Act पंजीकृत कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

जुलूस | पुलिस की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर में अदब व एहतराम के साथ एक जुलूस निकाला गया

सिकंदरपुर में धूमधाम से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी

सिकन्दरपुर, बलिया। इस्लाम धर्म के बानी(प्रवर्तक)हज़रत मोहम्मद साहब सल्लल.की यौमे पैदाइश ईद मिलादुन्नबी मुस्लिम भाइयों ने गुरुवार को खुशी के माहौल में अक़ीदत के साथ मनाई। इस पाक मौक़ा पर इस्लाम धर्मावलम्बियों ने सुबह अपने घर पर फातेहा कराई और शाम को मकानों व मस्जिदों पर चेरागां (प्रकाश) कर जम कर खुशियां मनाईं। मोहम्मद साहब सल्लल.के जन्मदिन पर हर वर्षों की तरह इस साल भी पुलिस की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर में अदब व एहतराम के साथ एक जुलूस निकाला गया जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया।क़ारी फ़िरोज़ अख्तर के तेलावते कुरान पाक के बाद मोहल्ला डोमनपुरा स्थित मदरसा दारुल उलूम सरकार ए आसी के सहन(प्रांगण) से नायब गद्दीनशीन दरगाह शाह वली क़ादरी डॉ अज्मली के नेतृत्व में पूर्वान्ह 11बजे से निकला जुलूस परम्परागत मार्गों पर भ्रमण के पश्चात दोपहर में मुड़ियापुर मोहल्ला में स्थित दाता साहब के नाम से मशहूर हजरत हाशिम शाह चहार जर्ब के मज़ार के सहन(प्रांगण)में पहुंच कर जलसा का शक्ल अख्तियार कर लिया।भ्रमण के दौरान जुलूस में शामिल नात खां मोहम्मद साहब की शान में नातिया कलाम पढ़ते चल रहे थे।भ्रमण के दौरान जुलूस को जगह जगह रोका गया जहां जम कर इस्लामी नारे बुलन्द किये गए।दाता साहब के मज़ार पाक के प्रांगण में जलसा में तक़रीर करते हुए प्रोफेसर डॉ सिराजुद्दीन अज्मली ने हजरत मोहम्मद साहब सल्लल.की सीरत और मजहबे इस्लाम की खूबियों व हिदायत के बारे में चर्चा की,साथ ही उस के उसूलों पर चलने की लोगों को सलाह दिया।जुलूस में विधायक मो.जियाउद्दीन रिजवी,शेख अहमद अली संजय भाई, शेख फ़ैज,जावेद इक़बाल अंसारी,भीष्म यादव, दिनेश चौधरी,चेयरमैन प्रतिनिधि संजय जायसवाल,डॉ आशुतोष गुप्त,गणेश प्रसाद सोनी ,जयराम पाण्डेय ,राजकुमार जायसवाल,जितेश कुमार वर्मा, मास्टर ऐनुलहक़ अंसारी,मास्टर शमशाद अहमद,डॉ सलाहुद्दीन खां, दानिश अंसारी,असलम बार्बर, बबलू मास्टर,शाहिद अंसारी,खुर्शीद नेता,फैजी अंसारी,मुश्ताक़ अहमद,इश्तियाक खां,तसव्वर हुसेन खां, हाजी मास्टर शेख वसी,हाजी शेख गुलाम हैदर,रिजवी अन्सारी,शेख अलीमुद्दीन मैनेजर दारुलउलूम,कारी फ़िरोज़,इमाम अख्तर,डॉ नदीम,मास्टर लतीफ अहमद,कारी हामीदुल क़ादरी जमालुद्दीन खान बाबू,आदि प्रमुख लोग शामिल थे।जुलूस के दौरान उस के गुजरना के मार्गों पर जगह -जगह कमेटियों व व्यक्तिगत रूप से शबील का इंतज़ाम किया गया था।जहां उस में शामिल लोगों को शर्बत व पानी पिलाने के साथ ही उन में तरह तरह के तबर्रुक तक़सीम किये गए।शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए एसओ दिनेश पाठक के नेतृत्व में चौकी प्रभारी रविन्द्र कुमार पटेल सिपाहियों के साथ शुरू से अंत तक लगे रहे।

रचनात्मक एवं सकारात्मक ढंग से योजनाओ का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे अधिकारीः जिलाधिकारी

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। मा० प्रभारी मंत्री/माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग श्री नितिन अग्रवाल जी की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय श्री अरविंद सिंह, माननीय विधायक बलरामपुर सदर पलटूराम, माननीय विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, माननीय विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा उपस्थित रहे। विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने नगर पालिका में साफ सफाई की व्यवस्था, किसान सम्मान निधि, मोटे अनाज के प्रति जागरूकता अभियान, विद्युत आपूर्ति, गड्ढा मुक्ति, आयुष्मान भारत, जिला मुख्यालय को 02 लाइन से 04 लेन पर जोड़ जाना, आयुष्मान भारत, दवाओ की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपलब्धता, निराश्रित गोवंश, आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, मनरेगा, एनआरएलएम,प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पर्यटन विकास की संभावनाओं की तलाश, मिशन कायाकल्प, सामूहिक विवाह, कन्या सुमंगला योजना,कर करेत्तर, ग्राम चौपाल आदि की समीक्षा की गई। उन्होंने पराली लाओ खाद ले जाओ की योजना का व्यापक प्रचार प्रसार विकासखंड स्तर पर किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाए जाने,निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल का नियमित निरीक्षण किए जाने का निर्देश दिया। विकास खंडो में ग्राम आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में माननीय जन प्रतिनिधि गण को आमंत्रित किए जाने तथा विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। माननीय मंत्री जी ने कहा कि सभी अधिकारी गण सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए उनको धरातल पर उतरे एवं आम जनमानस को योजनाओं का लाभ दें। निष्ठा, ईमानदारी से शासन की योजनाओं को संचालित करें एवं माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि माननीय प्रभारी मंत्री जी की अध्यक्षता में बेहद रचनात्मक एवं सकारात्मक ढंग से बैठक संपन्न हुई है। सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करेंगे तथा योजनाओं का लाभ आम जनमानस को मिले यह सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, प्रभागीय वनधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री आरती तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव वह अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

ख़ास ख़बर

श्री क्षत्रिय युवक संघ का चार दिवसीय शिविर का आयोजन आज से

दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चितौड़गढ़ । जिले की रावतभाटा तहसील के दूधिया तलाई गांव स्थित सबरी माता आश्रम में श्री क्षत्रिय युवक संघ का चार दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर का 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आयोजन किया जा रहा है। छठी कक्षा में अध्यनरत या 10 वर्ष की आयु से ऊपर किसी भी उम्र तक अर्थात किशोर आयु से सीनियर सिटिजन तक भाग ले सकते है। शिविर का मुख्य उद्देश्य सभी को सामूहिक संस्कारमयी कर्म प्रणाली के तहत प्रशिक्षित करना है। शिविर में पूरे दिन के निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार प्रार्थना, खेल, बौद्धिक चर्चा, यज्ञ आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर में युवाओं को अनुशासनपूर्ण जीवन जीने के लिए, स्वयं को व्यक्तित्व निर्माण के लिए अभ्यस्त किया जायेगा शिविर में युवाओं को क्षत्रियोचित संस्कारों का शिक्षण दिया जायेगा,जिससे राष्ट्र व समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सकें। शिविर क्षत्रिय धर्म के पालन सहित श्री क्षत्रिय युवक संघ की कार्यप्रणाली और संघ से प्राथमिक परिचय करवाया जाएगा।

दरभंगा जिला महासचिव जन अधिकार पार्टी पिंटू खान ने रमेश विधूरी के बयान को बताया देश तोड़ने वाला

दरभंगा से दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुमित झा । रमेश विधूड़ी के लोकसभा में दिए गए बयान पर जन अधिकार पार्टी महासचिव पिंटू खान ने जताई अपनी प्रतिक्रिया और उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि एक जनप्रतिनिधि का इस तरह से बोलना कहीं ना कहीं और असंसदीय मर्यादा को दर्शाता है इस पर तुरंत संसद के अध्यक्ष महोदय को कारवाई करनी चाहिए क्योंकि राहुल गांधी पर जिस तरह से सरकार के द्वारा तुरंत कार्रवाई की गई तत्परता के साथ तो क्या बीजेपी अपने इस सांसद पर क्या कार्रवाई करेगी ये भी पुरा देश देख रहा है सरकार की ओर वही उन्होंने कहा कि इस तरह के शब्द देश के आम जनमानस को ठेस पहुंचाने का काम करती है इस तरह के बोल से नेताओं को बचाना चाहिए !

पंडित दीनदयाल का जीवन राष्ट्रसेवा और समर्पण का प्रतीक

दैनिक शुभ भास्कर/राकेश जैन/ राजस्थान /उदयपुर। दीनदयाल उपाध्याय की जयंति पर किया नमन पंडित दीनदयाल एकात्म मानववाद व अंत्योदय दर्शन के प्रणेता - प्रो. सारंगदेवोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को मथुरा जिले के "नगला चन्द्रभान" ग्राम में हुआ था। पंडित दीनदयाल का व्यक्तित्व हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा' उक्त विचार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती पर जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के प्रताप नगर परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का राष्ट्र व मानव निर्माण में योगदान"* विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में कुलपति प्रोफेसर कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत ने कहे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय और माता का नाम रामप्यारी था। उनके पिता रेलवे में सहायक स्टेशन मास्टर थे और माता धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। दीनदयाल 3 वर्ष के भी नहीं हुए थे, कि उनके पिता का देहांत हो गया और उनके 7 वर्ष की उम्र में मां रामप्यारी का भी निधन हो गया था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आएं, आजीवन संघ के प्रचारक रहे। 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में 'भारतीय जनसंघ' की स्थापना हुई। 1952 में इसका प्रथम अधिवेशन कानपुर में हुआ और दीनदयाल उपाध्याय जी इस दल के महामंत्री बने तथा 1967 तक वे भारतीय जनसंघ के महामंत्री रहे। अंत्योदय का नारा देने वाले दीनदयाल उपाध्याय का कहना था कि अगर हम एकता चाहते हैं, तो हमें भारतीय राष्ट्रवाद को समझना होगा, जो हिंदू राष्ट्रवाद है और भारतीय संस्कृति हिन्दू संस्कृति है। उनका कहना था कि भारत की जड़ों से जुड़ी राजनीति, अर्थनीति और समाज नीति ही देश के भाग्य को बदलने का सामर्थ्य रखती है। कोई भी देश अपनी जड़ों से कटकर विकास नहीं कर सका है। प्रो सारंगदेवोत ने कहा कि मां भारती की सेवा में जीवनपर्यंत समर्पित रहे अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। मोदी सरकार ने 25 सितंबर, 2014 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 98 वीं जयंती के अवसर पर ये घोषणा की थी कि उनकी जयंती को 'अंत्योदय दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल का जीवन राष्ट्रसेवा और समर्पण का प्रतीक है। जब भी मानवता के कल्याण की बात होगी, पंडित जी के एकात्म मानववाद दर्शन का सिद्धांत सम्पूर्ण मानवजाति को सदैव ध्रुव तारे की तरह मार्गदर्शित व प्रकाशित करेगा। उनके विचार आज भी करोड़ों लोगों के प्रेरणा स्त्रोत है। वे अंत्योदय विचार दर्शन के प्रणेता थे जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम पक्ति में खड़े व्यक्ति का उदय।

विधायक बिधूड़ी को ज्ञापन सौंप वरिष्ठ अध्यापिका को हटाने की मांग की

दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़ / रावतभाटा । तहसील की ग्राम पंचायत टोलु का लुहारिया स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय लुहारिया में अध्यापन कार्यरत वरिष्ठ अध्यापिका रोशन मीणा को हटाने के लिए ग्रामीणों एवं छात्र - छात्राओं ने विधायक बिधूड़ी को ज्ञापन सौंपा। छात्र छात्राओं का आरोप है की अध्यापिका विद्यालय में हमेशा विलंब से आती है तथा विद्यालय में किसी भी प्रकार की शैक्षिक गतिविधियां में सहयोग नही करती है। तथा हमेशा ही बच्चों एवं भामाशाहों, जनप्रतिनिधियों को एससी एसटी एक्ट और महिला आयोग की कार्यवाही में फसाने की धमकियां देती है। छात्राओं का आरोप है की अध्यापिका रोशन मीणा के पास सेंट्री नेपकिन का प्रभार है जो यह समय पर वितरित नही करती है। तथा समय पर कालांश लेकर अध्यापन कार्य भी नही करवाती है।

नारे तकबीर नारे रिसालात सरकार की आमद मरहबा की गूंज़ में निकला जुलूसे मोहम्मदी

मधुबनी संवाददाता मो सालिम आजाद। हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलेहे वसल्लम के जन्मदिवस ईद मिलादुन्नबी के मौका पर 28 सितंबर को ओलेमा की अध्यक्षता में मदरसा हमीदिया किलाघाट से शानो शौकत के साथ नारे तकबीर नारे रिसालत सरकार की आमद मरहबा मुख़्तार की आमद मरहबा की गूंज में निकला जुलूस ऐ मोहम्मदी जुलूस किलाघाट से सुबह 8:00 बजे निकला यह जुलूस नीम चौक उर्दू बाजार रहमखा करमगंज दारु भट्टी चौक रह्मगंज होता हुआ खान चौक पहुंचा जहां पर अंजुमन कारवाने मिल्लत वेलफेयर ट्रस्ट के सौजन्य रियाज़ खान क़ादरी की निगरानी में कई मोहल्ले का जुलूस इकट्ठा होकर किलाघाट जुलूस के साथ मिलकर मौलागंज मिर्जापुर दरभंगा टावर मशरफ बाजार होते हुए मदरसा हमीदिया किलाघाट पहुंचा जहां ओलेमा की तकरीर और सलातो सलाम के बाद जुलूस का समापन हुआ जुलूस में दरभंगा के कई मोहल्ले जैसे करम गंज सराय बाकरगंज भीगो फैजूल्लाह खां मौलागंज रह्मगंज इस्माइल गंज मिर्जापुर मिर्शिकार टोला मुफ्ती मोहल्ला शेर मोहम्मद भीगो वाजिदपुर तरौनी जमालपुरा कैद्राबाद बेला सुंदरपुर अलीनगर कटहलबारी अल्लपट्टी शाहगंज बेता मिर्जा हयात बैग मिर्गियास चक लाल बाग बाओली मोगलपुरा फकीरा खां पुरानी मुंसफी

असगांव ननौरा भलनी भोलका गंगवारा चंदन पट्टी के अलावा और भी मोहल्ले और देहात के लोग हजारों हजार की संख्या में जुलूस में शामिल हुऐ जगह-जगह पर लोगों ने जुलूस के लिए पानी तबर्रुक चाय वगैरह का इंतजाम किया जुलूस में आए तमाम लोग इस्लामी लिबास पहनकर हाथों में झंडे लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे जिला प्रशासन शांति समिति की टीम जगह-जगह पर जुलूस की निगरानी करती हुई नजर आ रही थी छोटे-छोटे बच्चे बूढ़े बड़े सभी खुशी के साथ झंडे लहराते हुए नारा लगाते हुए जुलूस के साथ चल रहे थे चंद शहर के उलेमा और कुछ गणमान्य लोग जुलुस में शामिल हुऐ इनमें मुफ्ती अब्दुल गफ्फार साकिब मौलाना वारिस अली हाफिज अजमेरी साहब मौलाना अब्दुल अल्लाम मिस्बाही रजा उल मुस्तफा मिस्बाही मौलाना अशरफ रजा कादरी हाफिज नियाजउद्दीन नूरी मौलाना मुफ्ती उस्मान गनी मुफ्ती कुतुबुद्दीन मिस्बाही मौलाना तहसीन रजा मिस्बाही अब्दुल सलाम खान मुन्ना इंजीनियर गनी हैदर खान रजाउल्लाह अंसारी गुलरेज अहमद मोहम्मद चांद रियाजउद्दीन कुरैशी एजाज़ वारिस शमसुद्दूहा खान टीटी बाबू डॉक्टर अहमद रहमानी मौलाना अमन नवाज खान मौलाना गुलाम सरवर मिस्बाही मौलाना अहमद रजा मुफ्ती फुल मोहम्मद मुफ्ती जलालुद्दीन नूरी हाफिज सरफराज आमिर आजम कैसर अली परवेज आलम रजवी दिलशाद कैफ़ी सैयद आफताब अशरफ राजू खान नवाज खान हाफिज मुजाहिद उल इस्लाम हाफिज तनवीर आलम शिवगतुल्ला खान डब्बू- जावेद अनवर काजू खान मोहम्मद उमर आरजू रहमानी अकबर खान गुलाब अंसारी शाहिद ख़ान गुलाम मोहम्मद नूरी आबिद हुसैन नूरी लाल बाबू मास्टर परवेज मौलाना फैसल बरकाती मौलाना मुशाहिद रजा राशिद खान इमरान ताहिर आदिल खान मोहम्मद शमीम दानिश अरबाज खान साहिल खान हमजा खान मोहम्मद शकील दीदार हुसैन चांद हसनैन बाबा सैयद खलीकुजमा पप्पू सरदार मौलाना शाहिद रजा अलहाज मोइन कुरैशी मौलाना अख्तर रजा मिस्बाही साजिद कैंसर अरमान हुसैन मुबारकी रुस्तम कुरैशी मुख्तार अहमद खान लालबाबू पप्पू खान मोहम्मद बबलू खालिद रजा कादरी डाक्टर मोहम्मद तौसीफ मौलाना फैजानुर रहमान सुभानी डॉक्टर कामरान अहमद खान तनवीर आलम तबरेज आलम मौलाना मोहम्मद इमरान शाहिद खान मौलाना राशिद खान मोहम्मद रेहान मोहम्मद अफजल इकबाल खान जावेद खान ओवैस करीम मोहम्मद तमन्ना मोहम्मद फैजान रजा अयाज अहमद लड्डू वगैरह शामिल हुए मुसलमानों के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो वाले वसल्लम के जन्मदिवस 12 रवि अव्वल शरीफ के मौके पर हर साल दरभंगा में जुलूसे मोहम्मदी निकलता है 12 रवि अव्वल शरीफ मुसलमान के लिए बहुत बड़ा दिन है मुसलमान जुलूसे मोहम्मदी के इलावा अपने घरों में फातेहाकुरान खानी का एतेमाम करते हैं गरीबों को खाना खिलाते हैं जलसे और मिलाद शरीफ की महफिल सज कर लोगों को हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के बताएं रास्ते पर चलने की हिदायत दी जाती है ।

सरोज हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का अवैध संचालन

सुनील कुमार मिश्रा /दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान /उदयपुर । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर शंकर एच बामनिया ने बताया कि विश्वस्त सूत्रों से सूचना प्राप्त होने पर भुवाना उदयपुर स्थित सरोज हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर पर कार्यालय से टीम गठित कर निरीक्षण करने हेतु भेजा गया । टीम में डॉक्टर अशोक आदित्य डी आर सी एच ओ ,डॉक्टर राकेश गुप्ता एस एम ओ , श्री राजेंद्र सोलंकी ,सहायक प्रशासनिक अधिकारी और श्री शरद पाटीदार , कोऑर्डिनेटर चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना सम्मिलित थे । श्रीमती केसर देवी ने अपने परिवार जनों के साथ सीएमएचओ डॉ बामनिया को लिखित में शिकायत दी कि सरोज हास्पिटल में

कार्यरत डॉ सुरज्ञान जो राजकीय सेवा में है द्वारा एम्बुलेंस चालकों से कमिशन पर सीधे ही मरीजों को सरोज हास्पिटल लेकर आने के लिए बोल रखा है जिससे अनजान मरीज इनके झांसे में फस जाता है। हमारे साथ भी ऐसा ही किया गया। बिजली से जल जाने पर भरत निनामा को हम उदयपुर के राजकीय चिकित्सालय में ला रहे थे ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जयंती पर सेवा पखवाड़ा पर केंद्र 56 को विजया सिंह ने लिया गोद

शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत केंद्र के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर जिला महिला मोर्चा बगहा के जिलाध्यक्ष व मधुबनी प्रखंड प्रमुख विजया सिंह ने मधुबनी प्रखंड के कठार पंचायत के खलारी गांव के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 56 को गोद लिया। इस दौरान भाजपा नेत्री विजया सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जयंती पर 17 सितंबर 2 अक्टूबर तक जयंती के अवसर पर स्वच्छता सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके दौरान मधुबनी प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या56 को विधिवत रूप से आंगनबाड़ी में

पढ़ रहे छोटे छोटे नन्हें मुन्ने बच्चों व बच्चीयों को किताब सहित बिस्किट व टॉफी देकर सम्मानित किया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका रंजना गुप्ता को निर्देश देते हुये साफ सफाई व केंद्र के बच्चों को सफाई के लिए लगातार उनके परिजनों को कहते रहें। साथ ही नियमित रूप से बच्चों के बेहतर भोजन में शिथिलता नहीं बरतें।

आइसा-इनौस ने राष्ट्रनायक शहीद -ए -आजम भगत सिंह की जयंती पर निकाला छात्र युवा संकल्प मार्च

दरभंगा से संवाददाता सुमित झा । इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) - ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने राष्ट्र नायक शहीद-ए -आजम भगत सिंह की 116 वीं जयंती के मौके पर देशव्यापी कार्यक्रम के तहत निकाला "छात्र-युवा संकल्प मार्च" इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-नौजवानों का जत्था संगठन के झंडा, बैनर और पोस्टर से लैस होकर जुलूस निकाला इस जुलूस में शहीद-ए -आजम भगत सिंह की क्रांतिकारी विरासत जिंदाबाद, भगत तेरा मिशन अधूरा हम सब मिलकर करेंगे पूरा , शहीदों के सपनों को नीलाम करने वालो खबरदार देश का छात्र - यूवा है तैयार, नफ़रत का कारोबार बंद करो- रोजगार का प्रबंध करो, रोजी दो-रोजगार दो नहीं तो गद्दी छोड़ दो, देश के छात्र-युवाओं

के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करो, मुद्दा मत भटकाओ - रोजगार कहा के ये बतलाओ,रोजगार पर श्वेत पत्र लाना होगा, रेल बैंक व कल-कारखानों को बेचना बन्द करो, देश की संपदा को देशी-विदेशी पूंजीपतियों के हाथों बेचना बंद करो जैसे गगन भेदी नारे लगा रहे थे। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए आइसा के जिला अध्यक्ष प्रिंस राज ने कहा की शहीदे आजम भगत सिंह देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।भगत सिंह ने पूंजीवाद ओर साम्राज्यवाद को मानव जाति का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। वह हर प्रकार के शोषण के खिलाफ थे। भगत सिंह एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना चाहते थे जहा मनुष्य द्वारा मनुष्य का शोषण न हों। उत्पादन के साधनों पर कुछ लोगो का अधिकार न हों। लेकिन आज इसके बिल्कुल उलट हो रहा है। इस अवसर पर इनौस नेत्री ओणम कुमारी व आइसा नेत्री सबा रौशनी ने कहा की आज हम ऐसे दौड़ में भगत सिंह को याद कर रहे है जब केंद्र की मोदी सरकार के चंद दिन बचे है. देश के छात्र-नौजवानों को नई सरकार चुननी है. इस सदर्भ में सरकार के कार्यकाल का लेखा जोखा जरुरी है. आज लगातार छात्र युवाओं से लेकर संवैधानिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों, दलितों,अल्पसंख्यकों,महिलाओं पर सत्ता प्रायोजित हमले किये जा रहे। इस अवसर पर संतोष कुमार यादव, अनिकेत रंजन, दीपक कुमार,रूपक कुमार, किसून कुमार, राहुल कुमार, राजीव कुमार, दिनेश कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

पितृपक्ष के दौरान पितर अपने परिवारजनों से मिलने धरती लोक पर आते हैं: डॉ नवनीत

दैनिक शुभ भास्कर,सुभाष चंद्र झा,सहरसा । हरिदर्शन सेवा संस्थान फाउंडेशन ट्रस्ट संस्थापक डॉ नवनीत ने कहा कि पितरों को प्रसन्न करने के लिए तय खास दिन आश्विन कृष्णपक्ष जिसे हम पितृपक्ष के नाम से जानते हैं। वह शनिवार से शुरू हो रहा है। पितृ पक्ष का समय पितरों के लिए समर्पित होता है।इन 16 दिनों में श्राद्ध, पिंडदान एवं तर्पण का विधान है। इस वर्ष 30 सितंबर से पितृपक्ष शुरू हो रहा है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष में श्राद्ध, पिंडदान एवं तर्पण से पितृ प्रसन्न होते हैं एवं जीवन के परेशानियो को दूर करते हैं।इसका समापन अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को होता है। लोक मान्यता है कि पितृपक्ष के दौरान पितर अपने परिवारजनों से मिलने धरती लोक पर आते हैं।डॉ नवनीत ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार 16 दिन के इस तिथि में श्राद्ध एवं पिंडदान से मृत व्यक्ति के आत्मा को शांति मिलती है। शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि जिस तिथि को जिस पूर्वज की मृत्यु हुई हो। पितृपक्ष के उसी तिथि में उनका पिंडदान एवं श्राद्ध करना चाहिए।ऐसा करने से मृतक आत्मा को शांति मिलती है एवं पितरों की कृपा परिवार पर भी सदैव बनी रही है।लेकिन जिन लोगों को अपने पितरों के मृत की तिथि नहीं पता होती उन्हें अमावस्या तिथि पर उनका पिंडदान एवं श्राद्ध करना चाहिए।पंचाग के अनुसार इस बार अमावस्या 14 अक्टूबर है एवं इस दिन पितृपक्ष समाप्त होगा।

मोहम्मद साहब के जन्मदिन के शुभ अवसर पर किया गया रक्तदान

आज दिनांक 28 सितंबर 2023 हिंद मानव सेवा संस्था की ओर से DMCH ब्लड बैंक में मोहम्मद साहब के जन्मदिन के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें वार्ड 37 के पार्षद रियासत अली एवं हिंद मानव सेवा संस्था के संस्थापक आरजू की मौजूदगी में कई लोगों ने अपना रक्तदान किया,बताते चलें कि हिंद मानव सेवा संस्था लगातार जरूरतमंदों को ऑक्सीजन सिलेंडर एवं अन्य सुविधा मुहैया करा रही है,इस रक्तदान शिविर आयोजन करने का मुख्य कारण लोगों में जागरूक एवं ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए किया गया ।

आप के नेता की शाही शादी उदयपुर में करोड़ों का खर्च

दैनिक शुभ भास्कर/ जसवंत सेन/ राजस्थान /उदयपुर। लोग खामखां राघव चड्ढा और परिणीति चौपड़ा की शादी में खर्च हुए करोड़ों लोगों को मुद्दा बना रहे हैं। राघव आम आदमी पार्टी के सांसद हैं,खुद आम आदमी नहीं है। लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स से पढ़ने वाला और फिल्म अभिनेत्री से शादी करने वाला कोई आदमी आम कैसे हो सकता है। वो तो खास ही होगा। 2022 में राज्यसभा चुनाव में राघव ने अपनी सम्पत्ति 37 लाख बताई थी। इसी संपत्ति को मुद्दा बनाकर सवाल उठाए जा रहे हैं कि आखिर इतना पैसा चड्ढा ने शादी में खर्च कैसे किया? अरे भाई,उसकी पत्नी परिणीति के पास तो 60-70 करोड रुपए की दौलत है। परिणीति क्या अपनी शादी में पैसे खर्च नहीं कर सकती। यह तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण का सबसे मजबूत उदाहरण है कि एक महिला अपनी शादी के लिए खुद पैसे खर्च कर रही है। भारतीय संस्कृति में भी शादी में वधु पक्ष ही खातिरदारी पर ज्यादा खर्च करता है। यहां तो वधु खुद ही बड़ी आसामी है। राघव चड्ढा आप के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सच्चे समर्थक हैं। जिस तरह केजरीवाल की कथनी और करनी में जमीन -आसमान का फर्क है। ठीक वैसे ही राघव चड्ढा की बातों और आचरण में है। कभी खुद को सड़क का आदमी और गरीब बताने वाले राघव ने अपनी बारात में सड़क का इस्तेमाल तक नहीं किया और उनकी बारात पिछोला झील में नावों में निकली। होटल लीला पैलेस में 10 लाख रुपए प्रतिदिन किराए वाला महाराजा स्वीट बुक हुआ। केजरीवाल भी दिल्ली की सत्ता में आने से पहले कहते थे कि वे राजनीति को बदल देंगे। ना सरकारी मकान, लेंगे ना सरकारी कार का इस्तेमाल करेंगे। लेकिन मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने सभी सरकारी सुविधाओं का इस्तेमाल किया और फिर अपने बंगले के रिनोवेशन पर ही 45 करोड़ों रुपए खर्च कर दिए। उसमें लगे एक-एक पर्दे की कीमत 8 लाख रुपए तक थी। अब बताइए,जब गुरु केजरीवाल मकान के नवीनीकरण पर इतना पैसा खर्च कर सकता है,तो चेला राघव चड्ढा अपनी शादी पर 5 - 6 करोड़ रुपए खर्च क्यों नहीं कर सकता? राघव को राजनीति में आए दस साल से ज्यादा हो गए हैं। नेता वही होता है, जो कमाता ज्यादा है, बताता कम है और हर कमाई का कोई हिसाब नहीं होता। फिर राघव के खर्च को तो कवर करने के लिए परिणीता की कमाई का आवरण भी है। वैसे शादी किसी की भी हो,यह उन परिवारों का निजी मामला होता है। लेकिन आदर्शवादी बातें करने वाले जब ऐसा करते हैं, तो उन पर अंगुली उठना गलत भी नहीं है। आम आदमी पार्टी ने राजनीति में अपनी जगह बनाने के लिए हर पार्टी और उसके नेताओं को गालियां दी। लेकिन अब खुद उसके नेता उसी रास्ते पर चल रहे हैं, जिसके लिए राजनीति और नेता बदनाम हैं। ऐसे में उसके नेताओं को भी लोगों से गालियां और आलोचना सुननी ही पड़ेगी।

एक्सचेंज संस्थान के द्वारा आईआईपी 2023 प्रोग्राम के तहत 200 विद्यार्थीयों एवं शिक्षकों का समूह दुबई भेजा गया है

एकेडमिक एक्सचेंज प्रोग्राम, आईआईपी 2023 के लिए जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान, ग्रेटर नोएडा के छात्र दुबई के लिए रवाना

राजस्थान । जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान, ग्रेटर नोएडा द्वारा इंटरनेशनल इमर्शन प्रोग्राम (आईआईपी 2023) का आयोजन किया गया I संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पीजीडीएम कोर्स के द्वितीय वर्ष में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों एवम शिक्षकों को वैश्विक परिवेश एवं अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण को समझने एवं अनुभव करने के उद्देश्य से दुबई भेजा गया है I इस वर्ष संस्थान के द्वारा आईआईपी 2023 प्रोग्राम के तहत 200 विद्यार्थीयों एवं शिक्षकों का समूह दुबई भेजा गया है । जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान के द्वितीय वर्ष के छात्र सितंबर 25 से 29 तक दुबई स्थित डे मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी में एकेडमिक एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत विभिन्न सर्टिफिकेशन प्रोग्राम करेंगे I इस तरीके के इंटरनेशनल सर्टिफिकेशन प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य संस्थान द्वारा

विद्यार्थियों को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा के साथ साथ आज के इस बदलते परिवेश में वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप शिक्षा ग्रहण करना है I संस्था द्वारा आयोजित इस सर्टिफिकेशन कोर्स के अंतर्गत शिक्षक एवं अध्यनरत विद्यार्थी मुख्य रूप से इंटरनेशनल ट्रेड, मैनेजमेंट थ्रू ब्लाकचैन एवं इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट विषय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे साथ ही साथ इन सर्टिफिकेशन कोर्सेस के अलावा डे मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी, दुबई के प्राचार्य द्वारा अन्य सत्र भी आयोजित किए जाएंगे I इसी क्रम में जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान, ग्रेटर नोएडा के निदेशक डॉ भूपेंद्र सोम द्वारा भी डे मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी के विद्यार्थीयों को पांच विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए जाएंगेI दुबई के इस 5 दिनों केअपने प्रवास के दौरान छात्र यूनिवर्सिटी कैंपस के अलावा दुबई की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ सुंदर दर्शनीय स्थलों और अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचा और वैश्विक आर्थिक दृष्टि की आधुनिक स्थिति का भी आनंद लेंगे। दुबई का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बुर्ज खलीफा, डेजर्ट सफारी,क्रूज राइड जैसी कुछ चुनिंदा जगहों पर छात्र भ्रमण भी करेंगेI विद्यार्थीयों को सहजता एवं मार्गदर्शन करने हेतु संस्थान की तरफ से 20 शिक्षकों का एक समूह भी छात्रों के साथ दुबई गया हैI जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान, ग्रेटर नोएडा के सीईओ श्री स्वदेश कुमार सिंह ने बताया की संस्था द्वारा विद्यार्थीयों के हित में इस तरह के और भी आयोजन निरंतर जारी रहेंगे और संस्था अपने यहां अध्यनरत विद्यार्थीयों के समग्र विकास हेतु हमेशा प्रयासरत है।

पं.धीरेन्द्र शास्त्री 6 से 8 अक्टू. अलवर में,तैयारियां पूरी

सुनील कुमार मिश्रा /दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान / अलवर। बागेश्वर हनुमान भक्त धीरेन्द्र शास्त्री 6 अक्टूबर को अलवर हनुमान कथा का आयोजन करने आएगे उनके कार्यक्रम की सभी तैयारियों को अमली जामा पहना दिया गया है इस कार्यक्रम में करीब 5 लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था आयोजक कमेटी ने की है भक्तों की भारी भीड एवं शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने पूरी कमर कस रखी है। आयोजक कमेटी के सीए किशन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पण्डित धीरेन्द्र शास्त्री 6 अक्टूबर को अलवर के केन्द्रीय विधायल के प्रांगण में बने हैलीपेड पर उतरेगे वहा से उन्हें कुछ समय आराम के लिए ले जाया जाएगा इसके बाद उनका अभिनन्दन करने के लिए खुली जीप में बैठा कर शहर के प्रमुख मार्गो से कार्यक्रम स्थल पर ले जाया जाएगा जहां शाम 4 बजे से आठ बजे तक प.धीरेन्द्र शास्त्री कथा का आयोजन करेगे इससे पूर्व इससे पूर्व सुबह 11 हजार महिलाएं कलश यात्रा निकालेगी यह कलश यात्रा हैपी स्कूल के प्रांगण से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कृषि उपज मंडी के शिव मंदिर पर समाप्त होगी वहां एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है प.धीरेन्द्र शास्त्री 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक दिव्य दरबार का आयोजन करेगे इसके बाद साय 4 बजे से 8 बजे तक कथा आयोजित की जाएगी इसी प्रकार 8 अक्टूबर को भी कथा का आयोजन किया जाएगा आयोजन कमेटी ने कार्यक्रम स्थल लोहिया के तिबारे पर 5 लाख लोगों को बैठाने के लिए व्यवस्था की है एवं भोजन पानी की व्यवस्था कमेटी द्वारा की गई है इसी प्रकार प्रशासन ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने एवं व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए सभी तैयारियां कर ली है इसके लिए 27 सितंबर को जिला प्रशासन की मीटिंग होगी इस मौके पर सीए श्रीकिशन, रविकांत, महेश भारद्वाज रिटा.आईपीएस,डा.के.के.गुप्ता दिलीप मोदी एव प्रेम गुप्ता मौजूद रहे संत दुर्बलनाथ जी की निकली भव्य शोभायात्रा अलवर। अलवर शहर में संत दुर्बलनाथ जी की 162 वीं वर्षगांठ जयंती के उपलक्ष में अलवर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई भव्य शोभायात्रा निकाली गई। खटीक समाज की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री दुर्बलनाथ जयंती एवं विवाह समारोह समिति के मीडिया प्रभारी अविनाश मलावलिया ने बताया कि श्री दुर्बलनाथ महाराज जी की शोभायात्रा को अलवर भाजपा के एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सीताराम किराड, सुशांत सिंह बिटोलिया, अध्यक्ष किशोरी लाल चौहान, अशोक किराड, प्रेमचंद बूटोलिया, मनोहर लाल चौहान, राम किशोर चौहान, लाला राम महेंद्रावरिया, मदन लाल सोलंकी आदि ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। यह शोभायात्रा अशोक टॉकीज से होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों पर निकाली गई। यात्रा का समापन जेल चौराहे स्थित खटीक छात्रावास में हुआ। शोभायात्रा में संत दुर्बलनाथ जी की कई झांकियां शामिल थी। वहीं बड़ी संख्या में समाज के लोग शोभायात्रा के साथ चल रहे थे। शोभायात्रा में प्याऊ, बैंड, डीजे आदि शामिल रहे। शोभायात्रा के खटीक छात्रावास पहुंचने पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। आज की शोभायात्रा में समाज के सभी लोगों ने शोभायात्रा सहित अन्य कार्यों में अपनी भागीदारी निभाई ।

बजट घोषणाओं को समय सीमा में पूर्ण करें - श्रीमती शकुन्तला रावत : अलवर। देवस्थान मंत्री श्रीमती शकुन्तला रावत ने वृन्दावन-बरसाना की दो दिवसीय यात्रा के तहत सोमवार को राधा माधव मंदिर वृन्दावन में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। मंत्री श्रीमती रावत ने राधा माधव मंदिर में देवस्थान विभाग के कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन हेतु बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभाग के अधीन आने वाले मंदिरों हेतु बजट घोषणा कार्यों को समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिरों में श्रद्धालुओं एवं उनके दर्शनार्थ हेतु उपयोगी एवं जरूरी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाए।श्रीमती रावत बताया कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा प्राचीन मंदिरों के विकास कार्यों हेतु हरसंभव मदद उपलब्ध कराई गई है।

ख़ास ख़बर

मिलादुन्नबी के अवसर पर रोटी बैंक एवं मौलाना गनी टस्टने किया रक्त दान

मोतिहारी अशोक वर्मा । मिलादुन्नबी के मौके पर रोटी बैंक एवं मौलाना गनी ट्रस्ट ने रेडक्रॉस मे रक्त दान किया। गौरतलब है कि दोनों संस्था प्रतिवर्ष इस मौके पर रक्तदान करती जा रही है। इस वर्ष 7वां साल है। मोहम्मद साहब की जन्मदिन पर किए जाने वाले सामाजिक एवं मानवीय कार्य की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है । 12 रबीउल अव्वल ईद मिलादुन्नबी का दिन पूरी दुनिया के लिए रहमत बन कर आए प्यारे मोहम्मद सल्लललाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश का दिन है। हर साल की तरह इस साल भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान करने वालों में नासिर ख़ान, रक्तदाता संरक्षण समिति संयोजक, कांग्रेस नेता इफ्तेखार ख़ान, युवा समाजसेवी इम्तियाजुदीन खान,मो0 समीउल्लाह खान, मो0।इम्तियाज, पप्पू अली एवं अन्य लोग थे।

कटिहार जिले में बड़ी ही हर्षोल्लास के साथ पैगंबर मोहम्मद साहब के यौम-ए- पैदाईश पर जिले भर में ईद-मिलादु न्नबी पर्व धूमधाम से मनाया गया

दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा, कटिहार । मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शहर में जुलूस निकालकर खुदा से अमन-चैन की दुआ मांगी। लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को मिलादुन्नबी की बधाई दी। शहर के डी एस कॉलेज मैदान से मिलादुन्नबी का जुलूस शुरू हुआ जो डीजे, झांकियों के साथ युवा, पुरुष और बच्चे झूमते हुए निकले। जुलूस के दौरान धर्मगुरु ने लोगों को धर्म के बारे में बताया और अमन के साथ रहने की अपील की। यह जुलूस डी एस कॉलेज मैदान से शुरू होकर महमूद चौक, दौलतराम चौक, पानी टंकी चौक, MG रोड होते हुए राजेंद्र स्टेडियम मैदान में पहुंचकर जुलूस समाप्त हुआ। जहां उलेमाओ ने इस्लाम धर्म से जुड़े तकरीर पेश की, कुल मिलाकर हज़ारो की संख्या में लोग शामिल हुए।

कटिहार जिला के पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय सदर के

दैनिक शुभ भास्कर,जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा, कटिहार । नेतृत्व में विशेष वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में दिनांक-27.09.23 संध्या के समय पुलिस निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह थाना अध्यक्ष नगर को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर आसूचना संकलन के क्रम में नगर थाना कांड संख्या 712/23 दिनांक-27.09.23 धारा-8/20/22Ipc के प्राथमिकी अभियुक्त ,1.विजय कुमार सिंह उम्र-25वर्ष पिता झंगुरी साह जुराबगंज 2.चंदन कुमार उम्र-19 वर्ष पिता महादेव महलदार 3.सौरव कुमार उम्र 20वर्ष पिता खोखा महलदार दोनो सा0 वार्ड न0 2 मूसापुर तीनो थाना-कोढ़ा जिला -कटिहार को भगवान चौक से आगे रेलवे गुमटी के पास 06.620ग्राम स्मैक, कुल-65300रु एवम हीरो स्पेलेंडर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

छापामारी टीमःपु0अ0नि0 इंद्रेश कुमार! ह0 रामप्रवेश प्रसाद! सि0 293 राजेश पासवान! सि0 776 मनोज कुमार!

लग रहा है नगर निगम पटरी पर आ रहा है, वर्षो से बंद कचरा प्लांट आरंभ

मोतिहारी अशोक वर्मा , कटिहार । जमला रोड में वर्षों से बंद पड़े नगर निगम का कचरा प्लांट आज से फिर काम करना शुरू कर दिया।कुछ तकनीकी बाधाओं के चलते प्लांट बंद पड़ा हुआ था । नगर निगम की मेयर श्रीमती प्रीति कुमारी ,और उप मेयर डा लालबाबू ,नगर आयुक्त शंभू शरण एवं संबंधित अधिकारी काफी दिनों से जमला कचरा प्लांट को चालू करने की कवायद कर रहे थे, जिसका सकारात्मक परिणाम हुआ, जमला कचरा प्लांट फिर से चालू हो गया है। प्लांट में प्रतिदिन 15 से 20 गाड़ी कचरा का निस्तारण होगा जिससे जैविक खाद एवं तेल बनाया जाएगा ।

धूमधाम से निकाला गया जुलूस मोहम्मदी, लाखों लोगों ने जुलूस में लिया भाग

किशनगंज (अली रेज़ा सिद्दीकी) । आज अरबी तारिख 12 रबिउल अव्वल को आखरी पैगंबर मोहम्मद सल्ललाहु अलैइहे वसल्लम) के जन्मदिन के अवसर पर, ईद मिलाद-उन-नबी स0 बहुत ही पवित्रता और गरिमा के साथ मनाया गया। देश और बिहार राज्य के साथ-साथ किशनगंज जिला में भी भरपूर जोश व खरोश के साथ जश्न ईद मिलादूननबी मनाया गया। पूरे हर्षोल्लास के साथ लोगों ने मुहम्मदी जुलूस में शिरकत की ।आज सुबह से ही सभी मुस्लिम मोहल्ले और गांव रोशनी से नहा उठे. सभी जगहों पर मुहम्मदी जुलूस निकाला गया जिसमें बच्चे बुढे जवान सभी ने शिरकत की। किशनगंज जिले के सभी सात ब्लॉक, जिनमें किशनगंज, बहादुरगंज, टेढ़ागाछ, दिघल बैंक, ठाकुरगंज, कोचाधामन और पोठिया शामिल हैं में जुलूस मोहम्मदी को लेकर जबरदस्त खूशी की लहर पाई गई। किशनगंज जिले में महत्वपूर्ण जुलूस शहर के बज़्मे अदब उर्दू लाइब्रेरी चूड़ी पट्टी से सिरत कमिटि किशनगंज के सौजन्य से निकाला गया। जिसमें सौदागर पट्टी , गरीबान, मुहल्ला, गुल बस्ती, रूई धासा, खगरा, कसेरा पट्टी, मोती बाग कर्बला, सिटी तेघरिया, बकाली बस्ती और नवाबगंज आदि मोहल्लों के जुलूस एक साथ नारे तकबीर और विभिन्न इस्लामी नारों के साथ जुलूस विभिन्न राजमार्गों से गुजरा और वापस बज़्मे अदब चूड़ी पट्टी में समाप्त हुआ। जुलूस का नेतृत्व किशनगंज सांसद डॉ. जावेद आजाद, किशनगंज एमएलए इजहारूल हुसैन और वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अल्हाज जाहिदुर रहमान, मुहम्मद अली, असगर अली उर्फ पीटर, डॉ. शम्स इम्तियाज उर्फ सन्नी, मुहम्मद शमशेर उर्फ बाबू, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद दानिश इकबाल,नन्हे मुश्ताक, इमाम अली चिंटू एवम सीरत कमेटी के पदाधिकारियों ने किया। ईस जुलूस को लेकर किशनगंज जिला प्रशासन ने सूरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था किये थे जहां किशनगंज एसडीओ अमिताभ कुमार गुप्ता, एसडीपीओ गौतम कुमार, थाना अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह इत्यादि पदाधिकारी पूरी मुस्तैदी से लगे हुए थे। बहरहाल इस अवसर पर किशनगंज सांसद डाक्टर जावेद आज़ाद एवम किशनगंज विधायक इज़हारूलहुसैन ने मानवता का संदेश दिया और कहा कि पैगंबर मोहम्मद सल्ललाहोअलैइहे वस्सल्लम की तालिमात सारे इन्सानों की भलाई व बेहतरी के लिए है और हम इन तालिमात पर अमल करके ही एक अच्छे और सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं।

28 सितंबर 2023 को मिलाद उननबी का त्यौहार अररिया जिला में हरसोलाश के साथ मनाया गया

दैनिक शुभ भास्कर नेशनल रिपोर्टर सरफराज आलम अररिया । खासकर इस मौके पर कई पंचायत से मुस्लिम भाई अपने-अपने ट्रैक्टर फोर व्हीलर पर सैक्रो की तादाद में अररिया जिला पहुंचे जीरो माइल बस स्टैंड चांदनी चौक होते हुए सुभाष स्टेडियम पहुंचे जहां कुछ देर कुछ मौलाना ने नबी अकरम सल्ला वसल्लम पर बयान किया बताया कि हजूर के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए उनके बता हुए रास्ते पर शांति ही शांति है और हर धर्म को लेकर चलने का पैगाम देते हैं हजूर सल्ला वसल्लम दुश्मन को भी दोस्त बनाने मैं कामयाबी हासिल करते थे इसलिए उनके जन्मदिवस पर हम लोग जुलूस के शक्ल में शांति बहाल करने के लिए भाईचारा पैदा करने के लिए इस तरह का जुलूस निकालते हैं और जन्मदिवस मानते हैं मौके पर जो कि प्रखंड के चीरहा पंचायत के मुखिया शाहिद आलम ने बताया कि हजूर सलाह असलम के पैदाइश आज ही के दिन हुआ था इसलिए हम लोग जन्मदिवस मानते हैं वही रामपुर कोदरकटी के मौलाना रेसउद्दीन पूर्व सरपंच प्रतिनिधि आमिर उर्फ भोला युवा नेता सरफराज उर्फ गब्बर मौलाना आरफीन गुलाम मुस्तफा कादरी।

कटिहार नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के क्रम में अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा, कटिहार । नगर थाना कांड संख्या 711/22दिनांक, 27.09.23 धारा-30(ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के प्राथमिकी नामजद अभियुक्त विजल कुमार उम्र-19वर्ष पिता विपिन सहनी सा0-बनमनखी थाना-बनमनखी जिला-पूर्णिया को डी0 एस0 कॉलेज के सामने कुल-5.625 लीटर विदेशी शराब एवं महिंद्रा कंपनी के मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसे पूछताछ उपरांत जेल भेज दिया गया है।

छापामरी टीम : पु0अ0नि0 अखिलेश्वर सिंह, सि0 574 राजेश पंडित, सि0 571 अब्दुल खालिक, सि0 1037 मो0 सद्दाम!

कार्रवाई के बाद भी नहीं थम रहा अवैध शराब का कारोबार

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया । बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद भी साठी थाना क्षेत्र में अबैध शराब का धंधा बेखौफ फल फूल रहा है कारोबारीयों पर पुलिस की करवाई जप्ती व गिरफ्तारी तक ही सीमित है धन्धेबाज शराब के अबैध कारोबार से बाज़ बाज नही आ रहे है यही कारण है कि आए दिन चुलाई शराब बड़ी मात्रा में जप्त हो रही है अंग्रेजी शराब भी पकड़े जा रहे हैं सुबे के मुखिया नीतीश कुमार ने 2016 में पूर्ण रूप से शराबबंदी लागू की है उसके बावजूद भी शराब कारोबार चरम सीमा पर है। आपको बता दे की बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है लेकिन जगह-जगह शराब की बड़ी खेप पकड़े जा रहे हैं शराब पीने से मौते लगातार हो रही है। यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि एक जिले से प्रतिमाह लगभग हजारों लीटर देसी जुलाई शराब और अंग्रेजी शराब बरामद की जा रही है व शराब कारोबारी को जेल भेजा जा रहा है फिर भी शराब कारोबार अपनी चरम सीमा पर है।

साठी : थाना क्षेत्र के बसंतपुर तुर्की नाला के समीप 50 लीटर देसी जुलाई शराब के साथ एक कारोबारी को साठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है इस आश्य की जानकारी देते हुए साठी थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक उदय कुमार ने बताया कि बुधवार की दे रात्रि गुप्त सूचना मिली कि बसंतपुर गांव के तुर्की नाला के पास शराब रखा हुआ हैं। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई छापेमारी के दौरान कारोबारी सहित 50 लीटर देसी जुलाई शराब बरामद किया गया है। शराब कारोबारी की पहचान प्रमोद मुखिया पिता वीर बहादुर मुखिया वार्ड नंबर 01 बसंतपुर निवासी के रूप में की गई है जिन्हें बिहार मध्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए गुरुवार को बेतिया न्यायालय भेज दिया गया। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष उदय कुमार, दरोगा अरविंद कुमार सिंह, पीएसआई जैसल कुमार, जितेंद्र कुमार ओझा एवं चौकीदार सहित पुलिस बल मौजूद रहे।

मिट्टी संग्रह के लिए निकाली गई कलशयात्रा

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज। एसएसबी 44 वी बटालियन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के तहत गुरुवार को भव्य अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसएसबी 44 वी बटालियन ने नरकटियागंज, लौरिया, चनपटिया, बेतिया, गौनाहा एवं मैनाटाड़ ब्लॉक के कई गांव को शामिल किया गया हैं। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों नें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों के साथ स्कूल के बच्चे, शिक्षक व अन्य ने मिलकर गाँव के हर घर से मिट्टी संग्रह कर कलश में इक्कठा कर रहे हैं।वही एसएसबी द्वारा चलाई जा रही इस कार्यक्रम का लोगों ने सराहना करते हुए अपने-अपने घरों से एक-एक चुटकी मिटटी अमृत कलश में डाला । कार्यक्रम में पंचप्राण की शपथ दिलाने के बाद अमृत कलश यात्रा की शुरुआत की गई। माटी संग्रह कार्यक्रम को पूरा करने लक्ष्य 30 सितंबर रखा गया हैं। एसएसबी के कार्यवाहक कमाण्डेन्ट गोविंद कुमार ठाकुर ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में पञ्चप्रण शपथ, मेरी माटी मेरा देश थीम, देश भक्ति गीत, स्लोगन, राष्ट्रीय तिरंगा, म्युजिकल सिस्टम, बच्चों द्वारा बैंड प्रदर्शन, पैदल जागरूकता रैली इत्यादि द्वारा देश भक्ति के रंग में रंगते हुए कार्यक्रम को बहुत ही जोश व् उत्साह से आयोजित किया जा रहा हैं |

भुहरहवा दोन में भालू के हमले में किसान गंभीर रूप से हुआ जख्मी

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से निकलकर रिहायशी क्षेत्र में जानवर पहुंच रहे है। ताजा मामला दोन क्षेत्र का है।जहां एक किसान पर भालू ने हमला बोल दिया।भालू के हमले में किसान गंभीर रूप से जख्मी हो गया है।किसान को आनन-फनन में पीएससी हर्नाटांड़ में पहुंचाया गया।जहां स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए किसान को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल मे रेफर कर दिया गया है।घायल किसान की पहचान गोबरहीया थाना के भूरहवा दोन निवासी मनबहाली शर्मा (55) के रूप में की गई है।फ़िलहाल किसान की स्थिति नाजुक बनी हुई है।वही अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ केबीएन सिंह ने बताया कि घायल किसान की स्थिति नाजुक बनी हुई है और स्थिति को गंभीर देखते हुए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया।परिजनों ने बताया कि किसान खेत की निगरानी के लिए गए हुए थे इसी दरमियान मादा भालू अपने शावक के साथ घूम रही थी।किसान घूमते हुए खेतों में चला गया जहां भालू ने हमला बोल दिया।

शांतिपूर्ण माहौल में निकाली गई ईद ए-मिलाद उन नबी का जूलुस

शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत भितहा प्रखण्ड के विभिन्न गांवों से हर साल कि भांति इस साल भी गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ ईद ए- मिलाद उन नबी का जुलूस निकाला गया। जिसमे रुपही टाड़, धुनियापट्टी, रेडहा, खपटोला,पिपरहिया और भूइधरवा सहित दर्जनों गांवों से आपसी भाईचारे के साथ ईद ए- मिलाद उन नबी का जुलूस शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न किया गया। वही सुरक्षा कि दृष्टि से भितहा थानाध्यक्ष शाहिद अनवर अंसारी के नेतृत्व में प्रशासन की टीम पूरी तरह सजग रहा।

कटिहार पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश अनुसार विशेष वाहन चेकिंग

दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा, कटिहार । अभियान के क्रम में नगर थाना पुलिस को मिली बड़ी सफ़लता कांड संख्या-709/23 दिनांक-27.09.23 धारा-30(ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2018 के प्राथमिकी अभियुक्त 01.सूरज कुमार उम्र 23वर्ष पिता सुरेश राम साकिन हवाई अड्डा चौक थाना सहायक 02.सुमन कुमार उम्र 24 वर्ष पिता रामजी चौधरी स0-लक्ष्मी टोला डेहरिया थाना नगर दोनों जिला कटिहार को गिरफ्तार किया गया है।वहीं घटना में फिरार अभियुक्त 03.विशाल यादव उम्र 27 वर्ष पिता सीताराम यादव सा0-नया टोला थाना नगर जिला कटिहार की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है इस छापामारी में बरामदगी कुल 47.25 लीटर विदेशी शराब एवं एक टीवीएस कंपनी का अपाचे मोटरसाइकिल बरामद कर जप्त किया गया है।छापामारी टीमः-पुलिस अवर निरीक्षक अखिलेश्वर सिंह टाइगर मोबाइल के जवान मोहम्मद सद्दाम राजेश कुमार मोहम्मद खालिद रामप्रवेश सिंह सभी नगर थाना कटिहार शामिल थे!

आयोजन शिव बाबा का अवतरण हो चुका है और उनके द्वारा नई दुनिया की रचना की जा रही है

धाम में घोड़ासहन ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र द्वारा आध्यात्मिक प्रदर्शनी एवं शिव पार्वती की चैतन्य झांकी सजाई गई

मोतिहारी, अशोक वर्मा। ईश्वरीय ज्ञान फैलाने एवं मूल्य निर्माण के क्षेत्र में अथक सेवा करने वाली ब्रह्माकुमारी घोड़ासहन सेवा केंद्र की प्रभारी बीके मीरा बहन द्वारा पुरनहिया धाम मे आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर शिव और पार्वती की चैतन्य झांकी सजाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन उच्च विद्यालय पुरनहिया के प्राचार्य प्रभात कुमार, ज्ञान ज्योति विद्यालय के प्रेमचंद, सेवा केंद्र प्रभारी बीके मीरा बहन समाजसेवी नंदलाल जी, बरियारपुर सेवा केंद्र प्रभारी बी के गंगा बहन, सिमरनगढ़ खजानी के प्रभारी बीके जानकी बहन ने संयुक्त रूप से किया । प्रदर्शनी में आत्मा का परिचय ,कल्पवृक्ष ,सृष्टि चक्र, झाड़, शिव शंकर में अंतर ,सीढी, त्रिमूर्ति के अलावा राजयोग से अष्ट शक्ति की प्राप्ति के चित्र सजे हुए थे। उक्त अवसर पर शिव और पार्वती की अति आकर्षक चैतन्य झांकी सजी हुई थी। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सेवा केंद्र प्रभारी बीके मीरा ने कहा की भारत की भूमि पर आज से 88 वर्ष पूर्व शिव बाबा का अवतरण हो चुका है और उनके द्वारा नई दुनिया की रचना की जा रही है जिसके लिए भाग्यशाली ब्रह्मा बच्चे उनके सहयोगी बने हुए हैं।उन्होंने चित्र पर बताया कि 5000 वर्ष का चक्र है। चार युगों के रूप और कलप अवधि पर भी उन्होंने विस्तार से बताया। सिमरनगढ़ की बीके जानकी बहन ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था आज विश्व के 140 देश में मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का कार्य कर रही है बरियारपुर सेवा केंद्र प्रभारी बीके गंगा भवन ने कहा कि बीके अब परिचय की मोहताज नहीं क्योंकि 140 देशों में भारत का यह ज्ञान आज फैल चुका है। कार्यक्रम में उपस्थित रहने वालों में रोशनी कलिता एवं स्थानीय भाई बहन थे। अजूबा और अनोखा आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी एवं शिव पार्वती की चैतन्य झांकी को देखने काफी संख्या में लोग उमडे थे।

डीएम की काफिला को रोक छात्रों ने की शिकायत सौपा मांग पत्र

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया,नरकटियागंज । प्रखंड के साठी थाना क्षेत्र , स्थित भेड़िहरवा राजकीय मध्य विद्यालय के छात्रों ने बुधवार को डीएम का काफिला रोक दिया तथा जिलाधिकारी से विद्यालय प्रबंधन की शिकायत मौखिक व लिखित रूप से सौंप कर अपना आक्रोश जताया इस दौरान घंटे तक अफरा तफरी का माहौल कायम रहा, हुआ यू की भभटा गांव में बुधवार को जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय का जन संवाद कार्यक्रम था तय कार्यक्रम के तहत डीएम श्री राय भेड़ीहरवा रूपालिया मुख्य मार्ग से होकर जा रहे थे इसी क्रम में राजकीय मध्य विद्यालय भेड़िहरवा के छात्रों ने सड़क जाम कर दिया, पुलिस व पदाधिकारीयो ने छात्रों को बहुत समझाने की कोशिश की पर छात्रों ने किसी की नहीं सुनी और डी एम से मिलने की जिद पर अड़े रहे, छात्रों के जिद के सामने किसी की नहीं चली तब तक डी एम की गाड़ी वहाँ पहुंच गई और स्वयं डीएम श्री राय गाड़ी से उतरे और छात्रों के पास जाकर छात्रों की समस्या सुनी कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद छात्र शांत हुए इसके बाद जिला पदाधिकारी अपने कार्यक्रम की ओर रवाना हुए छात्रों का आरोप था कि विद्यालय के शिक्षक के द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है इसके अलावा विद्यालय में शौचालय की कमी तथा पठान पठान के संदर्भ में कई अनियमित का उजगार किया। वही इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने छात्रों को आश्वासन दिया कि आपकी समस्या को जल्द से जल्द निदान किया जाएगा।

त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने के तैयारियों के संबंध में दिए गए निर्देश

शुभ भास्कर, चंदौली। पुलिस अधीक्षक चन्दौली डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सदर/आपरेशन,संयुक्त निदेशक अभियोजन/शासकीय अधिवक्ता,समस्त क्षेत्राधिकारीगण,जिला आबकारी अधिकारी,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, सीएफओ/एफएसओ,प्रभारी जनपद नियंत्रण कक्ष, आरआई रेडियो,निरीक्षक अभिसूचना इकाई तथा समस्त थाना/शाखा प्रभारियों के साथ पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी की गई।आगामी पर्वों/त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आइजीआरएस व जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के डिफाल्टर से पूर्व की स्थिति में समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सभी संबंधित को सख्त निर्देश दिए गए। लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों व पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रकरण अत्यंत महत्वपूर्ण व शासन से सम्बंधित है। प्राप्त शिकायतों का अलग से रजिस्टर बनाकर उस पर अंकित किया जाए।विवादित प्रकरणों में निरोधात्मक कार्यवाही अवश्य की जाए। टॉप टेन सूची में शामिल अभियुक्तों की सतत निगरानी व उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही व पर्वों के दौरान संवेदनशीलता के दृष्टिगत छोटी सी छोटी घटनाओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए।यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु हिदायत दिया गया। लुटेरे, अवैध शराब व पशु तस्करों आदि पेशेवर अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी सतत निगरानी व सत्यापन करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए।अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे "आपरेशन त्रिनेत्र"के तहत ग्राम पंचायत एवं व्यापारी बन्धुओं व प्रतिष्ठान मालिकों, समाजसेवियों व अन्य लोगों से संग वार्ता कर/सामंजस्य बना अधिक से सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापित कराएं जाएं। शासन के निर्देशानुसार चिन्हित अपराधों में दोषियों को मा0 न्यायालय से सजा दिलाए जाने हेतु चलाए जा रहे "आपरेशन कन्विक्सन" के तहत अभियोजक व मानिटरिगं सेल द्वारा समन्वय बना प्रभावी पैरवी कर दिलाई जाए अधिकतम व अविलंब सजा। लम्बित विवेचनाओं व प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध कराया जाए तथा महिला/बालिकाओं से सम्बंधित अपराधों में गम्भीरता से कार्यवाही हेतु कड़े निर्देश दिए गए। सभी सम्बंधित को बिना नंबर प्लेट व त्रुटिपूर्ण नंबर प्लेट लगे वाहनों की सघन चेकिंग,रात्रि गश्त,पैदल गश्त हेतु सख्त निर्देश दिए गए।आमजनमानस के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न किया जाय सहित अन्य महत्वपुर्ण बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। 'महिला हेल्प डेस्क' पर 24 घंटे महिला पुलिसकर्मी तैनात रहे, महिलाओं व बालिकाओं की समस्या/शिकायत को गंभीरता से सुन प्रतिदिन प्राप्त प्रार्थना पत्रों की ससमय जांच कराते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। महिला सशक्तिकरण एवं उनकी सुरक्षा/सहायता हेतु उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित"मिशन शक्ति" अभियान के क्रम में महिला बीट अधिकारी 'शक्ति दीदी' द्वारा सार्वजनिक स्थानों/कस्बों/गांवों में चौपाल लगा तथा स्कूल/कालेजों में जाकर उन्हें जागरूक करते हुए उनकी हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराया जाए।एंटी रोमियो टीमों द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए मनचलों/अराजकतत्वों पर नज़र रखी जाए एवं ऐसे लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए।

ख़ास ख़बर

लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में मुख्यमंत्री को आने का दिया न्यौता

चहनियां चंदौली । कांवर में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में आयोजको ने मुख्यमंत्री व गोरख पीठ के पीठाधीश्ववर योगी आदित्यनाथ को महायज्ञ में आने का न्यौता आयोजको ने दिया है । पीठाधीश्वर ने न्यौता स्वीकार भी किया। कांवर गांव में महड़ौरी देवी मंदिर पर चतुर्मासा प्रबचन चल रहा है । 24 से 28 अक्टूबर तक लक्ष्मी नारायण महायज्ञ चलेगा । जिसमे देश के कोने कोने से सन्त महात्मा यहां पधारेंगे । यज्ञ परिक्रमा स्थल पर तैयारी जोरों पर चल रही है । मां महालक्ष्मी महडौरी देवी सिद्ध पीठ पर आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के संदर्भ में यज्ञ समिति द्वारा एक प्रतिनिधिमंडल स्वामी विष्णु विक्रम आचार्य जी महंत महालक्ष्मी महडौरी देवी सिद्ध पीठ कांवर तथा गृजेश सिंह प्रधान प्रतिनिधि कांवर ,आशुतोष पांडे तथा अमित यादव व अन्य सहयोगियों के साथ गोरख पीठ पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ से इस कार्यक्रम में पधारने हेतु आमंत्रण गोरखपुर जाकर दिया । जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आयोजको को कार्यक्रम में शामिल होने का वचन दिया । प्रधान प्रतिनिधि गृजेश सिंह ने बताया कि अतिशिघ्र में इस आयोजन में सम्मिलित होने का आदेश संबंधित जिलाधिकारी तक पहुंच जाएगा और उन्होंने इस महायज्ञ के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा इस कार्यक्रम में चातुर्मास व्रत के अनुष्ठान कर्ता स्वामी वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर जी से वार्ता की ।

खेत से चोर झटका मशीन की बैट्री चुरा ले गये

चहनियां-चंदौली । बलुआ थाना क्षेत्र के महुअरकला गांव में बीती रात चोरों ने रामप्रसाद पुत्र स्वर्गी जमादार सिंह का झटका मशीन व बैट्री चुरा ले गये । भुक्तभोगी ने महुअर चौकी इंचार्ज को तहरीर दी है । महुअर कला गांव के रहने वाले जमादार सिंह अपने खेत मे चारो तरफ तार से घेरकर झटका मशीन लगाये थे । जिससे जानवरो से फसलों का सुरक्षा हो सके । बीती रात चोर झटका मशीन व मशीन में लगा बैट्री को चुरा ले गये । करीब 14 हजार रुपये का सामान गायब कर दिया । खेत मालिक सुबह जब खेतो पर गये तो मशीन व बैट्री गायब देख सन्न रह गया । भुक्तभोगी ने बलुआ थाने में तहरीर दी है ।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर जी, के, पांडेय को कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव बनाया गया

डीडीयू नगर । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव व प्रदेश प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी जी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय जी के निर्देशन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर जी, के, पांडेय को कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव व डॉक्टर अनिल यादव को ओबीसी कांग्रेस का प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर कांग्रेस जनों में काफी हर्ष व्याप्त है। अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शाहिद तौसीफ ने कहा कि नव मनोनीत पदाधिकारी द्वय कांग्रेस के कर्मठ, निष्ठावान, सिपाही हैं, उनके पार्टी के प्रति कर्तव्य निष्ठा व समर्पण को देखते हुए पार्टी ने डॉक्टर जी के पांडेय व डॉक्टर अनिल यादव को यह जिम्मेदारी सौंपी है । शाहिद तौसीफ ने यह सूचना देते हुए कहा है कि 29 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे मुगलसराय शास्त्री पार्क में दोनों नव मनोनीत पदाधिकारी का काँग्रेस द्वारा स्वागत किया जाएगा

डीएम ने मनरेगा से चल रहे निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

शुभ भास्कर,चंदौली । जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे द्वारा विकास खण्ड शहाबगंज के ग्राम अमाव में मनरेगा से चल रहे निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। ग्राम अमाव में निर्माणाधीन राशन की दुकान के निरीक्षण के दौरान कार्य प्रगति पर पाया गया जिसपर जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी से जानकारी प्राप्त करते हुवे कहा की अब तक कितनी ग्राम पंचायत में राशन की दुकान का निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है।जिसपर खण्ड विकास अधिकारी ने बताया की अब तक शहाबगंज विकास खण्ड में कुल 6 जगहों पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुवे कहा की अभी प्रगति ठीक नही है जितना जल्दी हो सके शेष सभी गांव में राशन की दुकान का निर्माण कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करे,साथ ही क्वॉलिटी पर विशेष ध्यान दिया जाए किसी प्रकार की शिकायत न मिलने पाए।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एस एन श्रीवास्तव,जिला पूर्ति अधिकारी,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष क्षत्रबली सिंह,खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बारावफात के मौके पर मुस्लिम बन्धुओं ने निकाला जुलूस

शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर चन्दौली । मुस्लिम बंधुओं ने नगर में जुलूस निकाल कर खुशी जाहिर किया मौका था जश्न ईद मिलादुन्नबी का। आज ही के दिन बारह रबी अव्वल के दिन पैगम्बर हुजूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की पैदाइश हुई थी जो उर्दू कैलेंडर के हिसाब से रबी अव्वल महिने की बारह तारीख को हुई थी, उनकी पैदाईश अरब के मशहूर शहर मक्का मोअज्जमा में 570 ईस्वी में हुई थी वे मुस्लिम धर्म के आख़री नबी थे जिनका विशाल 25 मई 633 ईस्वी को हुआ था। आज के दिन दुनिया भर के विभिन्न देशों में पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्म दिन धूम धाम से मनाया जाता है। मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम जमी पर आए तो लोगों में अमन चैन का पैगाम लाया था। उनके आने से पहले दुनिया में चारों तरफ कतलो केताल जंगो जेदाल (कत्लेआम) मचा हुआ था। जब वह दुनिया में आए तो शांति अमन चैन का पैगाम लेकर आए थे हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई विभिन्न धर्म के लोग उनसे प्रेरित होकर इस्लाम धर्म कबूल किया, लोगों ने वहीं से मुस्लिम धर्म को बहुत तेज़ी से दुनियां भर में अपनाया था। इस दौरान जुलूस ए मोहम्मदी में हजारों की संख्या में मुस्लिम बन्धु समेत विभिन्न धर्म के लोग मौजूद रहें। जुलूस सुबह 08:00 बजे कसाब मुहाल मीनारा मस्जिद से निकाला गया जो काली मुहाल चौराहा,मुस्लिम महाल,शाहकुटी,लाठ नंबर 2,सब्जी मण्डी,जीटी रोड,धर्मशाला रोड होते हुए कसाब मुहाल चौराहे पर पहुंचने पर तकरीर ए बयान हुआ पुनः कसाब मुहाल मीनारा मस्जिद पर जाकर जुलूस सम्पन्न हुआ। इस दौरान लोग नातिया कलाम पढ़ते हुए झूम रहे थे लब्बबैक या रसूलल्लाह के नारे लगाते रहे।

जिलाधिकारी ने 'जल जीवन मिशन' अंतर्गत स्थलीय निरीक्षण किया

शुभ भास्कर, बबुरी,चंदौली। बबुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मवैया में जल जीवन मिशन अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फूंडे ने स्थलीय निरीक्षण किया,निरीक्षण के दौरान पम्प हाउस का कार्य लगभग पूरा पाया गया, पानी टंकी का निर्माण कार्य स्लैब लेबल तक पाया गया। जिलाधिकारी ने ग्राम मवाईयां में जा कर ग्रामीणों से बात चीत करते हुवे पानी के कनेक्शन का जायजा लिया। जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई।जिलाधिकारी ग्राम प्रधान से ग्रामीणों को जागृत करते हुवे शत प्रतिशत पानी के कनेक्शन करवाने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा बिजली के पोल के टूटने की शिकायत प्राप्त हुई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल अधि अभि विद्युत को फोन के माध्यम से जल्द ठीक करने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया की पानी टंकी का कार्य और पानी के कनेक्शन का कार्य जल्द ही पूर्ण कर पानी की सप्लाई प्रारम्भ कर दी जाएगी।जिलाधिकारी ने अधि अभि जल निगम को निर्देशित करते हुवे कहा मानक के अनुरूप कार्य कराया जाय काम की प्रगति अच्छी रखते हुवे गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री एस एन श्रीवास्तव, अधि अभि जल निगम , ग्राम प्रधान सहित अन्य सम्बन्धी अधिकारी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

कांग्रेसी जनों ने मनाई शहीद भगत सिह की 111वीं जयंती

शहाबगंज। गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस शहाबगंज कमेटी के नेतृत्व में गांधीनगर ग्राम सभा में बने शहीद स्मारक पार्क में कांग्रेस जनों ने शहीद भगत सिंह की 111वीं जयंती मनाई। जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए । ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश कुमार संत ने कहा भगत सिंह 28 सितम्बर 1907 को जिला लायलपुर (वर्तमान में फैसलाबाद ,पाकिस्तान में स्थित है) के गाँव बावली में जन्में थे। शहीदे भगत सिंह जो देश की आजादी के लड़ते हुए 23 मार्च 1931 को भगत सिंह ,राजगुरु और सुखदेव को ब्रिटिश हुकूमत में फांसी से लटका दिया था। संपूर्ण भारत देश को उनकी शहादत पर गर्व है। हम उनकी शहादत को शत् शत् नमन करते हैं। कार्यक्रम में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मोहम्मद आजम ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम अनन्त पांडेय ,जिला सचिव प्रेमचंद गुप्ता, परमानंद तिवारी ,श्याम सुंदर दुबे ,विकास चौबे ,रंगीला, उमेश, रोहित,नौशाद आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धाना शहीद से जश्ने ए ईद मिलाद पर जुलूस निकालते अमन कमेटी के लोग

धानापुर । धानापुर कस्बे में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के अवसर पर बृहस्पतिवार के दोपहर ईद मिलादुन्नबी के मुकद्दस मौके पर क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में बारावफात का जुलूस गांजे-बाजे और लाव लश्कर के साथ निकाला गया। सैकड़ों की संख्या में जुलूस में शामिल लोग इस्लामी झंडे और तिरंगे झंडे को हाथ में लेकर 'सरकार की आमद मरहबा' के नारे लगाते रहे। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक, ईद-ए-मिलाद तीसरे महीने में रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है। मिलाद-उन-नबी का पर्व इस्लाम धर्म के मुताबिक महत्वपूर्ण है। इस दिन इस्लाम के पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्म हुआ था। उन्होंने अल्लाह के संदेशों को सभी तक पहुंचाया। इस पर्व को नबी मुहम्मद के जीवन और उनके संदेश के प्रति समर्पित रूप से मनाया जाता है। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों में एकत्र होकर नमाज पढ़ते हैं। कहते हैं कि इस दिन पवित्र कुरान के पाठ से अल्लाह का रहम बरसता है। जुलुस निकलते समय राष्टगान हुआ उसके बाद लोग जुलूस मे शामिल हुए। जुलूस मे शामिल कमलाकांत मिश्रा,भाजपा जिलामहामंत्री जायसवाल, राजेश सिंह मिर्जापुर, ग्राम प्रधान रामजी मौर्या,देवेंद्र सिंह मुन्ना, व्यापार प्रकोष्ठ मण्डल संयोजक बिपीन प्रताप रस्तोगी, हसन खान,नसीम मास्टर, सतीश सेठ, शैलेशचन्द यादव, ,मु0खुर्शीद आलम,मु0 जफरुद्दीन (मकुनी),सिराजुद्दीन भुट्टो,सलीम निजाम,मु0 कमरेआलम,सकलैन अंसारी,मु0 जुनैद हाशमी,जितेंद्र पासवान, तालिख हसन,रितेश पासवान, आदि लोग जुलूस मे शामिल रहे।

बिना हेलमेट लगाए स्कूटी पर सवार होकर समर्थकों के साथ निकले जिलाध्यक्ष व विधायक

शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर । सड़यां भयो कोतवाल, तो अब डर काहे का" सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत एक तरफ पुलिस लोंगो को हेलमेट, सिटबेल्ट लगाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम कर रही। वहीं इसका पालन न करने वालों का चालान भी काट रही। लेकिन इस जागरुकता कार्यक्रम का खुद सत्तासीन पार्टी के विधायक व जिलाध्यक्ष मखौल उड़ा रहे है। नगर में पार्टी के विधायक रमेश जायसवाल व जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह एक ही स्कूटी पर सवार होकर भ्रमण पर • निकले। उनके साथ दर्जनों की संख्या में उत्साहित कार्यकर्ता दर्जनों मोटरसाइकिल से बिना हेलमेट बेखौफ चल रहे है। क्योंकि उन्हें न तो ट्रैफिक पुलिस का डर न ही सिविल का । मोटरसाइकिल का चालान तो कटना नही क्योंकि विधायक जी के साथ है। विधायक जी सफेद लकदक स्कूटी पर बीजेपी कलर से उस पर विधायक लिखा हुआ था। जिसे कुशल ड्राइवर की तरह चला रहे थे। उनके पीछे वर्तमान जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह भी बिना हेलमेट के बैठे थे।

खुशी आम आदमी पार्टी के लिये बेहद बुलंदियों भरा रहा, हर घर आम आदमी पार्टी की पहुंच हो गयी

उत्तर प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने चंदौली के वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष पाठक पर ही पुनः भरोसा जताया

चंदौली। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी राज्य सभा सांसद मा॰ संजय सिंह जी के निर्देश पर काशी प्रांत अध्यक्ष पवन तिवारी एड॰ द्वारा जारी की गयी काशी प्रांत के जिलाध्यक्षों की नई लिस्ट में संतोष कुमार पाठक एडवोकेट का नाम पुनः आने से आप चंदौली के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जनपद चंदौली के वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार पाठक को उनकी आम आदमी पार्टी के प्रति निष्ठा, ईमानदारी, जुझारूपन और पार्टी को खडा करने में कडी मेहनत को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने उन्हें जिला अध्यक्ष के रूप में निरंतरता प्रदान की है। आम आदमी पार्टी काशी प्रांत के जिला अध्यक्षों की जारी सूची में जिला अध्यक्ष चंदौली के पद पर संतोष पाठक एडवोकेट का नाम जारी किया गया है । गौरतलब है कि संतोष संतोष कुमार पाठक जनपद चंदौली में एक क्रांतिकारी, जुझारू और ईमानदार अधिवक्ता के रूप में जाने जाते हैं। वे आम आदमी पार्टी से अन्ना आंदोलन के समय से ही जुड़े हैं । जनपद चंदौली में जब आम आदमी पार्टी का गठन हुआ तो संतोष पाठक एड॰ आप पार्टी के पहले सदस्य बने। तब से लेकर लगातार आम आदमी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुंचाने का निरंतर कार्य संतोष पाठक एड॰ कर रहे हैं। विगत एक साल से संतोष कुमार पाठक आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हैं, उनके जिला अध्क्ष रहते आम आदमी पार्टी को चंदौली में अभूतपूर्व सफलता मिली। चंदौली नगर पंचायत के चुनाव में उनकी रणनिति, प्रचार व मेहनत की बदौलत भाजपा चेयरमैन का चुनाव हार गयी। चकिया नगर पंचायत के कई वार्डो में आम आदमी पार्टी के सभासद प्रतायशी दूसरे स्थानों पर रहे । संतोष पाठक के अध्यक्ष के रूप में एक साल का कार्यकाल आम आदमी पार्टी के लिये बेहद बुलंदियों भरा रहा, हर घर आम आदमी पार्टी की पहुंच हो गयी। जिससे आम आदमी पार्टी ने उनकी निरंतरता बनाते हुए पुनः नई लिस्ट जारी की है। वरिष्ठ अधिवक्ता कुशल वक्ता संतोष कुमार पाठक (एड॰) मूलतः चकिया तहसील के शहाबगंज ब्लॉक के अमांव गांव के रहने वाले हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा सकलडीहा तहसील के दिघवट ग्राम में रहकर हुई।

विशेष महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण अभियान के तहत किया जा रहा जागरूक

शुभ भास्कर,पीडीडीयू नगर । लाल बहादुर शास्त्री बालिका विद्यालय "मिशन शक्ति"अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता हेतु पूर्व में चलाए गए सफल अभियान के उत्साहवर्धक परिणामों के दृष्टिगत शासन के निर्देशानुसार मुख्यालय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, लखनऊ के आदेश के क्रम में पुनःविशेष महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है।जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना,पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नहीं आना पड़ेगा अपितु"शक्ति दीदी" नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जा रहा है।महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव की महिलाओं के साथ एक"शक्ति दीदी"के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त व सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।समस्या कोई भी हो कभी भी कहीं भी ग्रामीण महिलाएं "शक्ति दीदी"से निसंकोच बात कर सकती हैं।उसी क्रम में जनपद के विभिन्न गांवों में चौपाल लगा तथा विद्यालयों में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति(नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन)के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090,112,1076, 1098,108 आदि की विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर इनके प्रयोग हेतु बताया गया,साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई।सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर उन्हें जागरूक किया गया।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।